मास्क अप इंडिया

www.rojgarsamachar.gov.in
www.employmentnews.gov.in

सत्यमेव जयते

अंग्रेजी एवं उर्दू में भी प्रकाशित
वार्षिक शुल्क : ₹ 530

# रोज़गार समाचार


साप्ताहिक

Login to https://eneversion.nic.in/ to subscribe e-version @ ₹ 400 per annum

खंड 46 अंक 3 पृष्ठ 32 | नई दिल्ली 17 - 23 अप्रैल 2021 | ₹ 12.00

# कानूनी दस्तावेजों का डिजिटीकरण

डॉ. नकुल पराशर




कल्पना करें कि आपको बीस लाख से अधिक अदालती फैसलों का एक विशाल भंडार दिया गया हो, और बाद में इनमें से प्रत्येक मामले का सारांश लिखने को कहा गया हो. आप क्या करेंगे? क्या आप उन्हें एक-एक करके पढ़ना शुरू नहीं करेंगे और फिर उनमें से प्रत्येक का सारांश तैयार नहीं करेंगे. विभिन्न अदालतों से कानूनी मामलों के फैसले, और वह भी विशाल डेटा के रूप में, पढ़ना और विश्लेषण करना, क्या यह एक श्रमसाध्य और समय खपाऊ काम नहीं है. इस कार्य को पूरा करने के लिए बड़ी संख्या में विधि-स्नातकों और स्नातकोत्तरों की भर्ती करनी होगी. फिर उन्हें इन मामलों का अध्ययन करने और जांचने-परखने के लिए तैनात किया जाएगा. इन मामलों के कथित सारांश का एक अनूठा प्रारूप है, जो हेड नोट्स के रूप में लोकप्रिय है. शोध पत्रों में सारांश की तरह, हेड नोट एक तरह का सार-संक्षेपण है, जो पाठकों को किसी कानूनी मुद्दे के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी प्राप्त करने में सहायता करता है. हेड नोट शब्द से, ऐसा प्रतीत होता है कि यह किसी प्रकाशित और रिपोर्ट किए गए अदालती मामले का प्राक्कथन है. इस प्रकार, हेड नोट किसी शोध पत्र की भूमिका की तरह किसी अदालती मामले का सारांश है.

बहरहाल, चुनौती अभी भी बनी हुई है. किसी विशाल भंडार से मैन्युअल रूप से हेडनोट लिखना और अधिक कठिन हो जाता है क्योंकि प्रकाशित मामलों के फैसलों की संख्या रोज बढ़ती रहती है. मैन्युअल रूप से किसी हेडनोट को पढ़ने और प्रस्तुत करने में यह पाया गया है कि मामले के निर्णय की लंबाई के आधार पर, औसतन प्रति व्यक्ति, प्रति दिन, पांच हेडनोट्स की रिपोर्ट तैयार किए जा सकते हैं. निचली अदालतों के मामलों का आकार छोटा होता है और उच्च न्यायालयों के मामले बड़े होते हैं. संक्षेप में, मैन्युअल रूप से हेडनोट्स लिखना एक कठिन कार्य होगा, एक बेहद कठिन कार्य! कोई भी आसानी से यह गणना कर सकता है और सहज रूप से अनुमान लगा सकते हैं कि एक वर्ष में 20 लाख मामलों का भंडार पूरा करने के लिए, कितनी संख्या में प्रशिक्षित मानव संसाधन तैनात करने होंगे.

**क्या इस प्रक्रिया का डिजिटीकरण हो सकता है?**

इसका जवाब है हां. टीमों का गठन करने और एक विशेषज्ञ प्रणाली विकसित करने के लिए पिछले एक दशक में कई कानूनी डोमेन विशेषज्ञ और डेटा वैज्ञानिक साथ आए. यह विशेषज्ञ प्रणाली मामले के फैसले को पढ़ सकती है और उन क्षेत्रों की पहचान कर सकती है जो एक हेडनोट के कुछ क्षेत्रों से संबंधित हैं. एक बार संबंधित क्षेत्रों का सारांश तैयार करने और मुख्य प्रारूप के अनुसार विधिवत रूप से मिलान कर लेने के बाद, कार्यक्रमों का एक और सेट हेडनोट के अंतिम ढांचे को पूरा करता है.

इस विशेषज्ञ प्रणाली के विकास प्रक्रिया अभी भी चल रहा है क्योंकि स्रोत सामग्री की प्रकृति अत्यधिक भिन्न है, जिसका अर्थ है कि कोई भी दो मामले पूरी तरह से समान नहीं हैं. इसके अतिरिक्त, प्रत्येक निर्णय की सामग्री का स्वरूप अत्यधिक व्यक्तिपरक है. यह किसी भी गुंजाइश और आशा से परे पैटर्न मान्यता के माध्यम से प्रक्रिया के डिजिटीकरण की संभावना बनाता है. इस प्रकार, कार्यप्रवाह मशीन प्रशिक्षण मार्ग हासिल करता है, जहां सभी व्याख्यानों को किसी भी प्रकार से शुद्ध व्याख्यान प्रारूप में उच्चतम सटीकता के साथ परिवर्तित किया जाता है. इसका मतलब है कि व्याख्यान प्रारूप में डेटा रूपांतरण को चरित्र सटीकता के उच्चतम स्तर के लिए एकदम सही होना चाहिए. जब एक बार परिवर्तित पाठ तैयार हो जाता है, तो एआई टूल की मदद से यह पाठ स्वतः एक्सएमएल प्रारूप में परिवर्तित हो जाता है.

किसी समूह में आंकड़ों के उच्चतम स्तर वाला यह एक्सएमएल प्रारूप हासिल किए जाने वाले परिणामों की सटीकता का आधार है. इसका मतलब है कि मशीन को कोडिड टेक्स्ट को पढ़ने और वांछित सारांश/सार या इस मामले में तथाकथित हेडनोट निकालने के लिए प्रशिक्षित

(शेष पृष्ठ 2 पर)

## रोज़गार सारांश

### संलोसेआ

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2021 और भारतीय आर्थिक सेवा/भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा, 2021 की अधिसूचना जारी

पृष्ठ: 5

### अभाआसं

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर विभिन्न विभागों में संकाय पदों (ग्रुप 'ए') की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करता है.

अंतिम तिथि : प्रकाशन की तिथि से तीसवां दिन

पृष्ठ: 14

### एसईसीएल

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा **86** चिकित्सा कार्यपालकों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

अंतिम तिथि : 30.04.2021


पृष्ठ : 23

Follow us @Employ_News

facebook page
facebook.com/director.employmentnews

# सिविल सेवा साक्षात्कार के लिए तैयारी

एस बी सिंह




किसी भी नौकरी के लिए साक्षात्कार की तैयारी, इस बारे में उचित समझबूझ के साथ शुरू होनी चाहिए कि साक्षात्कार क्यों लिया जा रहा है. आईएएस साक्षात्कार के लिए यह और अधिक प्रासंगिक हो जाता है क्योंकि यह अधिक गूढ़ माना जाता है और इसके प्रति ज्यादा घबराहट तथा डर होता है. साक्षात्कार क्या है, इस सवाल का सीधा और सटीक जवाब यह है कि यह किसी नौकरी विशेष के लिए उम्मीदवार की उपयुक्तता की परख के लिए एक परीक्षा है. चूंकि हर काम के लिए उसका प्रकार, कौशल और जिम्मेदारियां अलग-अलग तरह की होती हैं. साक्षात्कार, इस परीक्षण की एक विधा है जिससे यह पता लगाया जा सकता है कि क्या किसी उम्मीदवार में वे सभी गुण हैं कि वह उस पद की जिम्मेदारियां निभा सके जिसके लिए उसका चयन होने वाला है. अधिकांश साक्षात्कारों में उम्मीदवार की विषय विशेष में विशेषज्ञता का परीक्षण करने की कोशिश की जाती है और इस प्रकार ये एक परिभाषित सीमा के भीतर आयोजित किए जाते हैं. उदाहरण के लिए- कॉरपोरेट नौकरी के लिए साक्षात्कार, सशस्त्र बलों के लिए साक्षात्कार या डॉक्टरों, नर्सों, इंजीनियरों, वैज्ञानिकों आदि पदों के लिए साक्षात्कार.

सिविल सेवा साक्षात्कार इस तरह के अधिकतर साक्षात्कारों से बिल्कुल अलग है. इसमें किसी भी विषय विशेष में विशेषज्ञता का परीक्षण नहीं किया जाता क्योंकि संघ लोक सेवा आयोग, इस परीक्षा के एक ही प्रारूप के तहत विभिन्न प्रकार की नौकरियों की पेशकश करता है जिसमें साक्षात्कार भी शामिल है. इस एक ही साक्षात्कार में आने वाले उम्मीदवारों को आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस, डाक सेवाओं, रक्षा लेखा सेवाओं जैसी सेवाओं के लिए चुना जाता है.

सिविल सेवा साक्षात्कार का उद्देश्य संघ लोक सेवा आयोग द्वारा इन शब्दों में उल्लिखित किया गया है: लोक सेवा में कैरिअर के लिए उम्मीदवार की व्यक्तिगत उपयुक्तता का आंकलन करना. दूसरे शब्दों में, साक्षात्कार बोर्ड यह आंकलन करेगा कि कोई उम्मीदवार देश की सिविल सेवाओं के लिए कितना उपयुक्त है.

**साक्षात्कार, अंतिम पड़ाव:** सिविल सेवा परीक्षा, तीन चरण की परीक्षा है. चयन की प्रक्रिया को पूरा करने में एक वर्ष से अधिक समय लगता है. यह प्रक्रिया प्रारंभिक परीक्षा से शुरू होती है, उसके बाद मुख्य परीक्षा और फिर अंत में साक्षात्कार होता है जिसे व्यक्तित्व परीक्षण के रूप में जाना जाता है. यदि आप इस अंतिम पड़ाव को पार करने में सक्षम हैं, तो आप समाज के एक विशिष्ट वर्ग का हिस्सा बनते हैं जिसमें आप सम्मान, प्रतिष्ठा, रुतबा और समाज में उच्च हैसियत हासिल करते हैं. दो कठिन परीक्षाओं- प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा को पास करने के बाद इस अंतिम पड़ाव तक पहुंचना साबित करता है कि आप एक सिविल सेवक बनने की राह पर हैं. समान रूप से उत्सुक लाखों प्रतियोगियों को पीछे छोड़ते हुए, आप उन चुनिंदा लोगों में शामिल होते हैं, जो सिविल सेवा के विशेष क्लब का हिस्सा बनने से पहले संघ लोक सेवा आयोग द्वारा लिए जाने वाले साक्षात्कार में शामिल होते हैं. यही बात इस साक्षात्कार को इतना महत्वपूर्ण बनाती है.

**चयन में साक्षात्कार की भूमिका:** अंकों की बात की जाए तो मुख्य परीक्षा के लिए आवंटित 1750 अंकों की तुलना में

(शेष पृष्ठ 30 पर)

(पृष्ठ 1 का शेष)

# कानूनी दस्तावेजों का डिजिटीकरण

किया गया है. मशीन को यह प्रशिक्षण आर-लैंग्विज जैसे विभिन्न सॉफ्टवेयर टूल्स का उपयोग करके दिया जाता है, जहां पर्ल-जैसे सामान्य प्रयोजन प्रोग्राम और नियमित अभिव्यक्तियां लिखी जाती हैं.

चूंकि इस सभी में उच्च क्रम के कॉम्बिनेटरिक्स शामिल हैं, इसलिए इस अभ्यास से सांख्यिकीय नियमों का एक बड़ा भंडार उत्पन्न होता है. जितना अधिक क्रम परिवर्तन और संयोजन लागू किया जा सकता है, उतना ही मशीन की सीखने की प्रभावकारिता होगी. इसका मतलब यह है कि इन नियमों के साथ जितना अधिक कंप्यूटर प्रशिक्षित किया जाता है, वह उतना ही वांछित सटीकता के करीब हो सकता है.

ऐतिहासिक रूप से, जब हेडनोट मैन्युअल रूप से तैयार किया जाता था, हेडनोट लेखकों ने हेडनोट के लिए प्रासंगिक भागों की पहचान करने की प्रक्रिया में इनपुट मामलों में एक पैटर्न स्थापित किया था. उदाहरण के लिए, यदि यह किसी उच्च न्यायालय से एक आपराधिक मामला था, तो एक सामान्य पैटर्न उन्हें पृष्ठ संख्याओं की एक निश्चित सीमा, आदि में होल्डिंग या संचालन भाग का पता लगाने में मदद करेगा. परन्तु, जब एआई का प्रयोग किया गया, तो इस तरह के स्वरुप की मान्यता सीमित संख्या में केवल एक संक्षिप्त तथ्य कथन के क्षेत्र के लिए प्रभावी थी. दिलचस्प है, संक्षिप्त तथ्य कथन का एक अनूठा प्रारूप है और इस प्रकार, उन्हें अनुक्रम में कई तत्वों में विभाजित किया जाता है.

हर मामले के लिए एक विशिष्ट पहचानकर्ता, अदालत जिसे वह अपीलकर्ता बनाम प्रतिवादी, कानून का क्षेत्र, विधान, कानून का प्रावधान, की वर्ड, तथ्य, मुद्दा, होल्डिंग, ऑबिटर डिक्टा के साथ विवाद और रेशो डेसिडेंडी में दर्ज करता है. इन बारह क्षेत्रों में से, आपका ध्यान इस बात की ओर जाएगा कि तथ्य, मुद्दे, और होल्डिंग हेडनोट के दिल और दिमाग हैं. दिलचस्प बात है, कि अन्य सभी फील्ड का सारांश प्लेस लोकेटर के माध्यम से निकाला जा सकता है. ये तीनों किसी भी हेडनोट लेखक के लिए प्रमुख चुनौती बने हुए हैं क्योंकि इन ग्रंथों से संबंधित सामग्री का स्वरूप पूरी तरह से व्यक्तिपरक है.

कार्यानुभव से, सामग्री के निष्कर्ष की उच्च सटीकता, तथ्य, मुद्दे, और मामले की होल्डिंग को छोड़कर अन्य नौ क्षेत्रों में रिपोर्ट की गई थी. रिपोर्ट के कानूनी मामलों से सही डेटा निकालने के लिए डेटा वैज्ञानिकों और कानूनी विशेषज्ञों की टीमें दिन-रात काम कर रही हैं.

इस प्रकार इस उपयोग के मामले में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को लागू करने की यह कवायद तीन प्रमुख परिणाम - सामग्री वर्गीकरण, निष्कर्षण और अंत में संक्षेपण, प्रदान करती है. हम सभी जानते हैं कि सामग्री सर्वोपरि है, और सामग्री के लिए डिजिटीकरण लागू करने से हमें कई अन्य अनुप्रयोगों में भी इसे लागू करने में मदद मिल सकती है. यदि सामग्री एक समान नहीं है और प्रकृति में भिन्न है तो यह चुनौती और बड़ी हो जाती है.

कानूनी डोमेन, इस तरह तेजी से विकसित सामग्री पर आधारित है, जो विशाल है, और एक समान नहीं है. इस चुनौती ने इस प्रकार एक बड़े उद्योग को जन्म दिया है, जिसे कानूनी प्रक्रिया आउटसोर्सिंग या कानूनी प्रसंस्करण कहा जाता है, जो वकीलों और न्यायाधीशों के कानूनी समुदाय, पैरा-क़ानूनी डोमेन, कॉरपोरेट्स में काम करने वाले पेशेवरों, जो बौद्धिक और संपत्ति अधिकारों, और कानूनी सामग्री एग्रीगेटर्स और प्रकाशक आदि में काम करता है.

कानूनी प्रक्रिया एक प्रमुख अनुप्रयोग क्षेत्र है जहां कई कारणों से एआई के प्रयोग की अत्यधिक मांग है. अदालत में केस लड़ते समय प्रासंगिक मामलों/पूर्ववर्ती स्थिति में हुए मामलों की सामग्री की खोज के लिए कई बार, न्यायाधीशों और वकीलों को सामग्री के एक बड़े भंडार में से ढूंढ़ने के लिए संघर्ष करना पड़ता है. इसी तरह, पेटेंट और ट्रेडमार्क के मामलों में, वकीलों की मदद के लिए एआई का अनुप्रयोग अत्यधिक महत्वपूर्ण और प्रासंगिक है, विशेष रूप से जब आवश्यक हो और सामग्री के प्रासंगिक हिस्से कम से कम समय में खींचे जाने हों. इसका मतलब है कि एक बहुत ही कम समय में, सही और त्वरित निर्णय के लिए अत्यधिक सही और सटीक डेटा को विधिवत निष्कर्षित किया जाना चाहिए.

वास्तव में, यह इतना सरल नहीं है जितना कि समझा जाता है. मामले के निर्णय को सारांशित करने के अलावा एक और बड़ी चुनौती इसका वर्गीकरण है. कानूनी मामलों को कई प्रकारों में विभाजित किया जाता है, वे कई अदालतों से आते हैं, आदि, और इस प्रकार तेजी से विकसित होने वाले कानूनी सामग्री प्रबंधन डोमेन के लिए वस्तुरूप विज्ञान को विकसित करने में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के अनुप्रयोग की आवश्यकता होती है.

बहरहाल, यह एक बड़ी कहानी का ट्रेलर मात्र है. वैश्विक स्तर पर, कानूनी उद्योग के पास एक तरफ विरासत की कानूनी सामग्री के डेटा भंडार होते हैं और दूसरी ओर इसी तरह की सामग्री का बड़ी मात्रा में उत्पादन जारी रहता है, और वह भी दैनिक आधार पर. इसका स्पष्ट अर्थ है कि यह डोमेन कानून, बौद्धिक संपदा, पेटेंट और ट्रेडमार्क, सामग्री प्रबंधन, डेटा विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी में डोमेन विशेषज्ञों के लिए नौकरियों और अवसरों की एक बड़ी खान है.

हां, यह कानूनी सामग्री प्रबंधन सेवाओं की तेजी से बढ़ती दुनिया है, जिसने राष्ट्रीय सीमाओं को पार कर लिया है और किसी भी अन्य निर्यात आउटसोर्सिंग व्यवसाय की तरह बहुराष्ट्रीय स्थिति प्राप्त की है. देश के भीतर उत्पन्न आंकड़ों के अलावा, हमारे आईटी और कानूनी संसाधन विदेशी बाजार की बड़ी जरूरत के लिए भी उपयोगी साबित हुए हैं. कई कानूनी स्नातकों और स्नातकोत्तरों ने बड़े कानूनी सामग्री एग्रीगेटर्स और प्रकाशकों के माध्यम से कानूनी सामग्री प्रबंधन सेवाओं में कॅरिअर बनाया है.

बड़ी संख्या में मानव संसाधन के काम में लगे होने के बावजूद, इस उद्योग में अभी भी राष्ट्रीय डेटा के उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधनों की कमी है. राष्ट्रीय सामग्री के अलावा, निर्यात कानूनी प्रक्रिया आउटसोर्सिंग उद्योग भी फल-फूल रहा है. पश्चिमी देशों से, कई कानून सेवाएं देने वाले प्रतिष्ठान और एग्रीगेटर्स, विशेष रूप से अमरीका, कानूनी संसाधनों और आईटी पेशेवरों के लिए दस्तावेज़ समीक्षा, कानूनी प्रतिलेखन, ई-खोज, दुर्घटना रिपोर्ट, हेडनोट्स/सारांश, प्रलेखन और अन्य क्षेत्रों में लगातार काम के अवसर प्रदान कर रहा है.

निजी क्षेत्र में, चार बड़ी लेखा फर्मों (केपीएमजी, ई एंड वाय, डेलॉइट एंड पी डब्लू सी) के अलावा, लीक्सिसनेक्सिस, थॉमसन रॉयटर्स, क्लूवर और जैसे कई अन्य कानूनी कंटेंट एग्रीगेटर्स संभावनाशील नौकरी प्रदाता हैं, जो नियमित रोज़गार और फ्रीलांस असाइनमेंट के रूप में रोज़गार प्रदान करते हैं.

एलपीओ (लीगल प्रोसेस आउटसोर्सिंग) की दुनिया आशाजनक लगती है और नए सामान्य में, जहां वर्क-फ्रॉम-होम पसंदीदा विकल्प लगता है, यह डोमेन उपयुक्त रूप से अच्छी तरह से फिट बैठता है. लब्बोलुआब यह है कि अगर कानूनी पृष्ठभूमि वाले किसी व्यक्ति का डेटा साइंस की ओर झुकाव है, तो यह संयोजन भविष्य में उसके/उसकी आजीविका के लिए बहुत फायदेमंद सिद्ध हो सकता है. भारत इस मामले में अग्रणी रहा है क्योंकि हमारे यहां अधिक से अधिक डोमेन विशेषज्ञ हैं, जो डेटा विज्ञान की होनहार दुनिया में कॅरिअर अपग्रेड के लिए आवेदन कर रहे हैं.

**(लेखक विज्ञान प्रसार, नई दिल्ली के निदेशक हैं. ई-मेलः director@vigyanprasar.gov.in)**

**व्यक्त विचार व्यक्तिगत हैं.**

**(चित्रः गूगल के सौजन्य से)**

अब प्रिंट संस्करण और ई-बुक संस्करण उपलब्ध

भारत 2021




भारत के प्रांतों, केंद्रशासित प्रदेशों, भारत सरकार के मंत्रालयों और विभागों तथा नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की आधिकारिक जानकारी देने वाला

वार्षिक संदर्भ ग्रंथ

मूल्यः प्रिंट संस्करण ₹ 300/- ई-बुक संस्करण ₹ 225/-

पुस्तकें खरीदने के लिए प्रकाशन विभाग की वेबसाइट : www.publicationsdivision.nic.in पर जाएं

ई-बुक एमेज़ॉन और गूगल प्ले पर उपलब्ध

देश भर में प्रकाशन विभाग के विक्रय केन्द्रों और पुस्तक विक्रेताओं से भी खरीद सकते हैं

ऑर्डर के लिए संपर्क करें :
फोन : 011-24365609
ई-मेल : businesswng@gmail.com
हमारी पुस्तकें ऑनलाइन खरीदने के लिए कृपया www.bharatkosh.gov.in पर जाएं।

प्रकाशन विभाग
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,
भारत सरकार
सूचना भवन, सी जी ओ कॉम्पलेक्स,
लोधी रोड नई दिल्ली -110003
वेबसाइट : www.publicationsdivision.nic.in

ट्विटर पर फॉलो करें @DPD_India

## महत्वपूर्ण सूचना

मंत्रालयों/सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों से अनुरोध है कि वे बेहतर समन्वय तथा प्रमाणीकरण के लिए रोज़गार समाचार में अपने विज्ञापन के प्रकाशन हेतु अपने अनुरोध के साथ संपर्क व्यक्ति का नाम एवं पदनाम, दूरभाष संख्या तथा मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी उपलब्ध करायें. इन विवरणों की अनुपस्थिति में रोज़गार समाचार के लिए आपके विज्ञापन को प्रकाशित कर पाना संभव नहीं हो सकेगा.

# कोल इंडिया लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)
(एक महारत्न कंपनी)

## चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती

भर्ती विज्ञापन क्रमांक : सीआईएल/डब्ल्यूसीएल/1164/2021

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) एक अनुसूची ए, "महारत्न", भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा अपने एवं अपनी अनुषंगी कम्पनी वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के लिए, सीनियर मेडिकल स्पेशलिस्ट (ई 4 ग्रेड)/मेडिकल स्पेशलिस्ट (ई 3 ग्रेड)/सीनियर मेडिकल ऑफिसर (ई 3 ग्रेड) के 44 पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। पात्रता मापदंड, पदों की संख्या, आयु, आरक्षण, आवेदन करने की प्रक्रिया, चयन प्रक्रिया, आदि की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया http://www.westerncoal.in/ पर विज्ञापन देखें।

| महत्वपूर्ण तिथियां | |
|---|---|
| आवेदन जमा करने की आरंभिक तिथि | 10-04-2021 |
| आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 30-04-2021 |

इस भर्ती से संबंधित किसी भी संशोधन/परिवर्तन के बारे में केवल सीआईएल/डब्ल्यूसीएल वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा। कानूनी अधिकार क्षेत्र कोलकाता में ही होगा। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए 0712-2512352 (सभी कार्य दिवसों पर सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक) और ईमेल आईडी : hrrecruitment.wcl@coalindia.in पर संपर्क करें।

महाप्रबंधक
(कार्मिक)

रो.स. 3/65

# ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

## मेडिकल एग्ज़ीक्यूटिव की भर्ती

भर्ती विज्ञप्ति सं. : ईसीएल/सी-5(डी)/ईई/मेड. रिक्रूट-2021/713 दिनांक 08-04-2021

**आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तारीख: 30.04.2021**

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल)- कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक अनुसूची 'ए' 'महारत्न' सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम द्वारा ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सीआईएल/ईसीएल के लिए सीनियर मेडिकल स्पेशलिस्ट (ई4ग्रेड)/मेडिकल स्पेशलिस्ट (ई3 ग्रेड)/सीनियर मेडिकल ऑफिसर (ई3 ग्रेड) तथा सीनियर मेडिकल ऑफिसर (डेंटल) (ई3 ग्रेड) के 75 (पचहत्तर) रिक्त पदों को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। पात्रता के मानदंड, पदों की सं., उम्र, आरक्षण, आवेदन करने की प्रक्रिया, चयन की प्रक्रिया इत्यादि के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कृपया www.coalindia.in तथा http://easterncoal.gov.in/notice/recruitmentheader.aspx पर विस्तृत विज्ञप्ति देखें।

**महत्वपूर्ण तिथियां :** i. आवेदन जमा आरम्भ होने की तारीख : 10.04.2021 से
ii. आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख: 30.04.2021

इस भर्ती से संबंधित कोई भी संशोधन/बदलाव सिर्फ सीआईएल की वेबसाइट पर विज्ञापित किया जाएगा। वैधानिक क्षेत्राधिकार सिर्फ कोलकाता होगा। किसी भी तरह के प्रश्न के लिए कृपया हमें (9434790329) (सभी कार्यकारी दिवस को सुबह 10.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक) तथा ईमेल आईडी: hodee.ecl@coalindia.in पर सम्पर्क करें।

उप महाप्रबंधक (पी/ईई)
ईसीएल, संक्टोरिया, डाकघर: दिशहरगढ़,
जिला: पश्चिम बर्दवान (प.बं.) 713333

कृपया देखें हमारी वेबसाइट: www.easterncoal.nic.in

रो.स. 3/64

# ग्रुप 'सी' पद पर सिविल स्टाफ की भर्ती

## सैन्य भर्ती कार्यालय, नागपुर रक्षा मंत्रालय के अधीन केंद्र सरकार का विभाग

### रोज़गार सूचना सं.-सिविल/3121/स्थापना/2021

1. निम्नलिखित पदों हेतु भारतीय नागरिकों से आयु, शैक्षिक अर्हता, अनुभव, व्यवसाय जाति, चरित्र, अधिवास के समर्थन में प्रमाणपत्रों/अनुसंशा पत्रों की फोटोकॉपियों तथा किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित पासपोर्ट आकार के हाल के फोटो (5 सेंमी. x 3.5 सेंमी.) के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित हैं. दिये गये प्रारूप के अनुसार सभी तरीके से पूर्ण आवेदन **10 मई, 2021 को 1600 बजे** तक सैन्य भर्ती कार्यालय, रेलवे स्टेशन के सामने, नागपुर महाराष्ट्र, पिन-440001 के पास पहुंच जाना चाहिए. **10 मई, 2021** के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा.

**(क) 01 मल्टी टास्किंग स्टाफ (संदेशवाहक), अनारक्षित, (ख) 01 मल्टी टासकिंग स्टाफ (सफाईवाला), अनारक्षित.**

2. पदों के विवरण निम्नवत होंगे :-

| पदों का नाम | पदों की संख्या | वेतनमान | उम्र | शैक्षिक अर्हता तथा अनुभव | स्वास्थ्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 मल्टी टास्किंग स्टाफ (संदेशवाहक) | 01 अनारक्षित | सातवें वेतन मैट्रिक्स स्तर एक रु. 18000-56900/- | 18 से 25 वर्ष (केंद्र सरकार द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों के अनुसार सरकारी सेवानिवृत सेवकों हेतु 35 वर्ष तक शिथिलनीय) | मैट्रिक या समकक्ष | चयनित उम्मीदवारों को निर्धारित चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा आयोजित चिकित्सा परीक्षा देने के लिए बुलाया जायेगा. |
| 01 मल्टी टास्किंग स्टाफ (सफाईवाला) | 01 अनारक्षित | | | | |

3. प्रक्रिया कार्यक्रम निम्नांकित होंगे :

(क) जांच परीक्षा (ख) लिखित परीक्षा (ग) चिकित्सा (घ) साक्षात्कार.

4. चयन के आधार पर अधिकारी बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा. चयन प्रक्रिया की कार्यविधि के संदर्भ में किसी शिकायत पर विचार नहीं किया जायेगा. साक्षात्कार/पद हेतु याभ/दैभ देय नहीं होंगे और उम्मीदवारों को साक्षात्कार की अवधि के दौरान भोजन आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी.

## आवेदन प्रारूप

सेवा में
निदेशक भर्ती, सैन्य भर्ती कार्यालय, रेलवे स्टेशन के सामने
नागपुर महाराष्ट्र, पिन-440001

1. रोजगार सूचना सं. :..........
2. पद का नाम :..........
3. पंजीकरण सं. तथा रोजगार कार्यालय का नाम :..........
4. उम्मीदवार का पूरा नाम, स्पष्ट बड़े अक्षरों में :..........
5. पिता का नाम :..........
6. जन्म तिथि :..........
7. घर का पता :..........
8. वर्तमान पता :..........
9. शैक्षिक अर्हता :..........
10. व्यावसायिक अर्हता/अनुभव :..........
11. जाति/श्रेणी (सामा./अजा./अजजा./अपिव):..........
12. राष्ट्रीयता :..........

विधिवत सत्यापित पासपोर्ट आकार का हाल का फोटो (5 सेंमी. x 3.5 सेंमी.)

दिनांक :..................2021 आवेदक के हस्ताक्षर

डीएवीपी 10601/11/0001/2122 रो.स. 3/58

# नई दिल्ली नगरपालिका परिषद

## पालिका केंद्र, नई दिल्ली

### सचिव की स्थापना शाखा

विषय: उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम (सीजीआरएफ), नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) में बिजली अधिनियम, 2003 के तहत 01 सदस्य की नियुक्ति.

दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (उपभोक्ताओं और लोकपाल की शिकायतों के निवारण के लिए मंच) के नियमों, 2018 के संदर्भ में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (NDMC) के उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में 01 **सदस्य** की प्रत्याशित रिक्ति को भरने के लिए योग्य उम्मीदवार से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं.

**1. नियुक्ति के लिए पात्रता के संबंध में सामान्य शर्तें:**

**1.1** एक सदस्य, किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री रखने वाला व्यक्ति और कानूनी मामलों से निपटने में कम से कम 20 वर्ष का अनुभव रखने वाला व्यक्ति हो सकता है.

**1.2 आयु सीमा :** रिक्ति जारी करने की तिथि पर आवेदक की आयु इस तरह होगी कि वह फोरम में कम से कम तीन वर्ष के एक कार्यकाल तक सेवा कर सके.

यदि कोई व्यक्ति 67 वर्ष की आयु तक पहुंच गया हो तो कोई भी व्यक्ति फोरम पर नियुक्त नहीं होगा या ना ही सदस्य बना रहेगा.

**2. सेवा के अन्य नियम एवं शर्तें:**

**2.1** सदस्य 1,00,000/- प्रति माह (केवल एक लाख रुपये) (प्रति वर्ष 5% वेतन वृद्धि के साथ) के समेकित वेतन का हकदार होगा. इसके अतिरिक्त, ड्राइवर के साथ एक कार आधिकारिक प्रयोजनों के लिए वितरण लाइसेंसधारी द्वारा सदस्य को प्रदान की जाएगी. कोई अन्य भत्ता नहीं होगा.

**3. आवेदन जमा करने की शुरुआत 26.03.2021 से होगी.**

4. एनडीएमसी की वेबसाइट **www.ndmc.gov.in** पर आवेदन का प्रारूप (अनुलग्नक- I & II) और पदों के लिए आयु, योग्यता, अनुभव, और पात्रता की अन्य शर्तों आदि के बारे में विवरण उपलब्ध हैं. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **30.04.2021** है.

(आर. पी. सती)
निदेशक (कार्मिक)
टेलीफोन : 23364210

रो.स. 3/1

सं. ए-32014/02/2019-स्था.

भारत सरकार

# उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

## खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग

## शर्करा एवं वनस्पति तेल निदेशालय

### रिक्ति परिपत्र

शर्करा एवं वनस्पति तेल निदेशालय, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में **लेखा तथा सांख्यिकीय अधिकारी**, सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख', राजपत्रित, अलिपिक-वर्गीय पद की तीन रिक्तियों को वेतन सांचा के स्तर-6 (रु. 35,400-1,12,400) के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) द्वारा भरने के लिए पात्र अधिकारियों से आवेदनपत्र आमन्त्रित किये जाते हैं. पद के विवरण, पात्रता शर्तें इत्यादि विभाग की वेबसाइट **www.dfpd.nic.in** से देखी जा सकती हैं.

2. केवल ऐसे अधिकारियों/उम्मीदवारों के आवेदन पत्रों पर विचार किया जायेगा जो उचित माध्यम द्वारा प्रेषित तथा निम्नलिखित द्वारा संलग्न किये गये हैं:-

(i) * जीवनवृत्त नियोक्ता/कैडर नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन के साथ.

(ii) विगत (5) वर्षों हेतु एसीआर/एपीएआर की फोटोप्रतियां प्रत्येक पृष्ठ पर निम्नतम अवर सचिव पदस्तर के एक अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित.

(*) वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप के अनुसार.

3. उपयुक्त एवं पात्र अधिकारियों के आवेदनपत्र, जिन्हें चयन की स्थिति में तत्काल अतिरिक्त किया जा सकता है, सीधे तौर पर **अवर सचिव (प्रशा.), शर्करा एवं वनस्पति तेल निदेशालय, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, (कमरा सं. 583-ए) कृषि भवन, नई दिल्ली-110001 के पास रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के निर्गम/प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों की अवधि के अन्दर प्रेषित किये जा सकते हैं.**

अवर सचिव (प्रशा.)
शर्करा एव वनस्पति तेल निदेशालय

रो.स. 3/18

# संघ लोक सेवा आयोग

## इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2021

संघ लोक सेवा आयोग दिनांक 18 जुलाई, 2021 (रविवार) को इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2021 आयोजित करेगा. यह परीक्षा देशभर के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाएगी. परीक्षा संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट [https://upsc.gov.in] पर 07 अप्रैल, 2021 को उपलब्ध हो जाएगी. इंजीनियरी सेवा प्रधान परीक्षा 10 अक्टूबर, 2021 को आयोजित की जाएगी.

**उम्मीदवारों को https://upsconline.nic.in पर केवल ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करना है. किसी दूसरे माध्यम द्वारा आवेदन करने की अनुमति नहीं है. पात्रता की शर्तों, परीक्षा की योजना एवं पाठ्यक्रम, परीक्षा केंद्र, आवेदन प्रपत्र भरने के लिए अनुदेश आदि के विषय में विस्तृत जानकारी के लिए उम्मीदवार विस्तृत परीक्षा नोटिस का अवलोकन करें.**

**"सरकार ऐसे कार्यबल के लिए प्रयत्नशील है जिसमें पुरुष तथा महिला उम्मीदवारों की संख्या में संतुलन बना रहे तथा महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है."**

रो.स. 3/44

# संघ लोक सेवा आयोग

## भारतीय आर्थिक सेवा / भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा, 2021

संघ लोक सेवा आयोग दिनांक 16 जुलाई, 2021 से भारतीय आर्थिक सेवा/भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा, 2021 का आयोजन करेगा. भारतीय आर्थिक सेवा एवं भारतीय सांख्यिकी सेवा के कनिष्ठ समय वेतनमान में रिक्तियों को भरने के लिए परीक्षा देशभर के विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी.

उम्मीदवारों को **https://www.upsc.online.nic.in** पर केवल ऑनलाइन मोड द्वारा आवेदन करना है. किसी दूसरे मोड द्वारा आवेदन करने की अनुमति नहीं है. पात्रता की शर्तों, परीक्षा का पाठ्यक्रम एवं योजना, परीक्षा केन्द्र, आवेदन प्रपत्र भरने के लिए अनुदेश आदि के विषय में विस्तृत जानकारी के लिए उम्मीदवार आयोग की वेबसाइट पर परीक्षा के विस्तृत नोटिस, जो कि 07 अप्रैल, 2021 से निम्नलिखित पथ पर उपलब्ध होगा, का अवलोकन करें:-

**https://www.upsc.gov.in .... Examinations ..... Active Examinations**

रो.स. 3/47

# एमएसएमई- टूल रूम, हैदराबाद

**(केंद्रीय टूल डिज़ाइन संस्थान)**
**(भारत सरकार की एक समिति, एमएसएमई मंत्रालय)**
**बालानगर, हैदराबाद, पिन-500037**

## डिप्लोमा पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम विवरण | प्रवेश हेतु पात्रता | आयु सीमा | अध्ययन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | टूल, डाई एवं मौल्ड मेकिंग में डिप्लोमा (डीटीडीएम) | 10वीं उत्तीर्ण सामान्य हेतु 50% तथा अजा/अजजा हेतु 45% के साथ. | न्यूनतम 15 वर्ष अधिकतम 19 वर्ष | 4 वर्ष |
| 2. | इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार अभियांत्रिकी में डिप्लोमा (डीईसीई) | 10वीं उत्तीर्ण | अधिकतम 19 वर्ष | 3 वर्ष |
| 3. | ऑटोमेशन एवं रोबोटिक्स अभियांत्रिकी में डिप्लोमा (डीएआरई) | | | 3 वर्ष |
| 4. | उत्पादन अभियांत्रिकी में डिप्लोमा (डीपीई) | | | 3 वर्ष |

आवेदन प्रपत्र हमारी वेबसाइट **www.citdindia.org** से लिंक 'डिप्लोमा प्रवेश अधिसूचना-2021' के अधीन डाउनलोड किया जा सकता है अथवा सीआईटीडी प्रवेश डेस्क से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से अप. 05.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है.

**कैसे आवेदन करें: द्रुत डाक अथवा कोरियर द्वारा :** भरे गये आवेदन प्रपत्र आवश्यक प्रलेखों, फोटो तथा आवेदन शुल्क के साथ प्रधान निदेशक, सीआईटीडी, बालानगर, हैदराबाद-500037 के पास प्रेषित किये जा सकते हैं.

**सीआईटीडी में हाथ द्वारा :** भरे गये आवेदन प्रपत्र आवश्यक प्रलेखों, फोटो तथा आवेदन शुल्क के साथ किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से अप. 05.00 बजे तक सीआईटीडी प्रवेश डेस्क पर जमा किये जा सकते हैं.

**आवेदन शुल्क के भुगतान की प्रणाली : 'आवेदन शुल्क रु. 700/- सामान्य संवर्ग के लिए तथा रु. 350/- अजा/अजजा संवर्ग हेतु'.** प्रधान निदेशक, सीआईटीडी, हैदराबाद के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट द्वारा. **www.citdindia.org** पर ऑनलाइन द्वारा (ऑनलाइन भुगतान के विस्तृत सोपान विवरणिका से प्राप्त किये जा सकते हैं)

महत्वपूर्ण तिथियां :

- आवेदनपत्रों की उपलब्धता : **25.02.2021 (वृहस्पतिवार)**
- भरे गये आवेदनपत्र प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि : **22.05.2021 (शनिवार)**
- प्रवेश परीक्षा की तिथि (अनंतिम) : **30.05.2021 (रविवार)**
- प्रवेश परीक्षा हेतु केंद्र : **हैदराबाद**

**अन्य विवरण हमारी वेबसाइट पर लिंक 'डिप्लोमा प्रवेश अधिसूचना-2021' के अधीन उपलब्ध विवरणिका से प्राप्त किये जा सकते हैं.**

संपर्क विवरण प्रवेश डेस्क
दूरभाष सं. : 9502405170, 040-23771959 ई-मेल : training@citdindia.org

रो.स. 3/13 प्रधान निदेशक

# बीमा लोकपाल परिषद

## बीमा लोकपाल पद के लिए रिक्तियां

**विज्ञापन सं. 1/2021, दिनांक 8 अप्रैल, 2021**

बेंगलुरु, भोपाल, चंडीगढ़, चेन्नै, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोच्चि और मुंबई के हर एक केंद्र में एक **बीमा लोकपाल** पद की नियुक्ति के लिए, जो व्यक्ति आवेदन प्राप्ति के लिए विनिर्दिष्ट अंतिम तिथि पर निम्नलिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, ऐसे व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**आयु:** पचपन (55) वर्ष से कम न हो तथा पैंसठ (65) वर्ष से अधिक न हो.

**अनुभव:**

(क) आवेदक अखिल भारतीय सेवा या संघ की सिविल सेवा के सदस्य के रूप में कार्यरत है/था तथा उसने भारत सरकार में संयुक्त सचिव या समतुल्य पद धारण किया होना चाहिए.

**या**

(ख) आवेदक ने बीमा उद्योग में कम से कम पच्चीस वर्ष की सेवा की हो और उसमें कम से कम बोर्ड में निदेशक के पद से अन्यून पद धारण किया हो.

**पारिश्रमिक:** प्रतिमाह 2,25,000 रुपये नियत वेतन, जिसमें से केंद्र सरकार या राज्य सरकार से प्राप्त पेंशन राशि को घटाया जाएगा.

**अवधि:** तीन साल, या अड़सठ साल की उम्र की प्राप्ति तक, जो भी पहले हो.

बीमा लोकपाल की नियुक्ति की प्रक्रिया और चयन मानदंड, नियम और शर्तें तथा कर्तव्य और कार्य समय-समय पर संशोधित बीमा लोकपाल नियम, 2017 के अनुसार होंगे. **(http://www.cioins.co.in/Ombudsman Rules2017.html)**

आवेदन पत्र और अन्य विवरण **http://www.cioins.co.in** पर उपलब्ध है.

आवेदक को आवेदन पत्र और अन्य विधिवत भरकर तथा हस्ताक्षरित व स्कैन कर, ई-मेल विषय **"बीमा लोकपाल के लिए आवेदन" नामित विषय शीर्षक के साथ, आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि (07/05/2021) पर या उससे पहले ombudsman. recruitment@cioins.co.in**, इस ई-मेल आईडी पर भेजना चाहिए. इस संबंध में यदि कोई प्रश्न हो तो, query- **recruitment@cioins.co.in** पर संपर्क किया जा सकता है.

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 07/05/2021**

**महासचिव (बीमा लोकपाल परिषद)**

डीएवीपी 15227/11/0001/2122 रो.स. 3/50

# सैनिक स्कूल अमेठी

(रक्षा मंत्रालय के संरक्षण के अधीन)
कौहार, शाहगढ़, जिला-अमेठी, उत्तर प्रदेश-227411
स्कूल वेबसाइट : **www.sainikschoolamethi.com**

1. प्रधानाचार्य, सैनिक स्कूल अमेठी (उ.प्र.) निम्नलिखित पदों के लिए आवेदनपत्र आमंत्रित करते हैं:-

| क्र.सं. | पद का नाम | रिक्ति का प्रकार | पद की संख्या | संवर्ग |
|---|---|---|---|---|
| शैक्षिक कर्मचारी | | | | |
| (क) | टीजीटी (संस्कृत) | नियमित | 01 | अजजा |
| (ख) | टीजीटी (सामान्य विज्ञान) | नियमित | 01 | अपिव |
| (ग) | कला शिक्षक | अनुबंधात्मक | 01 | अनारक्षित |
| (घ) | पीटीआई/पीईएम सह मेट्रोन (महिला) | अनुबंधात्मक | 01 | अनारक्षित |
| प्रशासनिक कर्मचारी | | | | |
| (ङ) | अ.श्रे.लि. (भंडार) | नियमित | 01 | अनारक्षित |
| (च) | मेट्रोन (महिला) | अनुबंधात्मक | 01 | अनारक्षित |
| (छ) | सामान्य कर्मचारी | नियमित | 03 | 02 अपिव के लिए आरक्षित तथा 01 अनारक्षित |
| (ज) | सामान्य कर्मचारी (इलेक्ट्रिशियन सह पम्प ऑपरेटर) | नियमित | 01 | अनारक्षित |
| (झ) | सामान्य कर्मचारी | अनुबंधात्मक | पुरुष-03 महिला-02 | 01 अजा हेतु आरक्षित 01 अजजा हेतु आरक्षित 01 अपिव हेतु आरक्षित 02 अनारक्षित |

2. पद विशेष के लिए आवेदन करने हेतु योग्यता, आयु तथा समस्त अन्य पात्रता शर्तों वास्ते एवं निर्धारित आवेदनपत्र आरूप डाउनलोड करने के लिए स्कूल वेबसाइट **www.sainikschoolamethi.com** देखें. आवेदनपत्र स्कूल के पते पर **08 मई, 2021 (1700 बजे)** अथवा-पूर्व पहुंच जाने चाहिए. नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनपत्रों को अस्वीकृत माना जाएगा.

3. चयन लिखित परीक्षा, कौशल परीक्षा तथा साक्षात्कार में व्यक्तिगत निष्पादन के आधार पर किया जायेगा. लिखित परीक्षा, कौशल परीक्षा अथवा साक्षात्कार में शामिल होने के लिए कोई या.भ./दै.भ. स्वीकार्य नहीं होगा.

4. स्कूल प्रशासन उपयुक्त उम्मीदवारों की अनुलब्धता अथवा प्रशासनिक /नीतिगत कारणों से सभी अथवा किसी रिक्तियों को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. किसी पूछताछ के लिए आप स्कूल प्रशासन से **amethisainikschoolup@gmail.com** पर ई-मेल, मोबाइल सं. 7897341142 तथा लैंडलाइन सं. 05368-297167 द्वारा सभी कार्यदिवसों में प्रातः 8.30 बजे से अप. 02.30 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते हैं.

रो.स. 3/19

# एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)
सीआईएन-L74899DL1960GOI003335
निगमित कार्यालय : एनबीसीसी भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003

नवरत्न सीपीएसई

विज्ञापन सं. 04/2021 दिनांक: 31.03.2021

## विशेष भर्ती अभियान – अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व. (एनसीएल) और पीडब्ल्यूबीडी के लिए बैकलॉग रिक्तियाँ

एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का एक प्रमुख नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है। वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान कम्पनी ने 241.28 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया जबकि इसकी कुल आय 5210.33 करोड़ रुपये रही है। निर्माण क्षेत्र में सशक्त होने के कारण, एनबीसीसी की पूरे भारत के साथ–साथ वैश्विक उपस्थिति भी है।

भारतीय मानक ब्यूरो से परियोजना प्रबंधन परामर्श तथा परियोजनाओं के निष्पादन के संबंध में आईएसओ 9001:2015 प्रमाणन प्राप्त कंपनी के वर्तमान प्रचालन क्षेत्र मुख्य रूप से तीन क्षेत्रों अर्थात् **(i) पुनर्विकास सहित परियोजना प्रबंधन परामर्श (पीएमसी) (ii) स्थावर संपदा विकास और (iii) ईपीसी संविदा में वर्गीकृत हैं।**

भारत और विदेश में अपनी महत्वाकांक्षी विस्तार योजना के लिए, कंपनी को ऐसे ऊर्जावान और परिणामोन्मुखी व्यावसायिकों की आवश्यकता है जो उत्कृष्टता प्राप्त करने और संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हों–

| क्र. सं. | पद/स्तर/वेतनमान (आईडीए)/बैकलॉग रिक्तियों की संख्या | अंतिम तिथि अर्थात् 30.04.2021 को अधिकतम आयु (सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में छूट सहित) | अनिवार्य अर्हता | अर्हता के बाद अनिवार्य अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 01. | **अपर महाप्रबंधक (वित्त)**<br>**(ई–5)**<br><br>**आईडीए वेतनमान –**<br>**रु. 80,000–2,20,000/–**<br><br>**पद की सं.– 01**<br>**(अन्य पिछड़ा वर्ग–01)** | अन्य पिछड़ा वर्ग–48 वर्ष | सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से आईसीएआई/आईसीडब्ल्यूएआई या पूर्णकालिक एमबीए (वित्त) या समकक्ष | कुल 12 वर्षों का संगत अनुभव और यदि किसी पीएसयू/सरकार में कार्यरत हैं तो वेतनमान रु. 70,000–2,00,000 (आईडीए) में ठीक इससे निचले पद (ई–4) में या स्तर 12 रु. 78,800–2,09,200 (सीडीए) में न्यूनतम 2 वर्षों की अवधि से वर्तमान में नियमित आधार पर कार्यरत होना चाहिए या अन्यथा यदि निजी क्षेत्र कम्पनी/बैंक में कार्यरत हैं तो पिछले दो वर्षों से न्यूनतम वार्षिक सीटीसी **रु. 22 लाख** का आहरण कर रहे हों।<br>इकाई और निगमित दोनों स्तरों पर कार्यशील पूंजी के प्रबंध करने का अनुभव होना चाहिए। निगमित स्तर पर खातों के समेकन और इकाई स्तर पर खातों को अंतिम रूप देने का अनुभव होना चाहिए। आईएफआरएस के साथ भारतीय जीएएपी का ज्ञान रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। लागत नियंत्रण के लिए पहल सहित निगमित स्तर पर बजट तैयार और निगरानी करने का अनुभव होना चाहिए। निर्माण कंपनियों के लिए प्रासंगिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों का ज्ञान होना चाहिए। आंतरिक, सांविधिक और सरकारी लेखापरीक्षाओं के संचालन का अनुभव होना चाहिए। पीएसयू/सरकारी संगठन की निविदा प्रक्रिया और कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से परिचित होना चाहिए। |
| 02. | **उप महाप्रबंधक (इंजी.)–(सिविल)**<br>**(ई–4)**<br><br>**आईडीए वेतनमान –**<br>**रु. 70,000–2,00,000/–**<br>**पद की सं.–02**<br>**(अनुसूचित जनजाति–02)** | अनुसूचित जनजाति–46 वर्ष | सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कुल 60 प्रतिशत अंकों के साथ सिविल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक उपाधि या समकक्ष | पीएमसी/ईपीसी/रियल एस्टेट/अवसंरचना के क्षेत्र में कुल 09 वर्षों का संगत अनुभव। यदि किसी पीएसयू/सरकार में कार्यरत हैं तो वेतनमान रु. 60,000–1,80,000 (आईडीए) में ठीक इससे निचले पद (ई–3) में या स्तर 11 रु. 6,7700–2,08,700/– (सीडीए) में न्यूनतम 2 वर्षों की अवधि से वर्तमान में नियमित आधार पर कार्यरत होना चाहिए या अन्यथा यदि निजी क्षेत्र कम्पनी/बैंक में कार्यरत हैं तो पिछले दो वर्षों से न्यूनतम वार्षिक सीटीसी **रु. 18 लाख** का आहरण कर रहे हों।<br>अभ्यर्थी के पास निर्माण संबंधी कार्यकलापों जैसे अर्थवर्क, पाइलिंग, सड़क कार्य, भूमिगत पाइपिंग, भवन कार्य, आरसीसी कार्य, जैसे गहरे फाउंडेशन, भारी उपस्करों के लिए संरचना का फाउंडेशन, औद्योगिक भवनों के लिए संरचनात्मक स्टील कार्य, प्रौद्योगिकीय संरचना एवं बड़ी लागत की सिविल इंजीनियरिंग परियोजनाओं आदि के निष्पादन/निगरानी में संगत अनुभव होना चाहिए। अभ्यर्थी के पास संविदाओं को संभालने एवं परियोजनाओं को बंद करने संबंधी कार्य का अनुभव होना चाहिए। परियोजना स्थलों पर गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली एवं एचएसई आवश्यकताओं के लिए आईएसओ अपेक्षाओं का ज्ञान होने पर अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा। विकल्पतः अभ्यर्थी के पास विभिन्न शामिल एजेंसियों जैसे सेवार्थी, सलाहकारों, संविदाकारों, आकलन, निविदा प्रक्रिया, दर विश्लेषण और निर्माण परियोजनाओं की संविदा प्रबंधन आदि में डिज़ाइन एवं समन्वयन का अनुभव होना चाहिए। सीपीडब्ल्यूडी की संविदा शर्तों और विशिष्टियों का ज्ञान होने पर अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा।<br>कम्प्यूटर के उपयोग में प्रवीणता प्राप्त अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| 03. | **परियोजना प्रबंधक (सिविल)**<br>**(ई–3)**<br><br>**आईडीए वेतनमान –**<br>**रु. 60,000–1,80,000/–**<br><br>**पद की सं.–01**<br>**(पीडब्ल्यूबीडी–एचएच–01)** | सामान्य/ईडब्ल्यूएस –47 वर्ष<br>अन्य पिछड़ा वर्ग–50 वर्ष<br>अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति–52 वर्ष | सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कुल 60 प्रतिशत अंकों के साथ सिविल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक उपाधि या समकक्ष | पीएमसी/ईपीसी/रियल एस्टेट/अवसंरचना के क्षेत्र में **कुल 06 वर्षों** का अनुभव ।<br>अभ्यर्थी के पास निर्माण संबंधी कार्यकलापों जैसे अर्थवर्क, पाइलिंग, सड़क कार्य, भूमिगत पाइपिंग, भवन कार्य, आरसीसी कार्य, जैसे गहरे फाउंडेशन, भारी उपस्करों के लिए संरचना का फाउंडेशन, औद्योगिक भवनों के लिए संरचनात्मक स्टील कार्य, प्रौद्योगिकीय संरचना एवं बड़ी लागत की सिविल इंजीनियरिंग परियोजनाओं आदि के निष्पादन/निगरानी में संगत अनुभव होना चाहिए। अभ्यर्थी के पास संविदाओं को संभालने एवं परियोजनाओं को बंद करने संबंधी कार्य का अनुभव होना चाहिए। परियोजना स्थलों पर गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली एवं एचएसई आवश्यकताओं के लिए आईएसओ अपेक्षाओं का ज्ञान होने पर अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा। विकल्पतः अभ्यर्थी के पास विभिन्न शामिल एजेंसियों जैसे सेवार्थी, सलाहकारों, संविदाकारों, आकलन, निविदा प्रक्रिया, दर विश्लेषण और निर्माण परियोजनाओं की संविदा प्रबंधन आदि में डिज़ाइन एवं समन्वयन का अनुभव होना चाहिए। सीपीडब्ल्यूडी की संविदा शर्तों और विशिष्टियों का ज्ञान होने पर अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा।<br>कम्प्यूटर के उपयोग में प्रवीणता प्राप्त अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| 04. | **उप परियोजना प्रबंधक (सिविल)**<br>**(ई–2)**<br><br>**आईडीए वेतनमान –**<br>**रु. 50,000–1,60,000/–**<br><br>**पद की सं.–01**<br>**(पीडब्ल्यूबीडी–एचएच–01)** | सामान्य/ईडब्ल्यूएस –43 वर्ष<br>अन्य पिछड़ा वर्ग–46 वर्ष<br>अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति–48 वर्ष | सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कुल 60 प्रतिशत अंकों के साथ सिविल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक उपाधि या समकक्ष | पीएमसी/ईपीसी/रियल एस्टेट/अवसंरचना के क्षेत्र में कुल 03 वर्षों का अनुभव ।<br>अभ्यर्थी के पास निर्माण संबंधी कार्यकलापों जैसे अर्थवर्क, पाइलिंग, सड़क कार्य, भूमिगत पाइपिंग, भवन कार्य, आरसीसी कार्य, जैसे गहरे फाउंडेशन, भारी उपस्करों के लिए संरचना का फाउंडेशन, औद्योगिक भवनों के लिए संरचनात्मक स्टील कार्य, प्रौद्योगिकीय संरचना एवं बड़ी लागत की सिविल इंजीनियरिंग परियोजनाओं आदि के निष्पादन/निगरानी में संगत अनुभव होना चाहिए। अभ्यर्थी के पास संविदाओं को संभालने एवं परियोजनाओं को बंद करने संबंधी कार्य का अनुभव होना चाहिए। परियोजना स्थलों पर गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली एवं एचएसई आवश्यकताओं के लिए आईएसओ अपेक्षाओं का ज्ञान होने पर अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा। विकल्पतः अभ्यर्थी के पास विभिन्न शामिल एजेंसियों जैसे सेवार्थी, सलाहकारों, संविदाकारों, आकलन, निविदा प्रक्रिया, दर विश्लेषण और निर्माण परियोजनाओं की संविदा प्रबंधन आदि में डिज़ाइन एवं समन्वयन का अनुभव होना चाहिए। सीपीडब्ल्यूडी की संविदा शर्तों और विशिष्टियों का ज्ञान होने पर अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा।<br>कम्प्यूटर के उपयोग में प्रवीणता प्राप्त अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| 05. | **वरि. परियोजना कार्यपालक (इलेक्ट्रिकल)**<br>**(ई–1)**<br><br>**आईडीए वेतनमान –**<br>**रु. 40,000–1,40,000/–**<br><br>**पद की सं.–02**<br>**(अन्य पिछड़ा वर्ग–01 एवं अनुसूचित जाति–01)** | अन्य पिछड़ा वर्ग–33 वर्ष<br>अनुसूचित जाति–35 वर्ष | सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कुल 60 प्रतिशत अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक उपाधि या समकक्ष | **2 वर्षों का अनुभव।** एम.टेक. कोर्स कर चुके अभ्यर्थी को अनुभव में 1 वर्ष की छूट दी जाएगी।<br>एचटी/एलटी स्विचगियरों, ट्रांसफार्मरों, मोटरों, पीएलसी आधारित पैनलों, लाइटिंग, ऑटोमैटिक पावर फैक्टर करेक्शन इक्विपमेंट्स, केबल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल सिस्टम इंजीनियरिंग के डिज़ाइन, इंजीनियरिंग, इरेक्शन एवं कमीशनिंग में अनुभव होना चाहिए। डिज़ाइन कार्यकलापों में डिज़ाइन दस्तावेजीकरण/गणनाएं, योजनाबद्ध लेआउट ड्राइंग, केबल अनुसूची एवं केबल लेआउट को तैयार करने सहित वेंटिलेशन सिस्टम/लाइटिंग उपकरणों, टेल नेटवर्क, सीसीटीवी, एचवीएसी, पीए, फायर अलार्म सिस्टम, बीएमएस/ऑटोमेशन सिस्टम आदि के डिज़ाइन कार्यकलाप शामिल हैं। तकनीकी विशिष्टियों, भवनों/औद्योगिक संरचनाओं की मात्रा के बिल का अनुमान और बाजार दर विश्लेषण सहित केन्द्र/राज्य पीडब्ल्यूडी दरों पर आधारित मूल लागत अनुमानों को तैयार करने का अनुभव होना चाहिए। निविदा आमंत्रण, इसकी तकनीकी समीक्षा/वेन्डर के दस्तावेजों की जांच और संविदा खण्डों का अनुभव। विनिर्माता के कार्यों पर क्यूएपी के अनुसार इलेक्ट्रिकल, जांचों का निरीक्षण/प्रमाण और मदों के डिस्पैच के लिए अपेक्षित विभिन्न निर्माण सामग्रियों के लिए गुणवत्ता आश्वासन योजना (क्यूएपी)/फील्ड गुणवत्ता योजना (एफएक्यू) तैयार करने का ज्ञान। साइट पर सम्पादित कार्यों का मापन एवं प्रमाणीकरण। निर्माण अनुसूची तैयार करना एवं इलेक्ट्रिकल कार्य के निष्पादन की लागत/समय का नियंत्रण। डीएलपी एवं प्रचालन तथा सिस्टम के रखरखाव सहित निर्माण पश्चात कार्य का अनुभव।<br>कम्प्यूटर का ज्ञान रखने वाले वाले और इसके उपयोग में प्रवीणता प्राप्त अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। |

अगले पृष्ठ पर जारी...

| क्र. सं. | पद/स्तर/वेतनमान (आईडीए)/बैकलॉग रिक्तियों की संख्या | अंतिम तिथि अर्थात् 30.04.2021 को अधिकतम आयु (सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में छूट सहित) | अनिवार्य अर्हता | अर्हता के बाद अनिवार्य अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 06. | सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन प्रबंधन) (ई–1)<br>आईडीए वेतनमान –<br>रु. 40,000–1,40,000/–<br>पद की सं.–01<br>(अनुसूचित जनजाति–01) | अनुसूचित जनजाति–35 वर्ष | सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कुल 60 प्रतिशत अंकों के साथ मुख्य विषय के रूप में मानव संसाधन प्रबंधन पीएम/आईआर में विशेषज्ञता के साथ पूर्णकालिक एमबीए/एमएसडब्ल्यू/प्रबंधन में दो वर्षीय स्नातकोत्तर उपाधि/स्नातकोत्तर डिप्लोमा | 2 वर्षों का अनुभव और पीएसयू/सरकारी/बड़े निजी क्षेत्र में मानव संसाधन प्रबंधन क्षेत्र में कार्यरत अभ्यर्थी ही आवेदन करने के लिए योग्य हैं। कार्यात्मक दक्षता में श्रम कानूनों एवं सेवा विनियमों, अनुशासनात्मक मामले, मानव संसाधन प्रबंधन परिकल्पनाओं का अनुप्रयोग, टूल्स एवं कार्य पद्धति जैसे जनशक्ति आयोजना, कार्यप्रदर्शन प्रबंधन, करियर आयोजना, अनुक्रमण आयोजना, दक्षता मॉडलिंग, दक्षता मूल्यांकन आदि का समुचित ज्ञान शामिल है। विविध ट्रेड यूनियन परिदृश्य के साथ बेहतर औद्योगिक संबंध बनाने की क्षमता वांछनीय है। नवीनतम एचआर कार्यपद्धतियों एवं नीतियों में अनुभव, प्रतिधारण एवं अपघर्षण पहलुओं से निपटने की क्षमता होनी चाहिए। कम्प्यूटर पर कार्य करने में दक्ष उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।<br>वांछनीय योग्यताः विधि में उपाधि |
| 07. | वरि. आशुलिपिक (एस–2)<br>आईडीए वेतनमान –<br>रु. 24640/– (ओपन एंडेड)<br>पद की सं.–01<br>(अन्य पिछड़ा वर्ग–01) | अन्य पिछड़ा वर्ग–28 वर्ष | किसी भी विषय में स्नातक। अंग्रेजी में स्टेनोग्राफी/टाइपिंग गति 110/50 शब्द प्रति मिनट एवं हिन्दी में स्टेनोग्राफी/टाइपिंग गति 100/40 शब्द प्रति मिनट | इस क्षेत्र में 2 वर्ष का पूर्व अनुभव। |
| 08. | कार्यालय सहायक (आशुलिपिक) (डब्ल्यू–3)<br>आईडीए वेतनमान –<br>रु. 18430/– (ओपन एंडेड)<br>पद की सं.–03<br>(अन्य पिछड़ा वर्ग–03) | अन्य पिछड़ा वर्ग–25 वर्ष | किसी भी विषय में स्नातक। अंग्रेजी एवं हिन्दी शॉर्टहैंड में गति क्रमशः 70/70 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर टाइपिंग गति 35/30 शब्द प्रति मिनट | शून्य |

**आवेदन करने की प्रक्रिया**

अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने से पूर्व ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध **सामान्य अनुदेश और आवेदन कैसे करें** दस्तावेज में उल्लिखित अनुदेशों को पढ़ना चाहिए।

अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। **ऑनलाइन आवेदन से संबंधित लिंक एनबीसीसी की वेबसाइट www.nbccindia.com पर शीर्ष "मानव संसाधन के तहत करियर"** के अंतर्गत दिनाँक **31.03.2021** को **10:00 बजे** से उपलब्ध रहेगा। अंतिम रूप से ऑनलाइन आवेदन जमा करने का लिंक **30.04.2021** को **17:00 बजे** तक खुला रहेगा। आवेदन का कोई अन्य प्रकार/माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले अभ्यर्थियों को निम्नलिखित की स्कैन की हुई प्रति तैयार रखनी चाहिए:

- **जेपीजी/जेपीईजी फॉर्मेट में पासपोर्ट आकार का फोटो (आकार 40 केबी से 100 केबी तक) तथा हस्ताक्षर (आकार 20 केबी से 50 केबी तक)**
- **अनु.जाति/अनु.जन. जाति/अ.पि.व. (गैर क्रीमी लेयर)/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र यदि लागू हो (आकार 100 केबी से 300 केबी तक)**
- **जन्म तिथि के प्रमाण के रूप मे मैट्रिक/सेकेंडरी प्रमाणपत्र**
- **सभी आवश्यक पास प्रमाणपत्र और अनिवार्य शैक्षिक अर्हताओं की अंक सूचियाँ जो आपको पद के लिए पात्र बनाती हैं और अन्य अर्हताएं, यदि कोई हो।**
- **सभी अर्हता–पश्चात अनुभव प्रमाणपत्र (वर्तमान नियोक्ता सहित) की स्व–प्रमाणित फोटोकॉपी जो पद का कार्यभार ग्रहण करने और कार्यमुक्त होने की तिथि (अर्थात् अनुभव प्रमाण पत्र, वेतन पर्ची, फॉर्म–16, कार्यभार ग्रहण और कार्यमुक्ति आदेश आदि) को स्पष्ट रूप से इंगित करता हो।**
- अभ्यर्थियों के पास एक वर्ष से अधिक प्रचालन वाली वैध ईमेल आईडी होनी चाहिए। सभी संगत विवरणों के साथ ऑनलाइन फार्म भरें।

फोटो, हस्ताक्षर, अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (एन.सी.एल.)/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र (यदि लागू हो) और जैसा कि ऊपर बताया गया है सभी आवश्यक शैक्षिक और अर्हता पश्चात अनुभव दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रति अपलोड करें। अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि एनबीसीसी ऑनलाइन आवेदन में भरे गए संगत विवरण जैसे नाम, जन्म तिथि, पता आदि सही हों। शुल्क के भुगतान के संबंध में विस्तृत प्रक्रिया को 'आवेदन शुल्क का भुगतान' के अंतर्गत समझाया गया है।

**आवेदन शुल्क का भुगतान – शून्य**

**चयन प्रक्रिया**

**क्र.सं. 01–06 अर्थात अपर महाप्रबंधक (वित्त), उप महाप्रबंधक (इंजी.) (सिविल), परियोजना प्रबंधक (सिविल) उप परियोजना प्रबंधक (सिविल), वरिष्ठ परियोजना कार्यपालक (इलेक्ट्रिकल) और सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन प्रबंधन) के लिए**

क्र.सं. 01–06 में वर्णित पदों के लिए चयन मानदंड, व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से होगा। इस संबंध में एनबीसीसी का निर्णय अंतिम होगा। व्यक्तिगत साक्षात्कार नई दिल्ली में ही आयोजित किए जाएंगे

क्र.सं. 07–08 अर्थात् वरिष्ठ आशुलिपिक और कार्यालय सहायक (आशुलिपिक) पदों के आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को केवल नई दिल्ली में आयोजित होने वाली कौशल परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा। इस संबंध में एनबीसीसी का निर्णय अंतिम होगा।

लघुसूचीबद्ध किए गए अभ्यर्थियों के नाम **www.nbccindia.com** पर 'मानव संसाधन के अंतर्गत करियर' के तहत प्रदर्शित किए जाएंगे। लघुसूचीबद्ध किए गए अभ्यर्थियों को अलग से ई–मेल भेजे जाएंगे। अंतिम चयन के बाद, चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति का प्रस्ताव जारी किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थी एक वर्ष के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे।

**सामान्य अनुदेश:**

1. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को प्रत्येक पद के लिए अलग से आवेदन करना चाहिए।
2. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे विशिष्ट, सही, पूर्ण सूचना प्रदान करें। आवेदन प्रपत्र में दी गई जानकारी के समर्थन में सभी मूल प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों को दस्तावेजों के सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा, ऐसा नहीं करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य कर दिया जाएगा। यदि अभ्यर्थी द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी झूठी पाई जाती है या विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर या भर्ती के बाद या कार्यग्रहण करने के बाद उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है।
3. अपूर्ण आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा। आवेदन जमा करने के बाद आवेदन पत्र में अतिरिक्त जानकारी जोड़ने के किसी भी अनुरोध पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।
4. भारत सरकार के लागू दिशा–निर्देशों के अनुसार दिव्यांगजन भी उपर्युक्त किसी भी पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पदों के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों की दिव्यांगता 40% से कम नहीं होनी चाहिए।
5. उल्लिखित अधिकतम आयु में सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)/दिव्यांग के लिए आयु में छूट शामिल है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)/पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों को आवेदन प्रपत्र के साथ अपनी जाति/दिव्यांगता प्रमाणपत्र (जैसा लागू हो) की स्कैन की हुई कॉपी अपलोड करना आवश्यक है। भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयु सीमा में छूट, सशस्त्र बल में की गई सेवा अवधि में 3 वर्षों की अवधि जोड़कर दी जाएगी। आंतरिक अभ्यर्थियों (एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड) को आयु में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी बशर्ते कि उनकी अधिवर्षिता से पहले कम से कम तीन वर्ष की सेवा शेष हो।
6. आवेदन में दर्शाए गए नाम/उपनाम/नाम की वर्तनी में, शिक्षा/व्यावसायिक अर्हता/जाति इत्यादि संबंधी प्रमाणपत्र से भिन्नता पाई जाती है, तब अभ्यर्थी को संबंधित दस्तावेज के साथ एसडीएम अथवा समकक्ष द्वारा जारी उस आशय का प्रमाणपत्र दस्तावेजों के सत्यापन के समय जमा कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी। महिला के मामले में विवाह के पश्चात उपनाम बदलने के मामले में अभ्यर्थी को विवाह प्रमाणपत्र तथा इस आशय का नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र जमा करना होगा।
7. आरक्षित रिक्तियों के चयन मानकों में शिथिलता, यदि निर्धारित सामान्य मानकों के आधार पर आरक्षित वर्ग के व्यक्तियों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में आरक्षित पदों को भरने के लिए सामान्य मानकों में उचित छूट दी जा सकती है।
8. आयु सीमा और अर्हता पश्चात अनुभव निर्धारित करने की अंतिम तिथि, ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि होगी। परिणाम घोषित/अंक सूची जारी होने की तिथि को अर्हता प्राप्त करने की तिथि माना जाएगा तथा इस संबंध में कोई छूट प्रदान नहीं की जाएगी। पद/स्तर पर अर्हता पश्चात अनुभव की गणना उक्त तिथि से की जाएगी।
9. सरकारी, अर्ध सरकारी संगठन/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा स्वायत्तशासी निकायों में कार्यरत अभ्यर्थियों को उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए या साक्षात्कार के समय "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करें। तथापि, अपने मूल विभाग से उचित माध्यम से आवेदन करने/"अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्राप्त करने में कठिनाई होने पर अभ्यर्थी को साक्षात्कार के समय यह वचनबंध (अंडरटेकिंग) देना होगा कि अपने चयनित हो जाने पर वे कार्यग्रहण के समय अपने संगठन से कार्यमुक्त होने का उचित आदेश प्रस्तुत करेंगे अन्यथा उन्हें कार्य ग्रहण की अनुमति नहीं दी जाएगी।
10. चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी की सहायक कंपनियों तथा संयुक्त उद्यमों सहित देश के किसी भाग या विदेश में कंपनी के विवेक/आवश्यकता के अनुसार सेवा के लिए तैयार रहना होगा।
11. जहाँ उपाधि/डिप्लोमा में सीजीपीए/ओजीपीए या ग्रेडिंग सिस्टम प्रदान किए जाते हैं वहाँ विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए प्रतिमानकों के अनुसार आवेदन प्रपत्र में समतुल्य अंकों की प्रतिशतता दर्शाई जाए। दस्तावेजों के सत्यापन के समय उसके विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित इन प्रतिमानकों की एक प्रति अभ्यर्थी को प्रस्तुत करनी होगी।
12. **चयनित अभ्यर्थियों को केवल ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा और संचार के किसी अन्य माध्यम का प्रयोग नहीं किया जाएगा।**
13. **अभ्यर्थियों को भविष्य में संदर्भ के लिए जमा किए गए आवेदन पत्र की प्रति को सुरक्षित रखना चाहिए।**
14. एनबीसीसी के पास, बिना कोई कारण बताए इस विज्ञापन तथा/अथवा उपर्युक्त पदों में से किसी भी पद के लिए चयन प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
15. अभ्यर्थी को आवेदन प्रपत्र में दी गई अपनी ई–मेल आईडी को कम से कम एक वर्ष तक सक्रिय रखने की सलाह दी जाती है। ई–मेल आईडी में किसी बदलाव की अनुमति होगी।
16. उपर्युक्त विज्ञापन से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/अनुशेष/इरेटा केवल एनबीसीसी की आधिकारिक वेबसाइट **www.nbccindia.com** में **"मानव संसाधन के अंतर्गत करियर टैब"** के तहत उपलब्ध होगा। इसका कोई प्रेस विज्ञापन नहीं दिया जाएगा। अतः संभावित आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे इस उद्देश्य हेतु नियमित रूप से एनबीसीसी की वेबसाइट देखें।
17. अभ्यर्थी द्वारा प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपने पक्ष में कोई भी याचना करने पर उसको अभ्यर्थिता हेतु अयोग्य कर दिया जाएगा।
18. कौशल परीक्षण/वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए आमंत्रित केवल अनु. जाति/अनु. जनजाति/दिव्यांग अभ्यर्थियों को जाने और आने की यात्रा के प्रमाण प्रस्तुत करने पर उनके घोषित आवास स्थान के निकटतम रेलवे स्टेशन/बस स्टैंड से लघुतम मार्ग से 30 किमी से अधिक यात्रा करने पर ई–1 और इससे ऊपर स्तर के पदों के लिए थर्ड एसी का रेल किराये या बस किराये तथा एस–2 और डब्ल्यू–3 स्तर के पदों के लिए द्वितीय श्रेणी के रेल किराया या बस किराये की प्रतिपूर्ति की जाएगी।
19. इस विज्ञापन और/अथवा इसके संबंध में किए आवेदन के कारण उत्पन्न किसी दावे अथवा विवाद के किसी मामले से संबंधित किसी भी विधिक कार्यवाही का न्याय क्षेत्र केवल दिल्ली स्थित न्यायालय होंगे। अंग्रेजी से इतर संस्करण की व्याख्या के कारण उत्पन्न होने वाली किसी अस्पष्टता/विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
20. **सभी पत्राचार केवल ईमेल के माध्यम से किए जाएंगे और कोई भी संचार कूरियर/डाक या किसी अन्य माध्यम से नहीं भेजा जाएगा।**

**कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन प्रबंधन)**

रो.स. 3/25

# होटल प्रबंधन खानपान प्रौद्योगिकी एवं पोषण आहार संस्थान

1100 क्वा., प्रशासन अकादमी के पास, भोपाल-462016

पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वशासी निकाय एवं राष्ट्रीय परिषद होटल प्रबंध खानपान तकनीकी, नोएडा से संबद्ध

संस्थान में 'व्याख्याता सह अनुदेशक (स्थायी), सहायक व्याख्याता सह सहायक अनुदेशक (स्थायी) एवं शिक्षण सहयोगी (संविदा)' के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:-

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्त पद | वेतन | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभव | अधिकतम आयु सीमा | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | व्याख्याता सह अनुदेशक | कुल पद-02 (अजजा-01, सामान्य-01) | रु. 44900/- वेतन मैट्रिक्स स्तर-07 (रु. 44900-142400) (सातवें वेतन आयोग के अनुसार) | किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से आतिथ्य/पर्यटन में स्नातकोत्तर या एमबीए<br>तथा (+)<br>पूर्णकालिक स्नातक/पूर्णकालिक डिप्लोमा होटल प्रशासन/आतिथ्य प्रबंधन/होटल प्रबंधन/आतिथ्य प्रशासन/पाक कला/पाक विज्ञान न्यूनतम 55% कुल अंकों के साथ या इसके समकक्ष ग्रेड से :<br>(क) एनसीएचएमसीटी या एनसीएचएमसीटी संबद्ध संस्थान या<br>(ख) एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थान या<br>(ग) राज्य तकनीकी शिक्षा मंडल द्वारा अनुमोदित संस्थान या<br>(घ) विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थान यूजीसी द्वारा मान्यताप्राप्त हो या<br>(ङ) केन्द्रीय/राज्य/डीम्ड विश्वविद्यालय यूजीसी द्वारा मान्यताप्राप्त हो या<br>(च) विदेशी विश्वविद्यालय/संस्थान का समकक्ष डिग्री/डिप्लोमा एआईयू द्वारा मान्यताप्राप्त होना चाहिए.<br>**वांछित योग्यता :** पीएच.डी. डिग्री<br>तथा<br>**अनिवार्य अनुभव :**<br>राष्ट्रीय परिषद होटल प्रबंधन एवं खानपान प्रौद्योगिकी/एआईसीटीई/राज्य तकनीकी शिक्षा मंडल/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सहायक व्याख्याता या समकक्ष (यूएफ स्तर के कार्यक्रम) में कम से कम 5 वर्षों का शिक्षण अनुभव.<br>या<br>कम से कम 7 वर्ष का कुल अनुभव (शिक्षण एवं उद्योग एक साथ) जिसमें 3 सितारा/हेरिटेज या उससे ऊपर स्वीकृत होटल में शिक्षण/प्रशिक्षण में 3 वर्ष का अनुभव शामिल है. | 31.03.2021 को 40 वर्ष से अधिक नहीं | सीधी भर्ती (लिखित/कौशल परीक्षा) |
| 2. | सहायक व्याख्याता एवं सहायक अनुदेशक | कुल पद-01 (अजजा-01) | रु. 35400/- वेतन मैट्रिक्स स्तर-06 (रु. 35400-112400) (सातवें वेतन आयोग के अनुसार) | वर्ग-क<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से आतिथ्य/पर्यटन में स्नातकोत्तर या एमबीए.<br>तथा (+)<br>पूर्णकालिक स्नातक/पूर्णकालिक डिप्लोमा होटल प्रशासन/आतिथ्य प्रबंधन/होटल प्रबंधन/आतिथ्य प्रशासन/पाक कला/पाक विज्ञान न्यूनतम 55% कुल अंकों के साथ या इसके समकक्ष ग्रेड से :<br>(क) एनसीएचएमसीटी या एनसीएचएमसीटी संबद्ध संस्थान या<br>(ख) एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थान या<br>(ग) राज्य तकनीकी शिक्षा मंडल द्वारा अनुमोदित संस्थान या<br>(घ) विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थान यूजीसी द्वारा मान्यताप्राप्त हो या<br>(ङ) केन्द्रीय/राज्य/डीम्ड विश्वविद्यालय यूजीसी द्वारा मान्यताप्राप्त हो या<br>(च) विदेशी विश्वविद्यालय/संस्थान का समकक्ष डिग्री/डिप्लोमा एआईयू द्वारा मान्यताप्राप्त होना चाहिए या<br>**वांछित योग्यता :**<br>1. पीएच.डी. डिग्री.<br>2. 3 सितारा या इससे ऊपर के श्रेणी के होटल में छह महीने काम करने का अनुभव.<br>**अनिवार्य योग्यता :**<br>उम्मीदवार को एनसीएचएमसीटी द्वारा आयोजित निर्धारित प्रतिशत के साथ एनएचटीईटी योग्य होना चाहिए.<br>**वर्ग-ख**<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से आतिथ्य/होटल प्रशासन/होटल प्रबंधन/पाक कला से पूर्णकालिक स्नातक उपाधि में कुल प्राप्तांक 55% से कम नहीं होना चाहिए, और कम से कम 2 वर्ष का आतिथ्य उद्योग का अनुभव होना चाहिए और एनसीएचएमसीटी द्वारा आयोजित निर्धारित प्रतिशत के साथ एनएचटीईटी योग्य होना चाहिए.<br>**वर्ग क एवं ख के लिए सामान्य खंड :**<br>पूर्वस्नातक में एक शिक्षक के रूप में प्रदान की गई सेवा की अवधि और अनुबंध के आधार पर आतिथ्य के स्तर (पूर्णकालिक) को उपरोक्त उद्देश्य के लिए वैध अनुभव के रूप में माना जाएगा.<br>उपरोक्त योग्यता के बाद किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से आतिथ्य संबंधित विषयों में पीएच.डी. की डिग्री प्राप्त करने वालों को एनएचटीईटी उत्तीर्ण करने की आवश्यकता नहीं है. | 31.03.2021 को 35 वर्ष से अधिक नहीं | सीधी भर्ती (कौशल परीक्षा) |
| 3. | शिक्षण सहयोगी (टीचिंग एसोसिएट) | कुल पद-05 (सामान्य-03) (अ.पि.व.-01) (अजा-01) | समेकित वेतन रु. 25,000/- प्रतिमाह | 10+2 के बाद किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से आतिथ्य एवं होटल प्रशासन/होटल प्रबंधन में पूर्णकालिक स्नातक उपाधि एवं आतिथ्य एवं होटल प्रशासन/होटल प्रबंधन में पूर्णकालिक स्नातकोत्तर उपाधि के साथ दोनों में से एक उपाधि में 60% अंक प्राप्त होना अनिवार्य है.<br>या<br>10+2 के बाद किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से आतिथ्य एवं होटल प्रशासन/होटल प्रबंधन में कम से कम 60% अंकों के के साथ पूर्णकालिक स्नातक उपाधि एवं होटल उद्योग में कम से कम 02 वर्ष का अनुभव<br>तथा<br>शिक्षण सहयोगी के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए निर्धारित प्रतिशत के साथ राष्ट्रीय परिषद, होटल प्रबंधन एवं खानपान तकनीकी, नोएडा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आतिथ्य शिक्षक पात्रता परीक्षा (एनएचटीईटी) उत्तीर्ण होना चाहिए. हालांकि, आतिथ्य/होटल प्रबंधन विषय में पीएच.डी. करने वाले उम्मीदवार को एनएचटीईटी उत्तीर्ण करने की आवश्यकता नहीं है. | 31.03.2021 को 30 वर्ष से अधिक नहीं | संविदा (कौशल परीक्षा) |

**सामान्य शर्तें :**

1. उपरोक्त पदों हेतु भोपाल स्थित कार्यालय में पदस्थ केन्द्रीय कर्मचारी के समतुल्य लागू भत्ते स्वीकार्य हैं. उपरोक्त पद गैर पेंशन योग्य हैं. लेकिन भारत सरकार की नई पेंशन योजना का लाभ दिया जायेगा.
2. **आयु में छूट :** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति में आयु सीमा में छूट अधिकतम 05 वर्ष और विभागीय उम्मीदवारों एवं अन्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार के नियमानुसार शिथिलनीय है. विभागीय उम्मीदवार वह होंगे जो कि केन्द्रीय होटल प्रबंध संस्थानों एवं राष्ट्रीय परिषद, नोएडा में कार्य कर रहे हो.
3. **आवेदन प्रक्रिया शुल्क :** आवेदन प्रक्रिया शुल्क रु. 500/- प्रति उम्मीदवार. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने पर प्रत्येक पद हेतु अलग शुल्क देय होगा. आवेदन प्रक्रिया शुल्क रु. 500/- आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से संस्थान के खाते में जमा करायें एवं आवेदन के साथ रसीद संलग्न करना अनिवार्य होगा. **संस्थान का खाता क्रमांक-50100241854810, खाताधारक का नाम-सचिव, होटल प्रबंध संस्थान, भोपाल, आईएफएससी कोड-HDFC0002486 शाखा का नाम-गुलमोहर शाखा, भोपाल.**
4. निर्धारित प्रारूप में आवेदन (जो कि हमारी वेबसाइट **www.ihmbhopal.ac.in** पर उपलब्ध है), पासपोर्ट आकार का फोटो चस्पा कर स्व-सत्यापित प्रमाणपत्रों की प्रतियों के साथ आवेदन एवं आवेदन शुल्क के साथ **''सचिव, होटल प्रबंधन संस्थान, भोपाल''** के पक्ष में एवं भोपाल में देय किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से आहरित डिमांड ड्राफ्ट के साथ **'प्राचार्य/सचिव, होटल प्रबंध खानपान प्रौद्योगिकी एवं पोषण आहार संस्थान, प्रशासन अकादमी के समीप, 1100 आवास गृह, भोपाल-462016 म.प्र.'** के कार्यालय में विज्ञापन प्रकाशित होने से एक माह के भीतर डाक के माध्यम से पहुंच जाने चाहिएं.
5. आवेदन वाले लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम ............................................. लिखा होना चाहिए.
6. सरकारी विभाग/अर्द्ध-सरकारी/स्वायत्त निकायों में काम कर रहे आवेदकों को अपने आवेदन विभागीय माध्यम से भेजना अनिवार्य है या दस्तावेज सत्यापन के समय अपने वर्तमान नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा.
7. अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त एवं अपूर्ण आवेदन पत्रों को निरस्त किया जाएगा. किसी भी डाक विलंब हेतु संस्थान जवाबदेह नहीं होगा.
8. सक्षम प्राधिकारी कोई भी आवेदन अस्वीकार/स्वीकार करने और किसी भी कारण (बिना) निर्दिष्ट किए बिना आवेदन को रिक्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
9. जिन आवेदकों ने रोज़गार समाचार पत्र दिनांक 18-24 जनवरी, 2020 को जारी विज्ञप्ति के एवज में आवेदन प्रेषित किया था, उन्हें फिर से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है.

रो.स. 3/40

प्राचार्य/सचिव

File No. A-60015/4/2019-E.III Section-MOWR

भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

# जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत संसद के अधिनियम (1980 का 46) के अंतर्गत सांविधिक निकाय ब्रह्मपुत्र बोर्ड, गुवाहाटी में प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) आधार पर लेवल-14 (1,44,200- 2,18,200/-) रुपए में **वित्त सलाहकार का (01)** एक पद भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**2. कार्य के संक्षिप्त दायित्व :**

वित्त सलाहकार बोर्ड के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन होगा. वह राजस्व और व्यय से संबंधित सभी मामलों पर बोर्ड को सलाह देगा. उसके पास किसी भी मामले को जिसे वह बोर्ड के ध्यान में लाना अपेक्षित समझे, बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने का अधिकार होगा. बोर्ड के लेखों के रख-रखाव की जिम्मेदारी उसकी होगी और वह इन लेखों की आंतरिक लेखा परीक्षा करेगा. वह ब्रह्मपुत्र बोर्ड अधिनियम, 1980 के तहत अधीनस्थ विधान के नियम 16 में निर्धारित ऐसी शक्तियों और कार्यों को भी करेगा.

**3. पात्रता मानदंड :**

**प्रतिनियुक्ति (अल्प अवधि संविदा सहित) :**

भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा अथवा भारतीय रक्षा लेखा सेवा अथवा भारतीय रेलवे लेखा सेवा अथवा भारतीय डाक और तार (वित्त और लेखा सेवा) अथवा भारतीय सिविल लेखा सेवा के ऐसे अधिकारी-

(i) जो मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; **अथवा**

(ii) वेतन मैट्रिक्स में लेवल-13 ए (1,31,100-2,16,600 रुपए) अथवा लेवल-13 (1,18,500-2,14,100/- रुपए) **या** समतुल्य वेतनमान में नियमित आधार पर दो या तीन वर्ष की सेवा की हो;

(iii) अर्हक चार्टर्ड एकाउन्टेंट अथवा कॉस्ट एकाउन्टेंट अथवा एमबीए के साथ केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम अथवा सांविधिक अथवा केंद्र सरकार या राज्य सरकारों के तहत स्वायत्त संगठन में कॉर्पोरेट लेखों और कॉर्पोरेट वित्त मामलों के कार्य में कम से कम 15 वर्ष के अनुभव के साथ वित्त में विशेषज्ञता हो.

**4. प्रतिनियुक्ति की अवधि :**

प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्प अवधि संविदा सहित) केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से तुरंत पहले धारित अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्प अवधि संविदा सहित) सहित 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

**5. आयु-** प्रतिनियुक्ति या अल्प अवधि संविदा द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की निर्धारित अंतिम तिथि तक 58 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

6. इस पद के लिए अभ्यर्थी की पात्र सेवा/अनुभव और आयु का निर्धारण करने के लिए अंतिम तिथि आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख होगी.

7. किसी भी अधिकारी को चयनित होने के बाद आवेदन वापस लेने अथवा कार्यभार ग्रहण करने से इंकार करने की अनुमति नहीं होगी और यह प्रायोजित करने वाले प्राधिकारी की जिम्मेदारी होगी कि वह चयनित अधिकारी को नियुक्ति आदेश जारी किए जाने के एक माह के अंदर कार्यमुक्त कर दे.

8. चयनित अधिकारी के पास कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.06.2010 के का.ज्ञा. सं. 6/8/2009-स्थापना (वेतन-II) (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार अपना ग्रेड वेतन और प्रतिनियुक्ति (ड्यूटी) भत्ता आहरित करने अथवा प्रतिनियुक्ति के पद के वेतनमान में अपना वेतन नियत करवाने का विकल्प होगा.

9. **अनुलग्नक- 1 से 5** में आवेदक के संपूर्ण विवरण के साथ आवेदन के रोज़गार समाचार में यह विज्ञापन प्रकाशित होने की तारीख से **60 दिन के अंदर श्री ए. के. दास, अवर सचिव, जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, छठा तल, कमरा संख्या -625, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001** को पहुंच जाना चाहिए. सभी आवेदकों की जानकारी गुप्त रखी जाएगी. सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के आवेदकों को **"उचित माध्यम से"** आवेदन करना चाहिए. विज्ञापन में मांगे गए संपूर्ण ब्यौरे से रहित आवेदन रद्द किए जा सकते हैं.

10. सिर्फ ऐसे अधिकारी/अभ्यर्थी के आवेदन पर विचार किया जाएगा, जो उचित माध्यम से भेजे गए हैं और जिनके साथ **(i) अनुलग्नक-2** में दिए गए प्रपत्र में जीवन वृत्त (चार प्रति में) (ii) अवर सचिव श्रेणी के अधिकारी से सत्यापित विगत पाँच वर्ष की एसीआर/एपीएआर की प्रतिलिपि (iii) **अनुलग्नक-3** में दिए गए अनुसार सतर्कता स्वीकृति (iv) **अनुलग्नक-4** के प्रपत्र के अनुसार पिछले दस वर्षों के दौरान लगाई गई बड़ी या छोटी शास्ति, यदि कोई हो, का ब्यौरा और (v) **अनुलग्नक-5** के अनुसार सत्यनिष्ठ प्रमाण पत्र तथा (vi) संवर्ग स्वीकृति संलग्न हो.

11. विज्ञापन का ब्यौरा और आवेदन का प्रारूप मंत्रालय की वेबसाइट- **http://mowr.gov.in** से डाउनलोड भी किया जा सकता है.

(ए. के. कौशिक)

अवर सचिव, भारत सरकार

दूरभाष : 23714350

**अनुलग्नक-1**

**1. पद का नाम : वित्त सलाहकार, ब्रह्मपुत्र बोर्ड**

**2. पदों की संख्या : 01 (एक)**

**3. वर्गीकरण :** समूह 'क' नॉन-मिनिस्ट्रियल

**4. वेतन बैंड/ग्रेड वेतन :** लेवल-14 (1,44,200-2,18,100/-)

**5. ग्रेड वेतन :**

**6. प्रतिनियुक्ति की अवधि :** प्रतिनियुक्ति की अवधि (लघु अवधि संविदा सहित) केन्द्र सरकार के समान अथवा किसी अन्य संगठन या विभाग ने इस नियुक्ति से तुरंत पहले धारित अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्प अवधि संविदा सहित) 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

**7. पद के कर्तव्य एवं दायित्व :** वित्त सलाहकार बोर्ड के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन होगा. वह राजस्व और व्यय से संबंधित सभी मामलों पर बोर्ड को सलाह देगा. उसके पास किसी भी मामले को जिसे वह बोर्ड के ध्यान में लाना अपेक्षित समझे, बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने का अधिकार होगा. बोर्ड के लेखों के रख-रखाव की जिम्मेदारी उसकी होगी और वह इन लेखों की आंतरिक लेखा परीक्षा करेगा. वह ब्रह्मपुत्र बोर्ड अधिनियम 1980 के तहत अधीनस्थ विधान के नियम 16 में निर्धारित ऐसी शक्तियों और कार्यों को भी करेगा.

**8. वेतन एवं भत्ते :** चयनित अधिकारी को, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.06.2010 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-सथापना (वेतन-II) (समय-समय पर यथा-संशोधित) की शर्तों के अनुसार अपना ग्रेड वेतन और प्रतिनियुक्ति (ड्यूटी) भत्ता आहरित करने अथवा प्रतिनियुक्ति पद के वेतनमान में अपना वेतन नियत कराने का विकल्प होगा.

**9. पद के लिए अपेक्षित अर्हताएं, अनुभव और पात्रता : प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) :** भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा अथवा भारतीय रक्षा लेखा सेवा अथवा भारतीय रेलवे लेखा सेवा अथवा भारतीय डाक और तार (वित्त और लेखा सेवा) अथवा भारतीय सिविल लेखा सेवा के ऐसे अधिकारी-

(i) मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; अथवा

(ii) वेतन मैट्रिक्स में लेवल-13 क (1,31,100-2,16,600/- रुपये) अथवा लेवल-13, 1,18,500 - 2,14,100/- रुपये) अथवा समतुल्य वेतनमान में नियमित आधार पर क्रमशः दो या तीन वर्ष की नियमित सेवा; **अथवा**

(iii) अर्हक चार्टर्ड एकाउन्टेंट अथवा कॉस्ट एकाउन्टेंट अथवा एमबीए के साथ केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम अथवा सांविधिक अथवा केंद्र सरकार या राज्य सरकारों के तहत स्वायत्त संगठन में कॉर्पोरेट लेखों और कॉर्पोरेट वित्त मामलों के कार्य में कम से कम 15 वर्ष के अनुभव के साथ वित्त में विशेषज्ञता हो.

किसी भी अधिकारी को चयनित होने के बाद आवेदन वापस लेने अथवा सेवा ग्रहण करने से इंकार करने की अनुमति नहीं होगी और यह प्रायोजित करने वाले प्राधिकारी की जिम्मेदारी होगी कि वह चयनित अधिकारी को नियुक्ति आदेश जारी किए जाने के एक माह के अंदर कार्यमुक्त कर दे.

10. **आयु :** प्रतिनियुक्ति या अल्प अवधि संविदा द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की निर्धारित अंतिम तिथि तक 58 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

**अनुलग्नक-2**

## जीवन-वृत्त प्रपत्र

1. नाम और पता (सुस्पष्ट अक्षरों में) :

टेलीफोन नंबर :

2. जन्म तिथि (ईस्वी सन् के अनुसार)

3. केन्द्र सरकार नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तारीख :

4. शैक्षिक योग्यता :

5. क्या इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक तथा अन्य योग्यताएं रखते हैं. (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित किसी योग्यता के समतुल्य माना गया है तो इसके लिए प्राधिकार का उल्लेख करें)

| अपेक्षित योग्यताएं/अनुभव | अधिकारी की योग्यताएं/अनुभव |
|---|---|
| अनिवार्य | |
| वांछनीय | |

6. कृपया आप स्वयं द्वारा की गई प्रविष्टियों के संदर्भ में सुस्पष्ट उल्लेख करें कि क्या आप पद की पात्रता पूरी करते हैं.

7. तारीखवार रोज़गार के ब्यौरे (यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर द्वारा भली-भांति अधिप्रमाणित अलग से एक शीट संलग्न करें) :

| कार्यालय/संस्थान/संगठन | धारित पद और सेवा/संवर्ग जिससे संबंधित हैं | से | तक | वेतन बैंड में वेतन और पद की श्रेणी | दायित्वों का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

8. वर्तमान रोज़गार का स्वरूप अर्थात्

(i) तदर्थ आधार पर

(ii) नियमित/अस्थायी आधार पर

(iii) वेतन बैंड में वेतन

(iv) आहरित ग्रेड वेतन

9. वर्तमान पद प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर धारित होने के मामले में, कृपया उल्लेख करें

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख

(ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि

(ग) आपके मूल कार्यालय/संगठन का नाम, जिससे आप संबंध रखते हैं.

10. वर्तमान रोज़गार के विषय में अतिरिक्त विवरण; कृपया बताएं कि आप किसके अंतर्गत कार्य कर रहे हैं :

(क) केन्द्र सरकार

(ख) राज्य सरकार

(ग) स्वायत्त संगठन

(घ) सरकारी उपक्रम

(ङ) विश्वविद्यालय

11. क्या आप संशोधित वेतनमान ले रहे हैं ? यदि हां, तो संशोधन की तारीख बताएं तथा संशोधन पूर्व वेतनमान का भी उल्लेख करें.

12. वर्तमान में आहरित कुल मासिक परिलब्धियां

13. अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, जो इस पद के समर्थन में आप उल्लेख करना चाहते हों. यदि सधान अपर्याप्त हो तो अलग से शीट संलग्न करें.

14. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं

15. अभ्युक्तियां

**आवेदक के हस्ताक्षर**

दिनांक : ...................

यह प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा दी गई सूचना उसके सेवा रिकॉर्ड से सत्यापित कर ली गई है और सही पाई गई है.

**मूल कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी**

**के प्रतिहस्ताक्षर और मोहर**

**सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर**

**अनुलग्नक-3**

**सतर्कता निकासी प्रमाण-पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि डॉ./श्री/श्रीमती/सुश्री.......................................जिन्होंने ..................... में प्रतिनियुक्ति के आधार पर ........................ के पद के लिए आवेदन किया है, के विरुद्ध न तो कोई सतर्कता निकासी और न ही कोई अनुशासनिक कार्यवाही अथवा अपराधिक कार्यवाही लंबित है और न ही शुरू किए जाने का विचार है.

**(प्राधिकृत अधिकारी)**

**नाम और कार्यालय की मोहर**

**दिनांक :** ....................

**अनुलग्नक-4**

**शास्ति प्रमाण-पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि डॉ./श्री/श्रीमती/सुश्री...................................... जिन्होंने ............................ में प्रतिनियुक्ति के आधार पर ...................... के पद के लिए आवेदन किया है, पर पिछले 10 वर्षों में कोई छोटी/बड़ी शास्ति नहीं लगायी गयी है.

**(प्राधिकृत अधिकारी)**

**नाम और कार्यालय की मोहर**

**दिनांक :** ..................

**अनुलग्नक-5**

**सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र**

डॉ./श्री/श्रीमती/सुश्री ............................ जिन्होंने ............................ में प्रतिनियुक्ति के आधार पर ............... के पद के लिए आवेदन किया है, की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट की जांच करने के बाद यह प्रमाणित किया जाता है कि उनकी सत्यनिष्ठा में कोई संदेह नहीं है.

**(उप सचिव अथवा उससे ऊपर के अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जाएं)**

**नाम और कार्यालय की मोहर**

**दिनांक :** ..................

**रो.स. 3/33**

सं. ए 12025/1/2016-ई.-III

भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

# जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में अधीनस्थ कार्यालय फरक्का बैराज परियोजना जिला मुर्शीदाबाद, पश्चिम बंगाल- 742212 में प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) पर वेतन मैट्रिक्स में लेवल-7 (44900-142400) रुपये में **अनुभाग अधिकारी** के दो पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**2. कार्य के संक्षिप्त दायित्व:** अनुभाग अधिकारी को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्य का निष्पादन करना होगा। नियमों का मसौदा बनाना होगा, नोट प्रस्तुत करने होंगे, सार तैयार करना होगा, संबंधित रिकॉर्ड का प्रबंधन करना होगा। पत्रों का उत्तर देना, अन्य विभागों से पत्राचार करना आदि कार्य करने होंगे। अनुभाग अधिकारी संबंधित अनुभाग का प्रमुख होता है जो प्रशासनिक, लेखा एवं गोपनीय मामलों का पर्यवेक्षण करता है।

**3. पात्रता मानदंड:** केन्द्र अथवा राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र अथवा अर्धसरकारी अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम अथवा सांविधिक निकायों अथवा स्वायत्त निकायों अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों अथवा अनुसंधान संस्थाओं के ऐसे अधिकारी-

**(क)** (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; **अथवा**

(ii) मूल संवर्ग अथवा विभाग में वेतन मैट्रिक्स में लेवल-6 (35400-112400) रुपये अथवा समतुल्य वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा दी हो; और

**(ख)** जिसके पास निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव हो:

(I) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री।

(ii) स्थापना एवं लेखा मामलों में 2 वर्ष का अनुभव।

**टिप्पणी 1:** फीडर श्रेणी के विभागीय अधिकारी जो सीधी पदोन्नति के पात्र हैं उन पर प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति हेतु विचार नहीं किया जाएगा। इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति पर तैनात अधिकारी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने हेतु पात्र नहीं होगा।

**प्रतिनियुक्ति की अवधि:** प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया केंद्र सरकार के समान अथवा किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से तुरंत पहले धारित अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित तीन वर्ष अधिक नहीं होगी।

**आयु-**प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की निर्धारित अंतिम तिथि तक 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

6. इस पद के लिए अभ्यर्थी की पात्र सेवा/अनुभव और आयु का निर्धारण करने की अंतिम तिथि आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख होगी।

7. किसी भी अधिकारी को चयनित होने के बाद आवेदन वापस लेने अथवा सेवाग्रहण करने से इंकार करने की अनुमति नहीं होगी; और यह प्रायोजित करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह चयनित अधिकारी को नियुक्ति आदेश जारी किए जाने के एक माह के अंदर कार्यमुक्त करे।

8. चयनित अधिकारी के पास कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.06.2010 के का.ज्ञा. सं. 6/8/2009-स्थापना (**वेतन-II**) (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार अपना ग्रेड वेतन और प्रतिनियुक्ति (ड्यूटी) भत्ता आहरित करने अथवा प्रतिनियुक्ति के पद के वेतनमान में अपना वेतन निर्धारित करवाने का विकल्प होगा।

**9. अनुलग्नक-I से IV में आवेदक के संपूर्ण विवरण के साथ आवेदन यह परिपत्र जारी होने अथवा रोज़गार समाचार में यह विज्ञापन प्रकाशित होने की तारीख, जो भी बाद में हो, से 60 दिन के अंदर श्री ए.के. कौशिक, अवर सचिव (ई-III), छठा तल (कमरा संख्या- 625), जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली- 110001 को पहुंच जाना चाहिए.** सभी आवेदकों की जानकारी गुप्त रखी जाएगी. सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के आवेदकों को **"उचित माध्यम से" आवेदन करना चाहिए.** विज्ञापन में मांगे गए संपूर्ण ब्यौरे के बिना किए गए आवेदन रद्द किए जा सकते हैं।

10. मात्र ऐसे अधिकारी/अभ्यर्थी के आवेदन पर विचार किया जाएगा, जो उचित माध्यम से भेजे गए हैं और जिनके साथ **(I) अनुलग्नक-2** में दिए गए प्रपत्र में जीवन वृत्त (चार प्रति) **(ii)** अवर सचिव अथवा इससे ऊपर स्तर के अधिकारी से सत्यापित विगत पांच वर्ष की एसीआर/एपीएआर की प्रतिलिपि **(iii) अनुलग्नक-3** में दिए गए प्रपत्र में सतर्कता स्वीकृति **(iv) अनुलग्नक-4** के प्रपत्र के अनुसार पिछले दस वर्षों के दौरान लगायी गयी, यदि कोई हो, बड़ी या छोटी शास्ति का ब्यौरा और **(v) अनुलग्नक-5** के अनुसार सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र तथा **(vi)** संवर्ग स्वीकृति संलग्न हो।

11. विज्ञापन और आवेदन का प्रारूप मंत्रालय की वेबसाइट **htpp://mowr.gov.in/** से डाउनलोड भी किया जा सकता है।

(ए.के. दास)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष सं. 23714350
ई-मेल: use3-mow@nic.in

अनुलग्नक-1

**1. पद का नाम: अनुभाग अधिकारी, फरक्का बैराज परियोजना**

**2. पदों की संख्या:** 02 (दो)

**3. वर्गीकरण:** सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ख', राजपत्रित, अनुसचिवीय

**4. वेतन बैंड/ग्रेड वेतन:** वेतन मैट्रिक्स में लेवल-7 (44900-142400 रुपए)

**5. प्रतिनियुक्ति की अवधि:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, इस संगठन अथवा केंद्र सरकार के किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से तुरंत पहले धारित अन्य संवर्ग-बाह्य पद की प्रतिनियुक्ति अवधि सहित सामान्यतः 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**6. पद के कर्तव्य एवं दायित्व:** अनुभाग अधिकारी को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्य का निष्पादन करना होगा। नियमों का मसौदा बनाना होगा, नोट प्रस्तुत करने होंगे, सार तैयार करना होगा, संबंधित रिकॉर्ड का प्रबंधन करना होगा। पत्रों का उत्तर देना, अन्य विभागों से पत्राचार करना आदि कार्य करने होंगे। अनुभाग अधिकारी संबंधित अनुभाग का प्रमुख होता है जो प्रशासनिक, लेखा एवं गोपनीय मामलों का पर्यवेक्षण करता है।

**7. वेतन एवं भत्ते:** चयन किए गए अधिकारी को, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.06.2010 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्थापना (वेतन-II) {समय-समय पर यथा-संशोधित} की शर्तों के अनुसार अपना ग्रेड वेतन और प्रतिनियुक्ति (ड्यूटी) भत्ता आहरित करने अथवा प्रतिनियुक्ति पद के वेतनमान में अपना वेतन नियत कराने का विकल्प होगा।

**8. पद के लिए आवश्यक अर्हताएं, अनुभव और पात्रता:** केंद्र अथवा राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र अथवा अर्धसरकारी अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम अथवा सांविधिक निकायों अथवा स्वायत्त निकायों अथवा मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों अथवा अनुसंधान संस्थाओं के ऐसे अधिकारी-

**(क)** (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; **अथवा**

(ii) मूल संवर्ग अथवा विभाग में वेतन मैट्रिक्स में लेवल-6 (35400-112400) रुपये अथवा समतुल्य वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा दी हो; और

**(ख)** जिसके पास निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव हो:

(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री।

(II) स्थापना एवं लेखा मामलों में 2 वर्ष का अनुभव।

**टिप्पणी 1:** फीडर श्रेणी के विभागीय अधिकारी जो सीधी पदोन्नति के पात्र हैं उन पर प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति हेतु विचार नहीं किया जाएगा। इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति पर तैनात अधिकारी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने हेतु पात्र नहीं होगा।

किसी भी अधिकारी को चयनित होने के बाद आवेदन वापस लेने अथवा सेवाग्रहण करने से इंकार करने की अनुमति नहीं होगी; और यह प्रायोजित करने वाले प्राधिकारी की जिम्मेदारी होगी कि वह चयनित अधिकारी को नियुक्ति आदेश जारी किए जाने के एक माह के अंदर कार्यमुक्त करें।

**9. आयु:** प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन संविदा सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की निर्धारित अंतिम तिथि तक 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

अनुलग्नक-2

**जीवन-वृत्त प्रपत्र**

1. नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में):
टेलीफोन नंबर:
2. जन्म तिथि (ईस्वी सन में):
3. केंद्र सरकार नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तारीख:
4. शैक्षिक योग्यता:

5. क्या आप इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक तथा अन्य योग्यताएं रखते हैं. (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित किसी योग्यता के समतुल्य माना गया है तो इसके लिए प्राधिकरण का उल्लेख करें).

| अपेक्षित योग्यताएं/अनुभव | अधिकारी की योग्यताएं/अनुभव |
|---|---|
| अनिवार्य | |
| वांछित | |

6. कृपया आप स्वयं द्वारा की गई प्रविष्टियों के संदर्भों में स्पष्ट रूप से उल्लेख करें कि क्या आप पद की अपेक्षा पूरी करते हैं.

7. कालक्रमानुसार रोज़गार के ब्यौरे (यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर द्वारा भली-भांति अधिप्रमाणित अलग से एक शीट संलग्न करें.):

| कार्यालय/संस्था/संगठन का नाम | धारित पद और सेवा/संवर्ग जिससे यह संबंधित है | से | तक | वेतन बैंड में वेतन और पद की श्रेणी | कार्य का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

8. वर्तमान नियुक्ति का स्वरूप अर्थात्
(i) तदर्थ (ii) स्थाई/अस्थाई आधार पर (iii) वेतन बैंड में वेतन (iv) आहरित ग्रेड वेतन

9. वर्तमान पद प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर धारित होने के मामले में कृपया उल्लेख करें.
(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख
(ख) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि
(ग) आपके मूल कार्यालय/संगठन का नाम

10. वर्तमान रोज़गार के विषय में अतिरिक्त विवरण:
कृपया बताएं कि आप किसके अंतर्गत कार्य कर रहे हैं-
(क) केंद्र सरकार
(ख) राज्य सरकार
(ग) स्वायत्त संगठन
(घ) सरकारी उपक्रम
(ड.) विश्वविद्यालय

11. क्या आप संशोधित वेतनमान ले रहें हैं? यदि हां, तो संशोधन की तारीख बताएं तथा संशोधन पूर्व वेतनमान का भी उल्लेख करें.

12. वर्तमान में आहरित कुल मासिक परिलब्धियां

13. अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, जिसे आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लिखित करना चाहते हों. यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग से शीट संलग्न करें.

14. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं.

15. अभ्युक्तियां

**आवेदक के हस्ताक्षर**

दिनांक:

यह पुष्टि की जाती है कि आवेदक द्वारा दी गई सूचना उसके सेवा रिकॉर्ड से सत्यापित कर ली गई है और सही पायी गई है.

**मूल कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी के प्रतिहस्ताक्षर और मोहर**

**सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर**

अनुलग्नक-3

**सतर्कता निकासी प्रमाण-पत्र**

पुष्टि की जाती है कि डॉ./श्री/श्रीमती/सुश्री.......................................जिन्होंने...........................में प्रतिनियुक्ति के आधार पर ........................ के पद के लिए आवेदन किया है, के विरुद्ध न तो कोई सतर्कता निकासी अथवा अनुशासनिक कार्यवाही अथवा अपराधिक कारंवाई लंबित है और न ही शुरू किए जाने का विचार है.

**(प्राधिकृत अधिकारी)**
**नाम और कार्यालय की मोहर**

दिनांक:

अनुलग्नक-4

**शास्ति प्रमाण-पत्र**

पुष्टि की जाती है कि डॉ./श्री/श्रीमती/सुश्री.......................................जिन्होंने...........................में प्रतिनियुक्ति के आधार पर ........................ के पद के लिए आवेदन किया है, पर पिछले वर्षों में कोई छोटी/बड़ी शास्ति नहीं लगाई गयी है.

**(प्राधिकृत अधिकारी)**
**नाम और कार्यालय की मोहर**

दिनांक:

अनुलग्नक-5

**सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र**

डॉ./श्री/श्रीमती/सुश्री.......................................जिन्होंने...........................में प्रतिनियुक्ति के आधार पर ........................ के पद के लिए आवेदन किया है, की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट की जांच करने के बाद यह प्रमाणित किया जाता है कि उनकी सत्यनिष्ठा में कोई संदेह नहीं है.

**(उप सचिव अथवा उससे ऊपर के अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जाने हैं)**
**नाम और कार्यालय की मोहर**

दिनांक:

रो.स. 3/5

# चंडीगढ़ प्रशासन

नगर योजना विभाग

(नगर योजना स्कंध)

यू.टी सेक्रेटेरिएट बिल्डिंग

सेक्टर - 9/डी, चंडीगढ़

## विज्ञापन

नगर योजना स्कंध, शहरी योजना विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन में प्रतिनियुक्ति के आधार पर वेतनमान 5910 - 20200 रुपए + 1900 रुपए ग्रेड पे में **फेरो-प्रिंटर** के एक (01) पद को भरे जाने के लिए केंद्र/राज्य सरकार/केंद्र शासित प्रदेशों से आवेदन आमंत्रित हैं. सभी संदर्भों में विधिवत पूरित आवेदनों को **रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर ''प्रधान वास्तुविद, योजना विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन, कमरा सं. - 322, तीसरा तल, यू.टी सेक्रेटेरिएट बिल्डिंग, सेक्टर - 9, चंडीगढ़ - 160009'' के पते पर** पहुंचना सुनिश्चित करें. विस्तृत नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://urbanplanning.chd.gov.in** और वेबसाइट **http://chdpr.gov.in** पर प्रस्तुत विज्ञापन में उपलब्ध हैं.

**प्रधान वास्तुविद**
**शहरी योजना विभाग**
**चंडीगढ़ प्रशासन**

रो.स. 3/7

# जवाहरलाल नेहरु एल्युमिनियम अनुसंधान विकास एवं अभिकल्प केन्द्र

(खान मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान)

वाडी पुलिस स्टेशन के सामने, अमरावती रोड, वाडी, नागपुर - 440 023. www.jnarddc.gov.in

## भर्ती सूचना/Recruitment Notice - जे.एन.ए.आर.डी.डी.सी.

**विज्ञापन क्र. 01/2021 (अप्रैल 2021)**

जे.एन.ए.आर.डी.डी.सी., नागपुर, जो बॉक्साइट, एल्यूमिना एवं एल्युमिनियम के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए एक ''उत्कृष्ट केन्द्र'' है, निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है।

| पद | पद की संख्या एवं आरक्षण की स्थिति | 7वें वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स लेवल | ऊपरी आयु सीमा (इस विज्ञापन के जारी होने की तिथि पर) | आवश्यक योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| साईंटिफिक असिस्टेंट–II | एक – अनारक्षित | लेवल–5 (₹29200-92300) | 30 वर्ष | बी.एससी./तीन वर्षों की अवधि का इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा या समकक्ष तीन वर्षों के प्रासंगिक अनुभव के साथ |
| साईंटिफिक असिस्टेंट–I | एक – आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग | लेवल–4 (₹25500-81100) | 25 वर्ष | बी.एससी./तीन वर्षों की अवधि का इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा या समकक्ष |
| सीनियर पर्चेस कम स्टोर असिस्टेंट | एक – अनारक्षित | लेवल–5 (₹29200-92300) | 28 वर्ष | स्नातक प्राधान्य से बी.कॉम., पर्चेस एवं स्टोर्स में तीन वर्षों की सेवा के साथ |
| जूनियर असिस्टेंट | एक – अन्य पिछड़ा वर्ग | लेवल–2 (₹19900-63200) | 28 वर्ष | स्नातक; टाइपिंग स्पीड 40 wpm/कंप्यूटर्स में सर्टिफिकेट के साथ |

आवेदन केवल ऑनलाइन प्रस्तुत करना होगा। विस्तृत नियम एवं शर्तें केन्द्र की वेबसाइट **www.jnarddc.gov.in** में सब–हेड करिअर के अंतर्गत उपलब्ध है। आवेदन शुल्क ₹500/- है (अ.जा./अ.ज.जा./विकलांग व्यक्ति/पूर्व–सैनिक उम्मीदवारों को शुल्क के भुगतान में छूट है)।

**ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.05.2021 है।**

रो.स. 3/12

# भारतीय प्रबंध संस्थान कलकत्ता

जोका, डायमंड हार्बर रोड, कलकत्ता- 700104

## भारतीय प्रबंध संस्थान कलकत्ताः निदेशक पद के लिए दिये गए विज्ञापन हेतु शुद्धिपत्र

भारतीय प्रबंध संस्थान कलकत्ता, जोका, डायमंड हार्बर रोड, कलकत्ता – 700104 में निदेशक पद के चयन के लिए एम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोज़गार समाचार में मार्च 6–12, 2021 के वॉल्यूम नं. XLV नं. 43, पृष्ठ 24 में प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **30 अप्रैल, 2021** तक बढ़ा दी गयी है।

इच्छुक उम्मीदवार अपना सीवी : **SCSC-2021@iimcal.ac.in** पर भेजें और उसकी एक प्रति पोस्ट/कुरियर द्वारा अध्यक्ष, अन्वेषण सह चयन समिति, भारतीय प्रबंध संस्थान कलकत्ता, जोका, डायमंड हार्बर रोड, कलकत्ता–700104 पर भी भेजें। **सभी आवेदन अन्वेषण सह चयन समिति को ईमेल और नियमित मेल के माध्यम से दिनांक 30 अप्रैल, 2021 एवं उससे पूर्व पहुंच जाने चाहिएं।**

रो.स. 3/37

# राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाइसर)

(परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार का एक स्वयं शासित संस्थान)

पोस्ट–भीमपुर–पदनपुर, वाया–जटनी, जिला–खुर्दा–752050

वेबसाइटः http://www.niser.ac.in, ईमेलः rct_na@niser.ac.in

**विज्ञापन सं.: NISER/RC/2020/NA/02**

**दिनांकः 30 मार्च 2021**

## सूचना

विज्ञापन संख्याः NISER/RC/2020/NA/02 दिनांक 7 दिसम्बर 2020 के द्वारा वैज्ञानिक सहायक–सी (कम्प्यूटर) के पद हेतु के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को एतद् द्वारा निम्नलिखित तिथि तक बढ़ाया जाता है।

**ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथिः 31 मई 2021**

भर्ती विभाग नाइसर में आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथिः 10 जून 2021

अतः इच्छुक आवेदकों से अनुरोध है कि वे विज्ञापन का पालन करें एवं अंतिम तिथि या उससे पहले ऑनलाइन (**https://www.niser.ac.in/**) आवेदन करें। नाइसर किसी भी तरह से डाक विलम्ब के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। मूल विज्ञापन के अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेगी।

**एफआईसी (भर्ती)**

रो.स. 3/4

Ministry of Culture
Government of India

# Kalakshetra Foundation

*(An Autonomous body under the Ministry of Culture, Government of India)*

**Thiruvanmiyur, Chennai - 600 041.**

कलाक्षेत्र फाउंडेशन की विभिन्न इकाइयों में निम्नलिखित पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:

| पद का नाम | पद की सं. | वर्गीकरण | वेतन लेवल |
|---|---|---|---|
| प्रबंधक (शिल्प शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र) | 1 (अना) | ग्रुप बी | रु. 35400–112400 (7वें सीपीसी वेतनमान का वेतन लेवल 6) |
| फोरमैन (शिल्प शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र) | 1 (अना) | ग्रुप सी | रु. 25500–81100 (7वें सीपीसी वेतनमान का वेतन लेवल 4) |
| अर्ध–कुशल कामगार (शिल्प शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र) | 1 (अना) | ग्रुप सी | रु. 18000–56900 (7वें सीपीसी वेतनमान का वेतन लेवल 1) |
| प्रबंधक (बेसेंट अरूंडेल सीनियर सेकेण्डरी विद्यालय) | 1 (अना) | ग्रुप बी | रु. 35400–112400 (7वें सीपीसी वेतनमान का वेतन लेवल 6) |
| अकाउंटेंट, कलाक्षेत्र फाउंडेशन | 1 (अना) | ग्रुप सी | रु. 29200–92300 (7वें सीपीसी वेतनमान का वेतन लेवल 5) |
| निरीक्षक, बेसेंट सांस्कृतिक केंद्र छात्रावास | 1 (अना) | ग्रुप सी | रु. 25500–81100 (7वें सीपीसी वेतनमान का वेतन लेवल 4) |

**योग्यता एवं आयु सीमाः**

| पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता | आयु सीमा |
|---|---|---|
| प्रबंधक (शिल्प शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र) | क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.कॉम. या समकक्ष<br>ख) एसीए/आईसीडब्ल्यूए (इंटर)<br>ग) राज्य/केन्द्र सरकार/सार्वजनिक विभाग/पीएसयू में 5 वर्षों का अनुभव<br>घ) केन्द्र सरकार के नियमों एवं विनियमों का ज्ञान<br>ङ) प्रबंधन एवं विपणन का अनुभव | 35 वर्ष |
| फोरमैन (शिल्प शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र) | क) कक्षा 10वीं उत्तीर्ण<br>ख) रेशम एवं सूती साड़ियों के बुनाई में प्रशिक्षण<br>ग) सहकारी बुनकर समितियों में 5 वर्षों का अनुभव<br>घ) विशेषकर रेशम साड़ियों में डिज़ाइन एवं विभिन्न पैटर्न की शुरूआत करने के लिए बुनकरों का मार्गदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए | 35 वर्ष |
| अर्ध–कुशल कामगार (शिल्प शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र) | क) कक्षा 8वीं उत्तीर्ण<br>ख) ब्लॉक प्रिंटिंग तथा वेजिटेबल डाई का उपयोग करने का अनुभव<br>ग) बॉइलिंग, रंगाई, सिलाई आदि जैसे प्रक्रियाओं का ज्ञान होना चाहिए<br>वांछनीयः<br>1) सिलाई<br>2) ड्राइंग | 25 वर्ष |
| प्रबंधक (बेसेंट अरूंडेल सीनियर सेकेण्डरी विद्यालय) | क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एम.ए./एम.एससी/एम.कॉम या समकक्ष<br>ख) शिक्षा में डिग्री<br>ग) केन्द्र सरकार के नियमों एवं विनियमों का ज्ञान<br>घ) विद्यालय प्रबंधन में 5 वर्षों का अनुभव | 35 वर्ष |
| अकाउंटेंट, कलाक्षेत्र फाउंडेशन | क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.कॉम या समकक्ष<br>ख) किसी प्रतिष्ठित संस्था में लेखाओं के लेखन में 4 वर्षों का अनुभव<br>ग) कम्प्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान | 35 वर्ष |
| निरीक्षक, बेसेंट सांस्कृतिक केंद्र छात्रावास | क) स्नातक के साथ<br>ख) 250 छात्रों की क्षमता वाले छात्रावास प्रबंधन में 8 वर्षों का अनुभव | 40–50 वर्ष के बीच |

विस्तृत योग्यता/निर्देश कलाक्षेत्र फाउंडेशन की वेबसाइट **www.kalakshetra.in → Links → Others → Vacancies.** पर उपलब्ध हैं।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **17.05.2021 को सायं 5.00 बजे** तक होगी।

रो.स. 3/27

फाइल सं. ए-11013/1/2021-जीडब्ल्यूई
भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय

# जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

## (जीडब्ल्यूई अनुभाग)

कमरा सं. 635, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001

जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के अंतर्गत केन्द्रीय भूजल बोर्ड में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन संविदा सहित) आधार पर 7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के लेवल-14 में (1,44,200-2,18,200/- रुपए 7वें सीपीसी के अनुसार) **परियोजना निदेशक (अटल भूजल योजना)** के **01 (एक) पद** को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):

केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्र या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थाओं या विश्वविद्यालयों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या अर्द्ध-सरकारी या कानूनी या स्वायत्त संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारीः

(क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; **या**

(ii) जिनकी मूल काडर या विभाग में स्तर-13 क (रु. 131100-216600) या समतुल्य वेतनमान में नियमित आधार पर उस पद पर नियुक्ति के पश्चात उस श्रेणी में दो वर्ष की सेवा है; **और**

(iii) जिनकी मूल काडर या विभाग में स्तर-13 (रु. 123100-215900) या समतुल्य वेतनमान में नियमित आधार पर उस पद पर नियुक्ति के पश्चात उस श्रेणी में तीन वर्ष की सेवा है; **और**

**(ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हता और अनुभव हैं:**

(i) भूजल विज्ञान अथवा भूविज्ञान अथवा जल विज्ञान अथवा भूभौतिकी अथवा जल मौसमविज्ञान के क्षेत्र में मास्टर डिग्रीः **और**

(ii) भूजल संसाधनों के सामग्री प्रबंधन और भूजल निगरानी सहित भूजल संसाधन सर्वेक्षण, विकास, अन्वेषण में अथवा जल संरक्षण और भूजल संवर्धन सहित भूजल संसाधन प्रबंधन में पंद्रह वर्षों का अनुभव.

**नोट 1:** प्रतिनियुक्ति की अवधि जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी.

**नोट 2:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) के लिए अधिकतम आयु सीमा आवदेन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को अट्ठावन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

**2.** उपर्युक्त पद के लिए चुने गए अधिकारी का वेतन भारत सरकार डीओपीटी के समय-समय पर संशोधित दिनांक 05.01.1994 के का.ज्ञा. सं. 2/29/91-स्था. (पे II) में दिए गए प्रावधानों के अनुसार नियमित किया जाए.

**3. पद के कर्तव्य तथा उत्तरदायित्व निम्नलिखित हैं:**

1) जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग में आवश्यक अवसंरचना तथा स्टाफ के साथ एक राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधन यूनिट (एनपीएमयू) स्थापित की गई है जो कार्यक्रम कार्यान्वयन के समन्वय तथा सहायता के लिए उत्तरदायी जिसमें भागीदार राज्यों को कार्यान्वयन सहायता उपलब्ध कराना शामिल है. एनपीएमयू , डीओडब्ल्यू, आरडी तथा जीआर के लिए तथा उसकी ओर से अटल भूजल योजना को आवंटित निधियों के प्रशासन सहित दैनिक कार्यकलापों का प्रबंधन करेगी. यह भागीदारी राज्यों को तकनीकी सहायता (हायर किए गए विशेषज्ञों के माध्यम से) उपलब्ध कराएगी और स्कीम की नियमित मॉनीटरिंग तथा कार्यान्वयन का मूल्यांकन करेगी. एनपीएमयू का प्रमुख परियोजना निदेशक होगा. जो भारत सरकार के संयुक्त सचिव के रैंक से नीचे का अधिकारी नहीं होगा.

2) एनपीएमयू की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को मौटे तौर पर छह भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है और प्रमुख जिम्मेदारियां निम्नवत हैं:

**(i) कार्यक्रम प्रबंध और संस्थागत व्यवस्थाएं :**

क. जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के अंतर्गत एनपीएमयू के कर्मचारियों और सहयोगी कर्मचारियों और उपयुक्त विशेषज्ञों की नियुक्ति सुनिश्चित करना.

ख. वार्षिक बजट तैयार करना.

ग. राज्यों की सहमति से कार्य योजनाओं को तैयार करना और उनकी समीक्षा करना.

घ. कर्तव्य दिशा-निर्देशों कार्यक्रम मॉडल तैयार करना और प्रतिभागी राज्यों में इसे परिचालित करना.

ङ. शिकायत निपटान प्रणाली स्थापित करना और इसके उपयोग हेतु संबंधित कर्मचारियों और समुदाय प्रमुखों को प्रशिक्षित करना; प्राप्त शिकायतों का निपटान करना और निम्न स्तर पर प्राप्त शिकायतों के निपटान की समय से निगरानी.

च. कार्यक्रम दिशा-निर्देशों को तैयार करना और विश्व बैंक की सहमति के अनुसार इसे समय-समय पर अद्यतन करना.

छ. अटल भूजल योजना की प्रगति रिपोर्ट को तैयार करना और इसे विश्व बैंक को प्रस्तुत करना.

ज. संबंधित विशेषज्ञों, तृतीय पक्ष सरकारी सत्यापन एजेंसी (टीपीजीवीए) और अन्य परामर्शदाताओं को आवश्यकतानुसार समय-समय पर भर्ती करना.

झ. टीपीजीवीए को प्रोटोकॉल, मूल्यांकन और अनुमोदित मैन्युअलों का विकास करने में सहायता करना.

ञ. एकत्र किए गए आंकड़ों की समीक्षा, उन्हें अंतिम रूप देने और टीपीजीवीए रिपोर्टों की तैयारी में मदद करने के लिए टीपीजीवीए में भागीदारी और उसे समर्थन देना.

**(II) प्रापण**

(क) राज्यों द्वारा कर्तव्या दिशा-निर्देशों कार्यक्रम का अनुपालन सुनिश्चित करना, जो पीजी के अनुसार होगा.

(ख) यह सुनिश्चित करना कि राज्यों द्वारा वार्षिक घरेलू खरीद और वित्तीय समीक्षा और लेखा परीक्षा समय से पूरी की गई है और रिपोर्ट को साझा किया गया है और यह भी सुनिश्चित किया जाना है कि इन टिप्पणियों का निपटान शीघ्रता से किया जाए.

(ग) राज्यों की सहमति से वार्षिक प्राप्ण योजनाओं को तैयार करना और इनकी समीक्षा करना.

(घ) कर्तव्य दिशा-निर्देशों कार्यक्रम का अनुपालन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर प्रापण करना.

**(III) वित्तीय प्रबंधन**

(क) विश्व बैंकों अग्रिम जारी करने हेतु अनुरोध प्रस्तुत करना.

(ख) जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग को एनपीएमयू की बजट अपेक्षाओं का वार्षिक प्रस्तुतिकरण सुनिश्चित करना.

(ग) राज्यों को निधि जारी करने के लिए अपेक्षित दस्तावेज तैयार करना.

(क) भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 की पहली या द्वितीय अनुसूची अथवा तृतीय अनुसूची के भाग II में सम्मिलित मान्यता प्राप्त चिकित्सा अर्हता (लाइसेंसिएट अर्हताओं के अलावा). भाग II और तृतीय अनुसूचियों में सम्मिलित शैक्षणिक अर्हता धारकों को भारतीय चिकित्सा अधिनियम, 1956 के उप अनुच्छेद (13) में निर्धारित शर्तों को भी पूरा करना चाहिए.

(ख) अनिवार्य रोटेटिंग इंटर्नशिप पूरी की हो.

9. **चिकित्सा जांच:** अभ्यर्थियों की चिकित्सा अधिकारियों के बोर्ड द्वारा इस उद्देश्य के लिए चिकित्सा जांच की जाएगी. नियुक्ति मेडिकल फिटनेस के विषयाधीन होगी.

अभ्यर्थी भातिसीपु की वेबसाइट अर्थात् **http:/www.itbppolice.nic.in** और **http:/www.itbp.gov.in** को भी देख सकते हैं. अभ्यर्थियों को सीधे साक्षात्कार में उपस्थित होने से पहले सभी सूचनाओं को ध्यानपूर्वक पढ़ लेना चाहिए.

**(डॉ. टी. एन. मिश्रा)**

**आईजी/निदेशक (चिकित्सा) भातिसीपु**

अनुलग्नक-क

**भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल अस्पतालों में संविदात्मक आधार पर विशेषज्ञ चिकित्सकों और जीडीएमओज की नियुक्ति के लिए सीधे साक्षात्कार की अनुसूची.**

| क्रम सं. | तिथि और समय | सीधे साक्षात्कार के लिए रिपोर्टिंग पते का स्थान | भातिसीपु के अस्पतालों में अपेक्षित पदों की संख्या और नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 10.05.2021 | महानिरीक्षक (चिकित्सा), रेफरल अस्पताल, भातिसीपु, सीआईएसएफ कैम्प, गांव-सुथानिया, डाकघर सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) पिन-201306 | रेफरल अस्पताल, ग्रेटर नोएडा<br>**विशेषज्ञ:-**<br>**रेफरल अस्पताल, ग्रेटर नोएडा**<br>(i) मेडिसिन : 01<br>(ii) रेडियोलॉजिस्ट : 01<br>(iii) ईएनटी : 01<br>**कम्पोजिट अस्पताल, चंडीगढ़**<br>(i) मेडिसिन : 01<br>(ii) रेडियोलॉजिस्ट : 01<br>(iii) प्रसूति एवं महिला रोग : 01<br>**कम्पोजिट अस्पताल, देहरादून**<br>(i) मेडिसिन : 01<br>(ii) एनेस्थेटिक्स : 01<br>(iii) रेडियोलॉजिस्ट : 01<br>(iv) सर्जिकल : 01<br>(v) नेत्र : 01 |
| 2. | 10.05.2021 | कमांडेंट, 33वीं बटा. भातिसीपु, ब्लॉक नं. ए-14, छठा तल खेलगांव, गुवाहाटी, जिला-कामरूप (असम), पिन-781037 | 9वीं बटा. लोहितपुर - 01<br>13वीं बटा. लिंगडम - 02<br>20वीं बटा. आलो - 01<br>25वीं बटा. तेजू - 01<br>31वीं बटा. युपिया - 01<br>33वीं बटा. गुवाहाटी - 01<br>49वीं बटा. बसार - 01<br>**कुल जीडीएमओ - 08** |
| 3. | 10.05.2021 | उप महानिरीक्षक (चिकित्सा), कम्पोजिट अस्पताल, चंडीगढ़, भारत तिब्बत सीमा पुलिस गृह मंत्रालय/भारत सरकार डाकघर-सीमानगर (निकट एयरपोर्ट), चंडीगढ़ (यूटी) पिन-160003 | 2वीं बटा. कुल्लू - 01<br>3वीं बटा. बरेली - 02<br>5वीं बटा. लेह - 02<br>16वीं बटा. लेह - 01<br>19वीं बटा. सरहान - 01<br>21वीं बटा पी/चौक - 01 |

(शेष पृष्ठ 23 पर)

# साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स
## ''एक लघु नवरत्न कंपनी''

### चिकित्सा कार्यपालकों की भर्ती

### भर्ती विज्ञापन सं. 1/2021

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल), कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक अनुसूची ख ''लघुरत्न'' सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम-कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी है. यह भारत के दो राज्यों (छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश) में प्रचालन कार्य करती है. एसईसीएल/सीआईएल को सहायक कंपनियों/कोलफील्ड क्षेत्र अस्पतालों/औषधालयों में कार्य करने के लिए कार्य-समर्पित और उद्यमी चिकित्सा कार्यपालकों की आवश्यकता है. यदि आप चुनौती स्वीकार करने के लिए तैयार हैं और हमारे अपेक्षित मानदण्ड पूरा करते हैं तो एसईसीएल/सीआईएल में कार्य करने के लिए यह आपके लिए श्रेष्ठ अवसर है.

| क्र.सं. | पद का नाम और ग्रेड | पद की संख्या | वेतनमान (रु.) |
|---|---|---|---|
| 1. | (क) वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ (ई-4) | 52 | रु. 70,000-2,00,000 |
| | (ख) चिकित्सा विशेषज्ञ (ई-3) | | रु. 60,000-1,80,000 |
| 2. | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (ई-3) | 32 | रु. 60,000-1,80,000 |
| 3. | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (दंत चिकित्सा) (ई-3) | 02 | रु. 60,000-1,80,000 |

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में रिक्तियां :-**

ई-4 और ई-3 में कुल 86 (**छियासी**) रिक्तियां हैं. रिक्तियों का वर्गवार विवरण नीचे दिया गया है:-

| अना. | ईडब्ल्यूएस | अपिव | अजा | अजजा | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 32 | 9 | 24 | 14 | 7 | 86 |

**पात्रता मानदण्ड :-**

**वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ (ई-4) के पद के लिए- योग्यता और अनुभव:**

सामान्य सर्जरी, सामान्य औषधि और पल्मोनेरी औषधि के लिए न्यूनतम योग्यता भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा अनुमोदित किसी मान्यताप्राप्त संस्थान/कालेज से एमबीबीएस तथा मान्यताप्राप्त स्नातकोत्तर डिग्री/डीएनबी है और न्यूनतम 3 वर्ष का योग्यतोत्तर अनुभव होना चाहिए. अन्य विशेषज्ञों के लिए उक्त के अतिरिक्त, स्नातकोत्तर डिप्लोमा पर भी एक न्यूनतम पात्र योग्यता के रूप में विचार किया जाएगा.

**चिकित्सा विशेषज्ञ (ई-3) के पद के लिए योग्यता:**

सामान्य सर्जरी, सामान्य औषधि और पल्मोनेरी औषधि के लिए - न्यूनतम योग्यता भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा अनुमोदित किसी मान्यताप्राप्त संस्थान/कॉलेज से एमबीबीएस और मान्यताप्राप्त स्नातकोत्तर डिग्री / डीएनबी है. अन्य विशेषज्ञों के लिए, उक्त के अतिरिक्त, स्नातकोत्तर डिप्लोमा पर भी एक न्यूनतम पात्र योग्यता के रूप में विचार किया जाएगा.

**वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (ई-3) के पद के लिए योग्यता:**

भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा अनुमोदित मान्यताप्राप्त संस्थान/कॉलेज से एमबीबीएस.

**वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (दंत चिकित्सा) (ई-3) के लिए योग्यता:-**

भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा अनुमोदित मान्यताप्राप्त संस्थान/कॉलेज से बीडीएस और किसी अस्पताल/क्लीनिक में 1 (एक) वर्ष का योग्यतोत्तर अनुभव.

**टिप्पणी :** 1. जिन उम्मीदवारों ने अपेक्षित पात्र योग्यता किसी विदेशी विश्वविद्यालय /संस्थान से प्राप्त की है, उन पर भी विचार किया जाएगा बशर्ते कि वे एमसीआइ से अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें.

2. पात्रता के लिए, उम्मीदवारों ने अपनी योग्यता के संबंध में भारतीय चिकित्सा परिषद/राज्य चिकित्सा परिषद से पंजीकरण संख्या प्राप्त की हो.

**आयु-सीमा (अधिसूचना की तारीख को) :-**

**अनारक्षित (अना.) उम्मीदवारों के मामले में उच्च आयु सीमा :-**

- **वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ (ई-4 ग्रेड) के लिए सामान्य/अना. हेतु 42 वर्ष है.**
- **वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (दंत चिकित्सा सहित)/चिकित्सा विशेषज्ञ (ई-3** ग्रेड में) के लिए सामान्य/अना. हेतु 35 वर्ष है.

**आरक्षण एवं छूट :-**

i. अजा/अजजा/अपिव (गैर-सम्पन्न वर्ग)/ईडब्ल्यूएस/दिव्यांगजन (40 % या अधिक दिव्यांगता अंश वाले) उम्मीदवारों के लिए आरक्षण और छूट, इस उद्देश्य के लिए राष्ट्रपति के विनिर्देशों/भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार लागू हैं.

ii. उच्च आयु-सीमा अजा/अजजा के लिए 5 वर्ष, अपिव (गैर-सम्पन्न वर्ग) के लिए 3 वर्ष और दिव्यांगजन-अना के लिए 10 वर्ष, दिव्यांगजन-अपिव (गैर-सम्पन्न वर्ग) के लिए 13 वर्ष और दिव्यांगजन-अजा/अजजा के लिए 15 वर्ष इस शर्त पर शिथिलनीय होगी कि अधिसूचना की तारीख को उम्मीदवार की अधिकतम आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

iii. अपिव के जो उम्मीदवार सम्पन्न वर्ग से हैं वे अपिव को देय रियायत के पात्र नहीं हैं और ऐसे उम्मीदवारों को अपना वर्ग सामान्य लिखना है. का.प्र.वि. के दिनांक 31-3-2016 के दिशा-निर्देशानुसार सम्पन्न वर्ग की स्थिति के संबंध में अपिव प्रमाणपत्र केवल उस वित्त वर्ष के लिए वैध होगा जिस वर्ष में उम्मीदवार को प्रमाणपत्र जारी किया गया है.

iv. उच्च आयु-सीमा में ऐसी छूट प्राप्त करने के लिए उम्मीदवार को यथा अपेक्षित वैध प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

v. ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए उम्मीदवार द्वारा आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाणपत्र जमा करने की निर्णायक तारीख वह होगी जो डाक द्वारा आवेदनपत्र जमा करने की अंतिम तारीख है.

vi. भूतपूर्व सैनिक वर्ग के लिए आयु में छूट भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार लागू है.

1-1-1980 से 31-12-1989 तक की अवधि के दौरान जम्मू और कश्मीर में अधिवास कर चुके उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में 5 वर्ष की छूट लागू है.

**महत्वपूर्ण तारीखें:-**

**i. आवेदनपत्र जमा कराने की प्रारंभिक तारीख : 10-4-2021**

**ii. आवेदनपत्र जमा कराने की अंतिम तारीख : 30-04-2021 (अपराह्न 5.00 बजे तक)**

पात्रता मानदण्ड, पदों की सं., आयु, आरक्षण, आवेदन-प्रक्रिया, चयन-प्रक्रिया आदि पर विस्तृत सूचना के लिए एसईसीएल की वेबसाइट अर्थात् **www.secl.cil.in** पर फुटर पर प्रदर्शित "**Career**" शीर्ष पर विस्तृत विज्ञापन देखें. इस भर्ती से संबंधित कोई भी संशोधन/आशोधन केवल सीआईएल/एसईसीएल की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा. कानूनी अधिकार-क्षेत्र केवल कोलकाता में होगा. किसी भी पूछताछ के लिए हमसे (सम्पर्क नंबर) 07752-246336/9425531744/9425531720/9425531981 पर (सभी कार्य-दिवसों को प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक) और ई-मेल आईडी : **gmee.secl@coalindia.in/cmssecl.hq@gmail.com** पर सम्पर्क करें.

उप महाप्रबंधक (पी/ईई)

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, बिलासपुर

छत्तीसगढ़

रो.स. 3/56

---

**(पृष्ठ 22 का शेष)**

| क्रम सं. | तिथि और समय | सीधे साक्षात्कार के लिए रिपोर्टिंग पते का स्थान | भातिसीपु के अस्पतालों में अपेक्षित पदों की संख्या और नाम | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3. | 10.05.2021 | उप महानिरीक्षक (चिकित्सा), कम्पोजिट अस्पताल, चंडीगढ़, भारत तिब्बत सीमा पुलिस गृह मंत्रालय/भारत सरकार डाकघर-सीमानगर (निकट एयरपोर्ट), चंडीगढ़ (यूटी) पिन-160003 | 26वीं बटा लुधियाना | - | 01 |
| | | | 37वीं बटा. लेह | - | 01 |
| | | | 42वीं बटा. जोधपुर | - | 02 |
| | | | 43वीं बटा. सालबाग | - | 01 |
| | | | 47वीं बटा. सांबा | - | 01 |
| | | | 50वीं बटा. रामगढ़ | - | 01 |
| | | | 51वीं बटा. पटियाला | - | 02 |
| | | | 52वीं बटा. अमृतसर | - | 01 |
| | | | एसएस बटा सबोली | - | 01 |
| | | | बेस अस्पताल | - | 02 |
| | | | 7वीं बटा एनडीआरएफ, भटिण्डा | - | 04 |
| | | | 8वीं बटा एनडीआरएफ, गाजियाबाद | - | 02 |
| | | | 06 आरबी देवली, राजस्थान (सीआईएसएफ) | - | 01 |
| | | | 09वीं बटा. देवली, राजस्थान (सीआईएसएफ) | - | 01 |
| | | | एमपीआरटीसी बेहरोड़, राजस्थान (सीआईएसएफ) | - | 02 |
| | | | 7वीं आरबी किश्तवाड़, ज. एवं क. (सीआईएसएफ) | - | 01 |
| | | | आरटीसी देवली, राजस्थान (सीआईएसएफ) | - | 01 |
| | | | एसएसजी नोएडा (उ.प्र.) (सीआईएसएफ) | - | 01 |
| | | | 5वीं आरबी गाजियाबाद, उ.प्र. (सीआईएसएफ) | - | 01 |
| | | | **कुल जीडीएमओ** | - | **36** |
| 4. | 17.05.2021 | उप महानिरीक्षक (चिकित्सा) कम्पोजिट अस्पताल, देहरादून, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, गृह मंत्रालय/भारत सरकार डाक. सीमाद्वार, देहरादून पिन-248146 | प्रथम बटा. जोशीमठ | - | 01 |
| | | | 7वीं बटा मिरथी | - | 01 |
| | | | 8वीं बटा गौचर | - | 01 |
| | | | 14वीं बटा. पिथौरागढ़ | - | 01 |
| | | | 23वीं बटा. देहरादून | - | 02 |
| | | | 34वीं बटा. हल्दौखेर | - | 01 |
| | | | 35वीं बटा. माहीडांडा | - | 01 |
| | | | **कुल जीडीएमओ** | - | **08** |
| 5. | 17.05.2021 | कमांडेंट, 38वीं बटा. भारत तिब्बत सीमा पुलिस गृह मंत्रालय/भारत सरकार खारोरा कैम्प, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़), पिन-493225 | 6वीं बटा. छपरा | - | 03 |
| | | | 27वीं बटा नूरनाड | - | 01 |
| | | | 32वीं बटा कानपुर | - | 02 |
| | | | 38वीं बटा. रायपुर | - | 01 |
| | | | 40वीं बटा रांची | - | 01 |
| | | | 41वीं बटा भुवनेश्वर | - | 01 |
| | | | 46वीं बटा रायबरेली | - | 02 |
| | | | 48वीं बटा कटिहार | - | 01 |
| | | | 53वीं बटा चित्तूर | - | 01 |
| | | | 56वीं बटा विशाखापत्तनम | - | 03 |
| | | | 10वीं आर बी बंगलुरु (सीआईएसएफ) | - | 01 |
| | | | आरटीसी भिलाई, छत्तीसगढ़ (सीआईएसएफ) | - | 01 |
| | | | तृतीय आरबी भिलाई, छत्तीसगढ़ (सीआईएसएफ) | - | 01 |
| | | | आरटीसी मुंडाली, ओड़िशा (सीआईएसएफ) | - | 02 |
| | | | द्वितीय आरबी रांची, झारखंड (सीआईएसएफ) | - | 01 |
| | | | चतुर्थ आरबी शिवगंगई, तमिलनाडु (सीआईएसएफ) | - | 01 |
| | | | एनआईएसए हैदराबाद, तेलंगाना (सीआईएसएफ) | - | 02 |
| | | | तृतीय आरबी मुंडाली (एनडीआरएफ) | - | 05 |
| | | | चौथी आरबी अराकोनम (एनडीआरएफ) | - | 06 |
| | | | **कुल जीडीएमओ** | - | **36** |
| | | कुल जोड़ | 88 | | |

(डॉ. टी एन मिश्रा)

आईजी/निदेशक (चिकित्सा) भा.ति.सी.पु.

डीएवीपी 19143/11/0001/2122

रो.स. 3/52

# स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़

विज्ञापन संख्या पीजीआई/आरसी/021/2021/1226 दिनांक: 03.04.2021

## भर्ती अधिसूचना

स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ नियमित आधार पर **कनिष्ठ अभियंता (सिविल)** के **03** और **कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल)** के **04** पदों के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर रहा है. महत्वपूर्ण समयसीमा निम्नानुसार होगी:-

| सूची | समयसीमा (एस)/ टिप्पणी |
|---|---|
| पीजीआईएमईआर की वेबसाइट **www.pgimer.edu.in** पर ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होने की तिथि (होम पेज पर भर्ती लिंक) | 09.04.2021 |
| ऑनलाइन पंजीकरण और ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए अंतिम तिथि | 08.05.2021 |

**आयु सीमा:** 18-30 वर्ष.

**आवश्यक योग्यता:** किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से इंजीनियरिंग की संबंधित शाखा में डिग्री या इंजीनियरिंग की संबंधित शाखा में न्यूनतम 03 वर्ष का डिप्लोमा.

**आवेदन शुल्क :**

- **बेंचमार्क डिसएबिलिटीज़ (पीडब्ल्यूबीडी) वाले व्यक्ति:** शुल्क के भुगतान से छूट
- **एससी/एसटी वर्ग:** 800 रुपये + लेनदेन शुल्क लागू
- **सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस सहित अन्य सभी के लिए:** 1500 रुपये + लेनदेन शुल्क लागू

**आवश्यक:** आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट यानी **www.pgimer.edu.in** पर विस्तृत दिशानिर्देश/जानकारी, पदों की संख्या, पात्रता मानदंड, आदि के लिए जा सकते हैं. शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/अपडेट केवल संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे.

रो.स. 3/45 निदेशक

---

भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन

# विशेष परियोजना निदेशालय

विज्ञानकांचा पी.ओ., हैदराबाद-500069

**Government of India, Ministry of Defence**

**Defence Research and Development Organisation**

# DIRECTORATE OF SPECIAL PROJECTS

**Vigyanakancha P.O., Hyderabad-500 069**

दिनांक : 06 अप्रैल, 2021

प्रारंभिक तौर पर 2 वर्ष की अवधि के लिए अस्थाई आधार पर कंसल्टेंट के एक पद के लिए पात्र भारतीय नागरिक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं.

**अनिवार्य योग्यता :**

(ए) ऐसे अधिकारी/कर्मचारी जो केंद्र/राज्य सरकारों/सार्वजनिक उपक्रम/स्वायत्त निकायों/विश्वविद्यालयों, सरकारी अनुसंधान एवं विकास संगठनों से सेवानिवृत्त हैं और कम-से-कम 15 वर्षों का व्यावहारिक अनुभव रखते हैं.

(बी) चयन/नियुक्ति के दौरान डीआरडीओ में काम का अनुभव रखने वाले व्यक्तियों को प्रमुखता दी जाएगी.

(सी) वे संवाद कौशल (मौखिक एवं लिखित दोनों में) में निपुण हो और अपने कार्य के क्षेत्र में गहरे मूल्यांकन में रुचि के साथ अंतर-वैयक्तिक कौशलों में निपुण हो.

**उम्र सीमा :** कंसल्टेंट की नियुक्ति के लिए अधिकतम उम्र सीमा 65 वर्ष होगी (विज्ञापन की अंतिम तिथि के अनुसार).

- केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे. ई-मेल, डाक अथवा हाथों-हाथ आदि द्वारा भेजे गए कोई आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे.
- आवेदन करने तथा संदर्भ शर्तों के बारे में जानकारी के लिए वेबसाइट : **http://rcilab.in** देखें.
- आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि विज्ञापन की तिथि से **30** दिन है.

| | |
|---|---|
| **पदों की सं.** | 01 (एक) |
| **आवेदन कहां करें :** **http://rcilab.in** | निदेशक, विशेष परियोजना निदेशक (डीएसपी) डीआरडीओ, रक्षा मंत्रालय, विज्ञानकांचा पीओ हैदराबाद, तेलंगाना - 500069 दूरभाष सं. : 040-24306780/5780 ई-मेल : **hrdsp@dsplab.in** |
| **लैब/स्थापना/एकक (कार्यस्थल)** | डीएसपी, हैदराबाद |
| **विषय/क्षेत्र** | भंडार क्रय, रखरखाव एवं सामग्री प्रबंध |
| **सेवानिवृत्त अधिकारी का पे लेवल** | लेवल 6/ 7/ 8/ 11 |
| **अनुबंध/अवधि** | प्रारंभिक तौर पर 2 वर्ष (सक्षम अधिकारी के निर्णय के अनुसार तीसरे वर्ष के लिए विस्तार योग्य) |

(डॉ. पी. एस. आर. श्रीनिवास शास्त्री)

ओएस एवं निदेशक, डीएसपी

डीएवीपी 10301/11/0005/2122 रो.स. 3/61

---

# राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला

# National Dope Testing Laboratory (NDTL)

(युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, खेल विभाग, भारत सरकार)

ईस्ट गेट नं.-10, जेएलएन स्टेडियम कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110 003

फाइल सं. 338/एडमिन/एनडीटीएल(रिक-डेपुटेशन)/2021-22

**विषय : एनडीटीएल में रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन अनुबंध सहित) आधार पर भरना**

नीचे दिए गए विवरण के अनुसार रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन अनुबंध सहित) आधार पर भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदनपत्र आमंत्रित किए जाते हैं:-

| | |
|---|---|
| निदेशक (वैज्ञानिक एफ) (पीएमएल 13ए) | **मिश्रित पद्धति द्वारा : प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन अनुबंध सहित)/पदोन्नति-** केंद्र/राज्य सरकार/सा.क्षे.उ./स्वायत्त निकायों के अधिकारी, जो-<br>(i) नियमित आधार पर सदृश पदधारी हैं या<br>(ii) वेतन मैट्रिक्स लेवल-13, रु. 123100-215900 में 2 वर्ष की नियमित सेवा रखते हैं और निम्नलिखित धारी हैं:-<br>(i) किसी यूजीसी/एआईसीटीई मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से रासायनिक/जैविक/भेषज विज्ञान में संबंधित क्षेत्र में पीएच.डी.;<br>(ii) ड्रग्स विश्लेषण के अनुसंधान तथा विकास और/या वैज्ञानिक कार्यों में बारह (12) वर्ष का अनुभव, जिसमें से पांच (05) वर्ष वैज्ञानिक प्रशासन, योजना/डिज़ाइनिंग और वैज्ञानिक अनुसंधान तथा प्रयोगशाला के निष्पादन/प्रबंधन/निदेशन तथा उनसे जुड़े मामलों में किसी दायित्वपूर्ण क्षमता में हो.<br>वांछनीय :-<br>(i) ड्रग्स परीक्षण के क्षेत्र में रासायनिक और जैविक सामग्री के विश्लेषण में अनुभव एवं सक्षमता.<br>(ii) आईएसओ/आईईसी : 17025 और गुणवत्ता आश्वासन प्रक्रिया के अनुसार गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली में अनुभव.<br>(iii) उच्च स्तर का अनुसंधान कार्य, जो प्रख्यात पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशन के माध्यम से प्रमाणित हो.<br>(iv) ड्रग मेटाबोलिज्म और फार्मा कोकाइनेटिक्स का ज्ञान हो. |
| वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (सूचना प्रौद्योगिकी) पीएमएल-10 | **प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन अनुबंध सहित) :** केंद्र/राज्य सरकार/सा.क्षे.उ./स्वायत्त निकायों के अधिकारी, जो-<br>(i) नियमित आधार पर सदृश पदधारी हैं (या)<br>पीएमएल-7 (रु. 44900-142400) में 03 वर्ष की नियमित सेवा रखते हैं, और निम्नलिखित धारी हैं:-<br>(i) किसी यूजीसी/एआईसीटीई मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम्प्यूटर विज्ञान/इलेक्ट्रॉनिकी और संचार/सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) में इंजीनियरी में स्नातक डिग्री या एमसीए या एमएस.सी. (आई.टी.)<br>(ii) इलेक्ट्रॉनिक डेटा प्रोसेसिंग कार्य से जुड़े किसी प्रख्यात संगठन में चार वर्ष का योग्यतोत्तर अनुभव*<br>*इलेक्ट्रॉनिकी डेटा प्रोसेसिंग के अनुभव में निम्नलिखित शामिल होना चाहिए:-<br>(क) डेटा प्रशासन और प्रचालन कार्य-विभिन्न स्रोतों से सूचना एकत्र करके डेटाबेस रखरखाव.<br>(ख) वेबसाइट कंटेंट प्रबंधन<br>(ग) इंटरनेट सर्फिंग<br>(घ) बल्क ई-कम्युनिकेशन्स हस्तन.<br>वांछनीय :<br>ई-सिस्टम का विकास और प्रशासन, नए सोफ्टवेयर का परीक्षण, संस्थापन और अनुप्रयोग और उनके कार्य-संचालन को तथा अद्यतनीकरण/आशोधन एवं रिप्लेसमेंट को सुनिश्चित करना. |
| अनुभाग अधिकारी पीएमएल-7 | **मिश्रित पद्धति द्वारा : प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन अनुबंध सहित)/पदोन्नति:** केंद्र/राज्य सरकार या केंद्रीय/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) या स्वायत्त अथवा सांविधिक निकाय के अधिकारी जो किसी यूजीसी/एआईसीटीई मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक डिग्री रखते हैं और प्रशासन/संस्थापना या वित्त और लेखा या भंडार प्रबंधन का कार्य हस्तन करते हैं, और<br>(i) नियमित आधार पर सदृश पदधारी हैं; या<br>(ii) सातवें कें.वे.आ. के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के वेतन लेवल-6, रु. 35400-112400 के पदों पर 5 वर्ष की नियमित सेवा रखते हैं या समकक्ष.<br>**वांछनीय :**<br>(i) किसी यूजीसी/एआईसीटीई मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मानव संसाधन प्रबंधन या वित्त प्रबंधन या सामग्री प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा;<br>(ii) अनुसंधान एवं विकास और / या वैज्ञानिक संगठन में कार्य का अनुभव.<br>(iii) किसी औद्योगिक/वैज्ञानिक संगठन में आईएसओ : आईईसी : 17025 के अनुसार गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली का ज्ञान. |

3. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि उनके संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी के माध्यम से भेजे गए उनके आवेदनपत्र उप निदेशक (प्रशासन), राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल), ईस्ट गेट नं-10, जेएलएन स्टेडियम कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 के पास रोज़गार समाचार/एम्प्लॉयमेंट न्यूज में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अंदर पहुंच जाएं.

4. अधिक विवरण के लिए कृपया एनडीटीएल की वेबसाइट : **www.ndtlindia.com** पर लॉगऑन करें जिसमें विस्तृत विज्ञापन और आवेदन प्रारूप (भाग-क, ख और ग) आदि दिए गए हैं.

रो.स. 3/54 उप निदेशक (प्रशासन)

सभी को अवसर

# भर्ती सूचनाः 192 पीईटी पीएल एएससी पिन-905192 सी/ओ 56 एपीओ (झांसी)

1. निर्धारित प्रारूप में निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित हैं:

| क्र. सं. | पद | पदों की संख्या | ग्रुप | वेतन बैंड | श्रेणियां सामान्य |
|---|---|---|---|---|---|
| क. | फायरमैन | 02 | 'ग' | रुपये 5,200-20,200 + ग्रेड वेतन रुपये 1900/- | 02 |

2. आयु सीमा और उसमें छूट:

| क्र. सं. | श्रेणी | आयु सीमा | | | अभ्युक्तियां |
|---|---|---|---|---|---|
| क. | सामान्य | 18 से 25 वर्ष | | | निल |
| ख. | अजा/अजजा | 18 से 30 वर्ष | | | निल |
| ग. | अपिव | 18 से 28 वर्ष | | | निल |
| घ. | सरकारी कर्मचारी | अना के लिए 40 वर्ष अजा/अजजा के लिए 45 वर्ष | | | निल |
| ङ. | शारीरिक विकलांग | सामान्य | अपिव | अजा/अजजा | शारीरिक विकलांग व्यक्ति के पास असशक्तता (पंजीकृत चिकित्सा प्रैक्टिशनर से शारीरिक स्वस्थता का प्रमाणपत्र आवेदन के साथ जमा किया जाए) को प्रमाणित करता सरकारी अस्पताल के सीएमओ/ सिविल सर्जन द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाणपत्र होना चाहिए. |
| | | 18 से 35 वर्ष | 18 से 38 वर्ष | 18 से 40 वर्ष | |
| च. | मेधावी खिलाड़ी | सामान्य | अपिव | अजा/अजजा | उम्मीदवार, जिन्होंने अंतर विश्वविद्यालय बोर्ड खेलकूद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता/विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में राज्य का प्रतिनिधित्व किया हो. राष्ट्रीय शारीरिक क्षमता ड्राइवर के अधीन शारीरिक क्षमता में राष्ट्रीय पुरस्कार पुरस्कृत एआईएसजीएफ व्यक्तियों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेलकूद में राज्य स्कूल टीम का प्रतिनिधित्व किया हो. |
| | | 18 से 30 वर्ष | 18 से 33 वर्ष | 18 से 35 वर्ष | |

3. कोटा: निम्नानुसार श्रेणी के लिए निम्नलिखित कोटा मौजूद है:

**वर्टिकल आरक्षण**

क. अजा के लिए 15% आरक्षित
ख. अजजा के लिए 7.5% आरक्षित
ग. अपिव के लिए 27% आरक्षित
घ. ईडब्ल्यूएस के लिए 10% आरक्षित
(01 फरवरी 2019 को या उसके बाद अधिसूचित रिक्ति)

**हॉरिजोंटल आरक्षण**

क. पीडब्ल्यूडी के लिए 4% आरक्षित
ख. भूतपूर्व सैनिक के लिए 10% आरक्षित
ग. बाकी का 5% नियुक्ति प्राधिकारी के विवेक के अधीन मेधावी खिलाड़ियों के लिए आरक्षित.

**# चूंकि यह रिक्ति केवल 02 फायरमैन (अना: अनारक्षित/सामान्य श्रेणी) के लिए है इसलिए उक्त उल्लिखित कोटा वर्तमान भर्ती के लिए लागू नहीं है.**

4. **आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की स्वसत्यापित प्रति संलग्न की जानी चाहिए:**

क. मान्यताप्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा पास प्रमाणपत्र.

ख. मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका.

ग. जन्म प्रमाणपत्र.

घ. अधिवास प्रमाणपत्र और पहचान प्रमाण.

च. **मेधावी खिलाड़ी:** उक्त 2(छ) में उल्लिखित अनुसार प्रतिनिधित्व करने वाले उम्मीदवार का प्रमाणपत्र.

5. **अतिरिक्त अनिवार्य:**

क. मान्यताप्राप्त बोर्ड से 10वीं कक्षा पास हो.

ख. सभी प्रकार के अग्निशमकों, होज़ फिटिंग और अग्नि उपकरण और उपकरण के अग्नि इंजन, ट्रेलर, पंप, फोम ब्रांचेज़ के प्रयोग और रखरखाव से अच्छी तरह अवगत होना चाहिए.

ग. फर्स्ट-एड अग्निशमन उपकरण और ट्रेलर फायर पंप के प्रयोग और रखरखाव से अवगत होना चाहिए.

घ. विभिन्न प्रकार की अग्नि से लड़ने में नियुक्त अग्निशमन प्रक्रिया के मौलिक नियमों के बारे में ज्ञात होना.

च. फुट और अग्निशमन सेवा ड्रिल उपकरण से अवगत होना और क्रू के सदस्य को आवंटित काम करना.

छ. शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए और मेहनत के कार्य करने में सक्षम होना चाहिए और निम्नानुसार शारीरिक स्वस्थता परीक्षा पास की होनी चाहिए:

**(i) जूतों के बिना लंबाई**-165 सेमी (अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के लिए 2.5 सेमी की लंबाई में छूट है).
**(ii) छाती (बिना फुलाए)**- 81.5 सेमी.
**(iii) छाती (फुलाने पर)**- 85 सेमी.
**(iv) वजन**- 50 किलो (न्यूनतम).
**(अ) सहनशीलता परीक्षा:**
**(कक)** एक आदमी को उठाना (96 सैकेंड के अंदर 183 मीटर की दूरी तक 65.5 किलो के फायरमैन को उठाना).
**(कख)** दोनों पैरों पर 2.7 मीटर चौड़ी खाई कूदना (लंबी कूद).
**(कग)** हाथ और पैर का प्रयोग करते हुए 3 मीटर सीधी रस्सी चढ़ना.

6. रुपये 24/- की डाक मुहर के साथ स्वपता लिखित लिफाफा भी अग्रेषित किया जाना चाहिए. पिन कोड के साथ पता अंग्रेजी में टाइप/लिखा होना चाहिए. पावती पत्र के कॉलम 1 से 3 भरे जाने चाहिए और फोटो चिपकी होनी चाहिए.

7. पात्रता मानदंड/उक्त विवरण को पूरा ना करने वाले/इस प्रकाशन से **21 दिन के बाद प्राप्त आवेदन** पर विचार नहीं किया जाएगा. यह कार्यालय ऐसे आवेदन का जवाब देने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.

8. शारीरिक परीक्षा/लिखित परीक्षा/व्यावहारिक परीक्षा/साक्षात्कार/चिकित्सा परीक्षा की तिथि बाद में सूचित कर दी जाएगी (तिथियां पावती पत्र में उल्लिखित कर दी जाएंगी). लिखित परीक्षा/साक्षात्कार का स्थान झांसी होगा और कथित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवारों को कोई टीए/डीए स्वीकार्य नहीं होगा. उम्मीदवारों के पास साक्षात्कार के समय इस इकाई द्वारा भेजा गया पावती पत्र और सत्यापन के लिए सभी मूल दस्तावेज होने चाहिए, उम्मीदवार जिनके पास पावती पत्र नहीं होगा उन पर विचार नहीं किया जाएगा.

9. आवेदन को रजिस्टर्ड डाक द्वारा **अधिकारी कमांडिंग**, 192 पीईटी पीएल एएससी, पिन 905192 सी/ओ **56 एपीओ (झांसी)** पते पर भेजे जाने चाहिएं. लिफाफे के ऊपर **''फायरमैन के पद हेतु आवेदन''** साफ-साफ लिखा होना चाहिए.

10. **192 पीईटी पीएल एएससी, पिन 905192 सी/ओ 56 एपीओ (झांसी)**, आवेदन को स्वीकार/अस्वीकार करने और उक्त भर्ती परीक्षा/साक्षात्कार के नियम व शर्तों और/या पद के चयन या उसके भाग को रद्द करने या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. यह कार्यालय आवेदन के संदर्भ में किसी भी डाक विलंब या हानि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.

# गोवा शिपयार्ड लिमिटेड

**शिप बिल्डर्स, शिप रिपेयरर्स एंड इंजीनियर्स**

(भारत सरकार का उपक्रम-रक्षा मंत्रालय)

(आईएसओ 9001 : 2015, 14001 : 2015, 45001 : 2018 प्रमाणित कंपनी)

वड्डम, वास्को-डा-गामा, गोवा : 403802

सीआईएन सं. U63032GA1967GO1000077

विज्ञापन.01/2021

## निष्पादन और वितरण का अचूक ट्रैक रिकॉर्ड

जीएसएल एक अनुसूची 'बी' मिनी रत्न श्रेणी I कंपनी है और भारतीय नौसेना और भारतीय तट रक्षक के लिए जहाज बनाने में लगी हुई है. जीएसएल नीचे सूचीबद्ध पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. औद्योगिक महंगाई भत्ते (आईडीए) वेतनमान में निम्नलिखित पद के लिए केवल भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों को हमारी वेबसाइट **www.goashipyard.in** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा.

**सीधी भर्ती**

| क्रमांक सं. | पद का नाम | रिक्ति | आरक्षण | 28.02.2021 (वर्ष में) ऊपरी आयु सीमा | वेतनमान (रुपये में) और ग्रेड (संशोधित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उप महाप्रबंधक-(निर्यात) | 1 | ओबीसी-01 | ओबीसी-47 | 80000-3%-220000 (ई-5) |
| 2 | वरिष्ठ प्रबंधक-(प्रशासन) | 1 | यूआर-01 | यूआर-39 | 70000-3%-220000 (ई-4) |
| 3 | वरिष्ठ प्रबंधक-(इलेक्ट्रिकल और हथियार) | 1 | ओबीसी-01 | ओबीसी-42 | 70000-3%-220000 (ई-4) |
| 4 | वरिष्ठ प्रबंधक- (पतवार) | 1 | यूआर-01 | यूआर-39 | 70000-3%-220000 (ई-4) |
| 5 | उप प्रबंधक (आंतरिक ऑडिट) | 1 | यूआर-01 | यूआर-33 | 50000-3%-160000 (ई-2) |
| 6 | उप प्रबंधक- (वित्त) | 1 | ओबीसी-01 | ओबीसी-36 | 50000-3%-160000 (ई-2) |

**नोट :** उपरोक्त रिक्तियों में बैकलॉग आरक्षित रिक्तियां भी शामिल हैं.

विस्तृत विज्ञापन जैसे आवेदन करने के लिए सामान्य शर्तें, योग्यता, अनुभव, आयु सीमा, आवेदन प्रारूप आदि कृपया हमारी वेबसाइट **www.goashipyard.in** के कॅरियर पेज पर जाएं. आवेदक **26.03.2021 के 12:00 बजे से 26.04.2021 के 5:00 बजे तक** ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशानिर्देशों को वेबसाइट पर विस्तृत किया जाएगा. ऑनलाइन आवेदन प्रणाली के माध्यम से सफलतापूर्वक आवेदन जमा करने के बाद उम्मीदवारों को भविष्य में उपयोग के लिए अपने आवेदन का एक प्रिंटआउट रखना आवश्यक है. उम्मीदवारों को डिमांड ड्राफ्ट (जहां भी लागू हो) को **06.05.2021 तक या उससे पहले** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड को भेजें. यदि ऑनलाइन आवेदन करने पर कोई परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो हमें ई-मेल - **recruitment@goashipyard.com** के माध्यम से संपर्क करें.

''हर काम देश के नाम'' रो.स. 3/43

11. पद अस्थायी है. हालांकि इसे भर्ती के आधार पर जारी रखा जा सकता है.

12. उम्मीदवार को मौजूदा नियमों के अनुसार लिखित, शारीरिक, साक्षात्कार और चिकित्सा परीक्षा देनी होगी.

13. उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करना: आवेदनों की अधिक संख्या के मामले में न्यूनतम अनिवार्य शैक्षिक योग्यता अर्थात् 10वीं कक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर बुलावा पत्र जारी करने के लिए 1:75 का अनुपात रखा जाएगा. अतिरिक्त/उच्च योग्यता को कोई अतिरिक्त महत्व नहीं दिया जाएगा.

14. लिखित परीक्षा में न्यूनतम पास प्रतिशत 33% है.

**विज्ञापन तिथि: 17 अप्रैल 2021**

**192 पीईटी पीएल एएससी, पिन 905192, सी/ओ 56 एपीओ में फायरमैन के पदों के लिए आवेदन प्रारूप**

1. पद का नाम....................................
2. आवेदक का नाम (बड़े अक्षरों में)....................................
3. पिता का नाम....................................
4. राष्ट्रीयता....................................
5. श्रेणी (अना, अपिव, अजा, अजजा)....................................
   क. जन्मतिथि....................................
   ख. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को आयु....................................
   ग. समाचारपत्र/रोज़गार समाचार की विज्ञापन सं....................................
6. मेधावी श्रेणी क्या आप भूतपूर्व सैनिक/मेधावी खिलाड़ी/शारीरिक विकलांग (बधिर) हैं
   ....................................
7. शैक्षिक योग्यता....................................
8. बोर्ड/विश्वविद्यालय....................................
9. पत्राचार पता, मोबाइल संख्या और ई-मेल आईडी....................................
   ....................................
10. स्थायी पता....................................
11. रोज़गार विनिमय पंजीकरण संख्या, यदि कोई है....................................
12. संलग्न प्रमाणपत्र का विवरण....................................

**स्वसत्यापित फोटो**

**घोषणा**

मैं............पुत्र श्री.................... एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि उक्त जानकारी मेरे अधिकतम विश्वास के अनुरूप सही है और मेरे द्वारा कुछ भी छिपाया और छेड़ा नहीं किया गया है. यदि किसी भी सामग्री जानकारी को छिपाया गया है तो मेरी नियुक्ति को सरसरी तौर पर समाप्त कर दिया जाएगा.

**स्थान:**

**तिथि:** **(आवेदक के हस्ताक्षर)**

**पावती पत्र**

**पद: फायरमैन**

1. नाम:....................................
2. पिता का नाम:....................................
3. पत्राचार हेतु पता:....................................
   ....................................
   ....................................
4. सूचकांक सं.......................तिथि....................समय.............. विभिन्न परीक्षाओं का

रो.स. 3/42 **नियंत्रण अधिकारी के हस्ताक्षर**

परिशिष्ट

# भर्ती सूचना

## 1 सेना मुख्यालय एसआईजी रेजीमेंट, सिग्नल्स एंक्लेव, नई दिल्ली-10

1. नीचे दिए गए पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित हैं:

| पद की संख्या और नाम | श्रेणी | भर्ती के लिए आयु सीमा | वेतन लेवल और वेतनमान | शैक्षिक और अन्य योग्यताएं |
|---|---|---|---|---|
| 02 बीबीआर | 01 x अनारक्षित<br>01 x अजा | 18-25 वर्ष (अना) और 18-30 वर्ष (अजा) | वेतन लेवल-1 रुपये 18000-56900/- | अनिवार्य:<br>(i) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या इसके समकक्ष.<br>(ii) नाई/ व्यवसाय कार्य में प्रवीणता.<br>वांछनीय: व्यवसाय में एक वर्ष का अनुभव. |
| 01 धोबी | 01-अनारक्षित | 18-25 वर्ष | वेतन लेवल-1 रुपये 18000-56900/- | अनिवार्य:<br>(i) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या इसके समकक्ष.<br>(ii) मिलिट्री/ सिविल कपड़े अच्छे से धोने में सक्षम होना चाहिए और धोबी/व्यवसाय कार्य में प्रवीणता.<br>वांछनीय: व्यवसाय में एक वर्ष का अनुभव. |

**नोट:** आयु निर्धारित करने की निर्णायक तिथि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी.

2. अपेक्षित योग्यता रखने वाले पात्र उम्मीदवारों को अंकतालिका, जाति प्रमाणपत्र (आरक्षित उम्मीदवार के लिए), अनुभव प्रमाणपत्र और रुपये 5/- की डाक मुहर चिपके हुए दो स्वपता लिखित लिफाफे के साथ नीचे दिए गए प्रारूप पर ऊपर दिए गए पते पर विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **45 दिन के अंदर** आवेदन करना होगा.

3. गलत भरे गए आवेदन, अपात्र, अपूर्ण, हस्ताक्षर के बिना, विधिवत चिपकाए नहीं गए फोटो, अपेक्षित प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियों के बिना, निर्धारित प्रारूप में आवेदन नहीं होने और अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा. डाक विलंब के कारण देर से प्राप्त/आवेदन प्राप्त नहीं होने के लिए प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा.

4. लिखित और व्यावहारिक परीक्षा की तिथि, समय और स्थान आवेदनों की जांच के बाद सूचित कर दी जाएगी.

5. लिखित परीक्षा में अनुत्तीर्ण उम्मीदवारों को व्यावहारिक परीक्षा के लिए बुलाया नहीं जाएगा.

6. परीक्षा में प्रस्तुत होने के लिए कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा.

7. अजा प्रमाणपत्र के सत्यापन पर नियुक्ति होगी और यदि सत्यापन में दावा झूठा पाया जाता है तो उसे कोई भी कारण बताए बिना तुरंत समाप्त कर दिया जाएगा.

परिशिष्ट

### आवेदन प्रारूप

.................................. के पद हेतु.

1. पद का नाम:....................................................
2. उम्मीदवार का नाम (बड़े अक्षरों में):....................................................
3. पिता/पति का नाम:....................................................
4. जन्मतिथि:....................................................
5. (.....2021) के अनुसार आयु: ...............वर्ष ....................माह .............दिन
6. लिंग :....................................................
7. राष्ट्रीयता:....................................................
8. धर्म/जाति:....................................................

[विधिवत स्वसत्यापित हाल का पासपोर्ट आकार फोटो चिपकाएं]

9. योग्यताएं:....................................................
   क. अकादमिक:....................................................
   ख. तकनीकी:....................................................
   ग. अन्य कोई:....................................................
   (विधिवत सत्यापित सभी प्रमाणपत्रों की फोटोप्रति संलग्न की जाए)
10. अनुभव, यदि कोई है:....................................................
11. पत्राचार हेतु पूर्ण डाक पता:....................................................
12. संलग्नकों का विवरण:....................................................

स्थान: (उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

तिथि:

डीएवीपी 10626/11/0001/2122 रो.स. 3/60

# कृष्णा जल विवाद न्यायाधिकरण

### जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन विभाग, आरडी और जीआर

त्रिकूट -1, तीसरी मंजिल, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066

टेलीफोन नंबर -26162190

एफ. सं. 2-6/2017-20/KWDT/646 दिनांक: 30 मार्च, 2021

### शुद्धिपत्र

कृष्णा जल विवाद न्यायाधिकरण में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित)/पुनः रोज़गार आधार पर **कार्यकारी अभियंता** के पद को भरने के लिए 16-22 जनवरी 2021 को संदर्भ संख्या 36/38 के अंतर्गत रोज़गार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन संख्या 2-6/2017-20/KWDT दिनांक 04/01/2021 को देखें. **कार्यकारी अभियंता** के पद के लिए आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को रोज़गार समाचार में इस शुद्धिपत्र के प्रकाशन की तारीख से **45 दिनों** तक बढ़ा दी गई है. कार्यकारी अभियंता के पद के लिए पात्रता मानदंड का विवरण हमारी वेबसाइट **www.mowr.gov.in** पर उपलब्ध है.

**जिन उम्मीदवार ने 16-22 जनवरी 2021 को रोज़गार समाचार में छपे विज्ञापन के जवाब में आवेदन भेजा है उन्हें फिर से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है.**

(पी.सी गुप्ता)
प्रशासनिक अधिकारी

रो.स. 3/6

### सूचना

रोज़गार समाचार में छपे लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं जरूरी नहीं है कि वही विचार सरकार के या जिन संगठनों के लिए लेखक कार्य करते हैं, उनके हों. रोज़गार समाचार में प्रकाशित विज्ञापनों की विषयवस्तु संगठन या उनके प्रतिनिधियों की है. रोज़गार समाचार इन विज्ञापनों की विषयवस्तु/पाठ के कारण उत्पन्न होने वाले किसी विवाद के लिए किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं है.


# जानिए देश का गौरवशाली इतिहास प्रकाशन विभाग की पुस्तकों से

चुनिंदा ई-बुक
एमेज़ॉन और गूगल प्ले
पर उपलब्ध





प्रकाशन विभाग
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार
सूचना भवन, सी जी ओ कॉम्प्लेक्स
लोधी रोड, नई दिल्ली -110003
वेबसाइट : www.publicationsdivision.nic.in

ऑर्डर के लिए संपर्क करें-
फोन : 011-24367260, 24365610,
ई मेल : businesswng@gmail.com
हमारी पुस्तकें ऑनलाइन खरीदने के लिए कृपया **www.bharatkosh.gov.in** पर जाएं

ट्विटर पर फॉलो करें @DPD_India

# संघ लोक सेवा आयोग
# सिविल सेवा (प्र.) परीक्षा- 2018
# सामान्य अध्ययन प्रश्न पत्र -II

प्र.1. नीचे दिए गए त्रिविमीय चित्र पर विचार कीजिए:



उपर्युक्त चित्र में कितने त्रिभुज हैं?

(a) 18 (b) 20 (c) 22 (d) 24

प्र.2. नीचे दिए गए योग पर विचार कीजिए:

•+ 1• + 2• + •3 + •1= 21•

उपर्युक्त योग में • किसके लिए हैं?

(a) 4 (b) 5 (c) 6 (d) 8

प्र.3. संख्याओं के निम्नलिखित प्रतिरूप पर विचार कीजिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | 10 | 15 | 13 |
| 6 | 5 | 7 | 4 |
| 4/6 | 6/11 | 8/16 | 8/? |


उपर्युक्त प्रतिरूप में ? के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी

(a) 17 (b) 19 (c) 21 (d) 23

प्र.4. एक अष्टभुज के शीर्षों को जोड़कर कितने विकर्ण खींचे जा सकते हैं?

(a) 20 (b) 24 (c) 28 (d) 64

प्र.5. नीचे दिए गए चित्र में A और B दो वाहनों के वेग के आलेख (ग्राफ) दिए गए हैं. सरलरेखा OKP किसी भी क्षण में वाहन A के वेग को दर्शाती है, जबकि क्षैतिज सरल रेखा CKD किसी भी क्षण में वाहन B के वेग को दर्शाती है. चित्र में, D वह बिंदु है जहां P से क्षैतिज रेखा CKD पर लम्ब इस प्रकार मिलता है कि PD= 1/2LD:




समय अंतराल OL में वाहन A और वाहन B द्वारा तय की गई दूरियों के बीच क्या अनुपात है?

(a) 1:2 (b) 2:3 (c) 3:4 (d) 1:1

प्र.6. 200 मीटर लंबी एक ट्रेन 40 किमी प्रति घंटा की दर से चल रही है. रेलवे लाइन के निकट खड़े किसी व्यक्ति को यह ट्रेन कितने सेकंड में पार करेगी?

(a) 12 (b) 15 (c) 16 (d) 18

निम्नलिखित 4 (चार) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :

नीचे दिए गए चार परिच्छेदों को पढ़िए और परिच्छेदों के नीचे आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए. इन प्रश्नांशों के आपके उत्तर केवल इन परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिएं.

परिच्छेद-1

विश्व की जनसंख्या 1990 में 1.6 अरब के लगभग थी-आज यह 7.2 अरब के लगभग है और बढ़ रही है. जनसंख्या वृद्धि पर किए गए हाल के आकलनों से यह पूर्वानुमान होता है कि विश्व की जनसंख्या 2050 में 9.6 अरब और 2100 में 10.9 अरब हो जाएगी. यूरोप और उत्तरी अमेरिका के असदृश जहां केवल तीन से चार प्रतिशत जनसंख्या ही कृषि में लगी है, भारत की लगभग 47 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है. यदि भारत सेवा क्षेत्र में लगातार प्रगति करता रहे और विनिर्माण क्षेत्र तेजी से बढ़ता रहे, तो भी यह संभावना की जाती है कि 2030 के आस-पास जब भारत चीन से आगे निकल कर विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश होगा, भारत की लगभग 42 प्रतिशत जनसंख्या प्रधान रूप से कृषि पर निर्भर होगी.

प्र.7. उपर्युक्त परिच्छेद से निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक तार्किक और तर्कसंगत निष्कर्ष (इंफेरेंस) निकाला जा सकता है?

(a) कृषि क्षेत्र की समृद्धता भारत के लिए क्रांतिक महत्त्व की है.

(b) भारतीय अर्थव्यवस्था प्रमुख रूप से इसकी कृषि पर निर्भर करती है.

(c) भारत को अपनी तेजी से बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए कठोर उपाय अपनाने चाहिएं.

(d) भारत के कृषि-समुदायों को अपनी आर्थिक दशाओं में सुधार लाने के लिए अन्य व्यवसायों को अपना लेना चाहिए.

परिच्छेद-2

खाद्य-जात बीमारियां उत्पन्न करने वाले बहुत-से रोगाणुओं के विषय में जानकारी नहीं है. खाद्य संक्रमण खेत से लेकर थाली तक किसी भी चरण में हो सकता है. चूंकि खाद्य विषाक्तीकरण की अनेकों घटनाएं अप्रतिवेदित रह जाती हैं, वैश्विक खाद्य-जात बीमारियों का सही प्रसार अज्ञात है. अंतर्राष्ट्रीय परिवेक्षण में सुधार के कारण जन जागरूकता में बढ़ोतरी हुई है, तदपि खाद्य उत्पादन में तीव्र वैश्वीकरण से खाद्य को नियंत्रित करना तथा अनुरेखित करना कठिनतर होने के कारण उपभोक्ता की भेद्यता बढ़ गई है. डब्ल्यू.एच.ओ. के अधिकारी का कथन है, "विश्व हमारी प्लेट पर है."

प्र.8. निम्नलिखित में से कौन-सा उपर्युक्त परिच्छेद का सर्वाधिक तार्किक उपनिगमन (कोरोलरी) है?

(a) खाद्य के विकल्प अधिक होने के कारण जोखिम अधिक आते हैं.

(b) समस्त खाद्य जगत बीमारियों का उद्गम खाद्य प्रसंस्करण है.

(c) हमें केवल स्थानीय उत्पादित खाद्य पर निर्भर रहना चाहिए.

(d) खाद्य उत्पादन के वैश्वीकरण में कटौती लानी चाहिए.

परिच्छेद-3

मैं वैज्ञानिक हूं, मेरा सौभाग्य है कि मैं इस प्रकार का व्यक्ति हूं जो विज्ञान के साधनों का उपयोग करके प्रकृति को समझ सकता है. लेकिन यह भी स्पष्ट है कि कुछ महत्त्वपूर्ण प्रश्न सचमुच में ऐसे हैं, जिनका उत्तर वास्तव में विज्ञान नहीं दे सकता, जैसे कि कुछ भी न होने के स्थान पर कुछ क्यों है? हम यहां क्यों हैं? उन दायरों में मैंने पाया है कि आस्था इनके उत्तरों के लिए बेहतर मार्ग उपलब्ध कराती है. मैं इसको विषम रूप से कालदोषयुक्त पाता हूं कि आज की संस्कृति में एक व्यापक धारणा प्रतीत होती है कि वैज्ञानिक और आध्यात्मिक विचार असंगत हैं.

प्र.9. उपर्युक्त परिच्छेद से निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक तार्किक और तर्कसंगत निष्कर्ष (इंफेरेंस) निकाला जा सकता है?

(a) यह विज्ञान न होकर आस्था है जो अंततः मानव-जाति की सभी समस्याओं को सुलझा सकती है.

(b) विज्ञान और आस्था आपस में संपूरक हो सकती हैं यदि उनके समुचित दायरों को समझ लिया जाए.

(c) कुछ ऐसे अत्यन्त मूलभूत प्रश्न हैं जिनका उत्तर विज्ञान अथवा आस्था किसी से नहीं दे सकते हैं.

(d) आज की संस्कृति में वैज्ञानिक विचारों को, आध्यात्मिक विचारों की तुलना में अधिक महत्त्व दिया जा रहा है.

परिच्छेद-4

यद्यपि मैंने बहुत-सी पुरानी परम्पराओं एवं प्रथाओं को त्याग दिया है और मैं उत्सुक हूं कि भारत स्वतः उन सभी बेड़ियों को उतार फेंके जो उसे बांधती हैं, रोकती हैं और उसके लोगों को विभाजित करती हैं, और उनमें से अधिसंख्य लोगों का दमन करती हैं तथा शरीर और आत्मा के स्वतंत्र विकास को रोकती हैं. यद्यपि मैं ये सब चाहता हूं फिर भी अपने-आप को अतीत से पूरी तरह काटना नहीं चाहता. मुझे अपनी महान विरासत पर गर्व है जो हमारी रही है और है भी और मैं सचेत हूं कि मैं भी, हम सभी की तरह, उस अटूट शृंखला की कड़ी हूं जो इतिहास के उषाकाल के भारत के अविस्मरणीय अतीत से संबद्ध है.

प्र.10. लेखक चाहता है कि भारत अपने को अतीत के बंधनों से मुक्त करे, क्योंकि

(a) वह भूतकाल के औचित्य को नहीं समझ पा रहा है


(b) ऐसा कुछ नहीं है जिस पर गर्व किया जा सके

(c) उसकी भारत के इतिहास में रुचि नहीं है

(d) वे उसके भौतिक और आध्यात्मिक विकास को रोकते हैं

निम्नलिखित 3 (तीन) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :

निम्नलिखित तीन प्रश्नांश नीचे दिए गए आलेख (ग्राफ) पर आधारित हैं जो किसी वर्ष में छः माह की अवधि के दौरान तीन अलग-अलग प्रकार के स्टील के आयातों को दर्शाता है. इस आलेख का अध्ययन कीजिए और इसके पश्चात् आने वाले तीन प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए.




कोष्ठक में दिए गए आंकड़े छः माह की अवधि के दौरान प्रति टन औसत लागत दर्शाते हैं.

प्र.11. वर्ष के प्रथम तीन माह में चादर (शीट) स्टील का आयात (हजार टन में मापते हुए), कुंडली (कॉइल) स्टील के आयात से कितना अधिक था?

(a) 11 (b) 15 (c) 19 (d) 23

प्र.12. छः माह की अवधि के दौरान आयात किए गए चादर (शीट) स्टील का सन्निकट कुल मूल्य ($ में) क्या था?

(a) 45,555 (b) 50,555 (c) 55,550 (d) 65,750

प्र.13. वर्ष के प्रथम तीन माह में आयातित चादर (शीट) स्टील और कतरन (स्क्रैप) स्टील का सन्निकट अनुपात क्या था?

(a) 1:1 (b) 1.2:1 (c) 1.4:1 (d) 1.6 : 1

निम्नलिखित 3 (तीन) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :

किसी एक ही ठोस की घूर्णित (रोटेटेड) स्थितियां नीचे दर्शाई गई हैं. ठोस के विभिन्न फलक, भिन्न-भिन्न प्रतीकों जैसे बिन्दुओं, क्रॉस तथा रेखा द्वारा चिन्हित हैं. दिए गए चित्रों के बाद आने वाले तीन प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए.



प्र.14. एक ही बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर क्या प्रतीक है?

(a) चार बिन्दु (b) तीन बिन्दु (c) दो बिन्दु (d) क्रॉस

प्र.15. दो बिन्दुओं वाले फलक के विपरीत फलक पर क्या प्रतीक है?

(a) एक ही बिन्दु (b) तीन बिन्दु (c) चार बिन्दु (d) रेखा

प्र.16. क्रॉस वाले फलक के विपरीत फलक पर क्या प्रतीक है?

(a) एक ही बिन्दु (b) दो बिन्दु (c) रेखा (d) चार बिन्दु

निम्नलिखित 4 (चार) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :

नीचे दिए गए परिच्छेद को पढ़िए और परिच्छेद के नीचे आने वाले चार प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए. इन प्रश्नांशों के आपके उत्तर केवल इस परिच्छेद पर ही आधारित होने चाहिएं.

परिच्छेद

अब शिक्षा की सार्वभौम पहुंच प्रदान करने की मात्र बात करना हमारे लिए पर्याप्त नहीं है. विद्यालयी सुविधाएं उपलब्ध कराना एक आवश्यक पूर्वापेक्षा तो है, किन्तु यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी बच्चे विद्यालय जाएं और सीखने की प्रक्रिया में भाग लें, यह अपर्याप्त है. संभव है कि विद्यालय हो, किन्तु बच्चे न जाएं या कुछ माह बाद विद्यालय छोड़ दें. विद्यालय और सामाजिक सुव्यवस्था (सोशल मैपिंग) द्वारा, हमें व्यापक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और अवश्य ही भाषाई और शैक्षिक मुद्दों को तथा उन कारकों को, जो कमजोर वर्ग और सुविधा-वंचित समूहों के बच्चों को, लड़कियों को भी, नियमित विद्यालय जाने और प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने से रोकते हैं, सुलझाना चाहिए. हमारा ध्यान निर्धनतम और सबसे असुरक्षित वर्ग पर केन्द्रित होना चाहिए क्योंकि ये सर्वाधिक अशक्त हैं और इन्हीं को अपने शिक्षा के अधिकार का अतिक्रमण होने या उससे वंचित होने का सबसे अधिक जोखिम है.

शिक्षा के अधिकार का दायरा निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा से कहीं आगे तक है और इसमें सभी के लिए गुणतापूर्ण शिक्षा शामिल है. गुणता शिक्षा के अधिकार का अभिन्न अंग है. यदि शिक्षा प्रक्रिया में गुणता का अभाव है, तो बच्चों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है. बच्चों का निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम यह अधिकथित करता है कि पाठ्यक्रम में कार्यकलाप, अन्वेषण और खोज के माध्यम से शिक्षा प्राप्ति का प्रावधान होना चाहिए. इससे हम पर यह बाध्यता आती है कि बच्चों को विद्या के निष्क्रिय प्राप्तकर्ता के रूप में देखने का नजरिया बदला जाए और परीक्षाओं के आधार के रूप में पाठ्यपुस्तकों के उपयोग की परिपाटी से आगे बढ़ा जाए. शिक्षण और शिक्षा-ग्रहण प्रणाली को तनावमुक्त होना ही चाहिए और शिक्षार्थी-अनुकूली अधिगम प्रणाली की व्यवस्था के लिए पाठ्यक्रम सुधार का एक व्यापक कार्यक्रम शुरू किया जाना चाहिए जो अधिकाधिक संगत और सशक्तिकारक हो. शिक्षक उत्तरदायित्व प्रणालियों और प्रक्रियाओं से यह अवश्य सुनिश्चित होना चाहिए कि बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और शिक्षार्थी-अनुकूली वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने के उनके अधिकार का उल्लंघन नहीं हो रहा है. परीक्षण और मूल्यांकन प्रणालियों की पुनर्परीक्षा कर उन्हें इस रूप में पुनः अभिकल्पित किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो कि बच्चे विद्यालय और अनुशिक्षण (ट्यूशन) केन्द्रों के बीच संघर्ष करते-करते अपने बचपन से वंचित रह जाने को बाध्य न हों.

प्र.17. इस परिच्छेद के अनुसार, निम्नलिखित में से किसका/किनका शिक्षा के अधिकार के अधीन सर्वोपरि महत्त्व है?

1. सभी माता-पिता द्वारा अपने बच्चों को विद्यालय भेजा जाना
2. विद्यालयों में पर्याप्त भौतिक आधारभूत संरचना की व्यवस्था
3. शिक्षार्थी-अनुकूली शिक्षा-प्राप्ति प्रणाली विकसित करने हेतु पाठ्यक्रम सुधार करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए.

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 3 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

प्र.18. उपर्युक्त परिच्छेद के संदर्भ में, निम्नलिखित पूर्वधारणाएं बनाई गई हैं :

1. शिक्षा का अधिकार बच्चों की शिक्षा-प्राप्ति प्रक्रिया के लिए शिक्षक का उत्तरदायित्व होने की गारंटी देता है.
2. शिक्षा का अधिकार विद्यालयों में बच्चों के 100% नामांकन होने की गारंटी देता है.
3. शिक्षा के अधिकार का आशय जनांकिकीय लाभांश का पूरा लाभ उठाने का है.

उपर्युक्त में से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएं वैध है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

(क्रमशः)

प्र.19. इस परिच्छेद के अनुसार, शिक्षा में गुणता लाने हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा एक निर्णायक है?
(a) विद्यालय में बच्चों की और शिक्षकों की भी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना
(b) शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें आर्थिक लाभ प्रदान करना
(c) बच्चों की सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को समझना
(d) कार्यकलाप और खोज के माध्यम से शिक्षा-प्राप्ति का अंतर्निवेशन (इन्कल्केटिंग लर्निंग)

प्र.20. इस परिच्छेद में सारभूत संदेश क्या है?
(a) शिक्षा का अधिकार अब मूल अधिकार है.
(b) शिक्षा का अधिकार समाज के निर्धन और दुर्बल वर्गों के बच्चों को विद्यालय जाने को समर्थ बनाता है.
(c) निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार में सभी के लिए गुणतापूर्ण शिक्षा शामिल होना चाहिए.
(d) सरकार को, और माता-पिता को भी, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी बच्चे विद्यालय जाएं.

प्र.21. यदि MUMBAI के लिए कूट है LSJXVC, तो DELHI के लिए कूट है
(a) CCIDD (b) CDKGH
(c) CCJFG (d) CCIFE

प्र.22. यदि RAMON को 12345 के रूप में तथा DINESH को 675849 के रूप में लिखा जाता है, तो HAMAM को किस रूप में लिखा जाएगा?
(a) 92233 (b) 92323
(c) 93322 (d) 93232

प्र.23. यदि X, -3 और -1 के बीच में है तथा Y, -1 और 1 के बीच में है, तो $X^2-Y^2$ निम्नलिखित में से किनके बीच में होगा?
(a) -9 और 1 (b) -9 और -1
(c) 0 और 8 (d) 0 और 9

प्र.24. X और Y, 1 के अलावा धनपूर्णांक हैं तथा Y, X से बड़ा है. निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे बड़ी संख्या को निरूपित करता है?
(a) XY (b) X/Y
(c) Y/X (d) (X+Y)/ XY

निम्नलिखित 2 (दो) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :
निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और उसके पश्चात् आने वाले दो प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए.

छः अधिकारियों **A,B,C,D,E** और **F** के लिए किसी कार्यालय खण्ड की योजना इस प्रकार है: **B** और **C** दोनों के कार्यालय, इस कार्यालय खण्ड में प्रवेश करते ही गलियारे की दायीं ओर है, और **A** का कार्यालय गलियारे की बायीं ओर है. **E** और **F** के कार्यालय गलियारे के विपरीत पार्श्वों पर हैं किन्तु उनके कार्यालय आमने-सामने नहीं हैं. **C** और **D** के कार्यालय आमने-सामने हैं. **E** का कार्यालय किनारे पर नहीं है. **F** का कार्यालय गलियारे में **A** के कार्यालय के और आगे किन्तु उसी पार्श्व में है.

प्र.25. यदि E अपने कार्यालय में गलियारे की ओर मुंह करके बैठता है, तो उसकी बायीं ओर किसका कार्यालय है?
(a) A (b) B (c) C (d) D

प्र.26. F का/के निकटतम पड़ोसी कौन है/हैं?
(a) केवल A (b) A और D
(c) केवल C (d) B और C

निम्नलिखित 7 (सात) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :
नीचे दिए गए चार परिच्छेदों को पढ़िए और परिच्छेदों के नीचे आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए. इन प्रश्नांशों के आपके उत्तर केवल इन परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिएं.

परिच्छेद-1

'मरुभवन (डेज़र्टिफिकेशन)' किसी पारितंत्र की जैव उत्पादकता के ह्रास की उस प्रक्रिया की व्याख्या करने वाला शब्द है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता की संपूर्ण हानि हो जाती है. यद्यपि यह घटना प्रायः शुष्क, अर्धशुष्क और अल्पार्द्र पारितंत्रों से जुड़ी हुई है, तथापि आर्द्र उष्णकटिबंधों में भी इसका प्रभाव अत्यंत नाटकीय हो सकता है. मानव-प्रभावित स्थलीय पारितंत्रों का दरिद्रण (इंपोवरिशमेंट) विविध रूपों में दिख सकता है : त्वरित अपरदन, जैसा कि देश के पर्वतीय क्षेत्रों में है; भूमि का लवणीभवन, जैसा कि देश के अर्धशुष्क और शुष्क 'हरितक्रांति' क्षेत्रों, उदाहरणार्थ हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में है और स्थल गुणता ह्रास, जो कि भारत के सभी मैदानों पर वनस्पति-आच्छादन के व्यापक ह्रास और धान/गेहूं की एकरस एकधान्य कृषि के कारण होने वाली एक आम घटना है. वनोन्मूलन का एक प्रमुख दुष्परिणाम जलविज्ञान में प्रतिकूल परिवर्तनों और संबंधित मृदा और पोषकों की हानियों से संबंधित है. वनोन्मूलन के दुष्परिणाम निरपवाद रूप से अपरदनकारी हानियों के माध्यम से होने वाले स्थल अवक्रमण के कारण उत्पन्न होते हैं. उष्णकटिबंधीय एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में अपरदन उच्चतम स्तर पर हैं. उष्णकटिबंधों पर पहले से ही इसकी उच्च दरें वनोन्मूलन के, और वनों के नष्ट हो जाने के उपरांत किए जाने वाले बेमेल भूमि-प्रबंधन प्रणालियों के कारण चिंताजनक दर से बढ़ रही हैं (उदाहरणार्थ, भारतीय संदर्भ में प्रमुख नदीतंत्रों-गंगा और ब्रह्मपुत्र के माध्यम से). पर्वत के संदर्भ में, पर्वतीय मृदा का कम होता जा रहा आर्द्रता-धारण, हिमालयी क्षेत्र में अंतर्भौम झरनों और अपेक्षाकृत छोटी नदियों के सूखते जाने का श्रेय वन-आच्छादन में आए उग्र परिवर्तनों को दिया जा सकता है. एक अप्रत्यक्ष परिणाम, जल के माध्यम से होने वाले उच्चभूमि-निम्नभूमि की अन्योन्यक्रिया में आया उग्र बदलाव है. असम के चायरोपण करने वालों की तात्कालिक चिंता ब्रह्मपुत्र के कछारों के साथ आने वाले बारम्बार आप्लावन के कारण चाय-बागानों को होने वाली क्षति के बारे में है, एवं चाय-बागान की क्षति और परिणामस्वरूप होने वाली चाय उत्पादकता की हानि, नदीतंत्र के बदलते मार्ग और गाद-भराई (सिल्टेशन) के कारण नदी-तल के बढ़ते जाते स्तर के कारण हैं. स्थल मरुभवन के अंतिम परिणाम हैं : मृदा निम्नीकरण, उपलब्ध जल और उसकी गुणता में परिवर्तन, और इसके परिणामस्वरूप, ग्रामीण समुदाय के आर्थिक कल्याण के लिए आवश्यक खाद्य, चारा और ईंधन-काष्ठ उत्पादन में होने वाला ह्रास.

प्र.27. इस परिच्छेद के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-से वन-आच्छादन में आए ह्रास के परिणाम हैं?
1. उपरिमृदा की हानि
2. अपेक्षाकृत छोटी नदियों की हानि
3. कृषि उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव
4. भौमजल की हानि

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए.
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

प्र.28. इस परिच्छेद से, निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही निष्कर्ष (इंफेरेंस) निकाला जा सकता है/निकाले जा सकते हैं?
1. वनोन्मूलन के कारण नदियों के मार्ग में परिवर्तन हो सकता है.
2. भूमि का लवणीभवन केवल मानवीय क्रियाकलाप के कारण होता है.
3. मैदानों में गहन एकधान्य कृषि-प्रथा, उष्णकटिबंधीय एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में मरुभवन का प्रमुख कारण है.

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए.
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) उपर्युक्त में से कोई भी सही निष्कर्ष नहीं है

प्र.29. 'मरुभवन' के संदर्भ में, जैसा कि परिच्छेद में वर्णन किया गया है, निम्नलिखित पूर्वधारणाएं बनाई गई हैं :
1. मरुभवन, केवल उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों की एक घटना है.
2. बाढ़ और मरुभवन, वनोन्मूलन के अनिवार्य परिणाम हैं.

उपर्युक्त में से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएं वैध है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

परिच्छेद-2

जलवायु परिवर्तन का सामना करने और उत्पादक कृषि, वानिकी तथा मत्स्य पालन को सुनिश्चित करने के लिए प्राकृतिक परिसम्पत्तियों की विविधता की आवश्यकता होगी. उदाहरण के लिए, ऐसी फसल किस्मों की आवश्यकता है जो सूखा, गर्मी और बढ़ी हुई $CO_2$ के अंतर्गत अच्छा निष्पादन करें. लेकिन फसलों को चुनने के लिए निजी-क्षेत्र और किसान-प्रेरित प्रक्रिया अतीत अथवा वर्तमान दशाओं में अपनाई गई एकरूप किस्मों का समर्थन करती है न कि उन किस्मों का जो अपेक्षाकृत गर्म, आर्द्र अथवा शुष्क दशाओं में सतत उच्च उत्पादन देने में समर्थ हैं. वर्तमान फसलों, नस्लों और उनके वन्य संबंधियों के आनुवंशिक संसाधनों की अपेक्षाकृत व्यापक निकायों (पूल) को संरक्षित रखने के लिए त्वरित प्रजनन कार्यक्रमों की आवश्यकता है. अपेक्षाकृत अक्षुण्ण पारितंत्रों, जैसे कि वनारोपित जलग्रहण-क्षेत्र, मैंग्रोव, आर्द्रभूमियां जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को रोक सकते हैं. बदलती हुई जलवायु के अंतर्गत ये पारितंत्र स्वयं संकट में हैं और प्रबंधन उपागमों को अपेक्षाकृत अधिक पूर्व-सक्रिय और अनुकूली बनाना होगा. प्राकृतिक क्षेत्रों के बीच के संयोजनों, जैसे कि प्रवासन गलियारों, की आवश्यकता जातियों की गतिशीलता सुकर बनाने के लिए होगी जिससे कि जलवायु परिवर्तन का सामना किया जा सके.

प्र.30. उपर्युक्त परिच्छेद के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से, जलवायु परिवर्तन का सामना करने के लिए सहायक होंगे?
1. प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण
2. अपेक्षाकृत व्यापक जीन पूल का संरक्षण
3. विद्यमान फसल प्रबंधन पद्धतियां
4. प्रवासन गलियारे

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए.
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

प्र.31. उपर्युक्त परिच्छेद के संदर्भ में, निम्नलिखित पूर्वधारणाएं बनाई गई हैं :
1. जीविका का विविधीकरण, जलवायु परिवर्तन का सामना करने की एक योजना के रूप में कार्य करता है.
2. एकधान्य फसल-पद्धति को अपनाने से पादप किस्में और उनके वन्य संबंधी, समाप्ति की ओर अग्रसर होते हैं.

उपर्युक्त में से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएं वैध है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

परिच्छेद-3

आज शीर्ष पर्यावरणीय चुनौती जन तथा इनकी आकांक्षाओं का समुच्चय है. यदि आकांक्षाएं द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद की किफायती प्रकार की हों, तब बहुत अधिक संभावनाएं बनती हैं, उस दृष्टिकोण की तुलना में जो पृथ्वी को एक विशालकाय शॉपिंग मॉल की भांति देखता है. हमें चमक-दमक के आकर्षण के परे जाना चाहिए तथा यह समझना चाहिए कि पृथ्वी एक जैविक तंत्र की भांति कार्य करती है.

प्र.32. उपर्युक्त परिच्छेद से, निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक निर्णायक और तार्किक निष्कर्ष (इंफेरेंस) निकाला जा सकता है?
(a) पृथ्वी मानव की खाद्य, वस्त्र तथा आश्रय की केवल आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकती है.
(b) पर्यावरणीय चुनौती का सामना करने का एकमेव मार्ग जनसंख्या को सीमित करना है.
(c) हमारे लिए उपभोक्तावाद का कम करना अपने ही हित में है.
(d) केवल जैविक तंत्रों का ज्ञान ही हमें पृथ्वी को बचाने में सहायक है.

परिच्छेद-4

कुछ लोगों का विश्वास है कि नेतृत्व एक ऐसा गुण है जो या तो जन्म से होता है या बिल्कुल नहीं होता. यह सिद्धांत मिथ्या है, क्योंकि नेतृत्व की कला अर्जित की जा सकती है और अवश्य ही सिखाई जा सकती है. यह खोज युद्ध के समय में की गई है और प्राप्त परिणाम प्रशिक्षकों को भी आश्चर्य में डाल सकते हैं. बायें जाने या दायें जाने के विकल्पों का सामना होने पर, हर सैनिक जल्दी ही समझ जाता है कि किसी भी तरफ जाने का एक त्वरित निर्णय लेना अंतहीन चर्चा में लगे रहने से बेहतर है. किसी भी दिशा का एक दृढ़ चुनाव कर लें तो उसमें सही होने का तब भी संयोग हो सकता है जबकि कुछ न करना लगभग निश्चित तौर पर गलत है.

प्र.33. इस परिच्छेद के लेखक का यह मत है कि
(a) नेतृत्व को केवल युद्ध के अनुभव से ही सिखाया जा सकता है
(b) नेतृत्व को अर्जित भी किया जा सकता है साथ ही सिखाया भी जा सकता है
(c) प्रशिक्षण के परिणाम दिखाते हैं कि अपेक्षा से अधिक लोग नेतृत्व अर्जित कर लेते हैं
(d) कठिन प्रशिक्षण के बावजूद बहुत कम नेता बनते हैं

प्र.34. एक संख्या तीन अंकों से बनी है जिनमें मध्य वाला अंक शून्य है और उनका योग 4 है. यदि प्रथम और अंतिम अंकों का विनिमय (इंटरचेंज) करने पर बनी संख्या स्वयं उसी संख्या से 198 अधिक है, तो प्रथम तथा अंतिम अंकों के बीच अंतर है
(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

प्र.35. 3 से. मी. भुजा वाले ठोस घन के सभी फलकों को रंग कर उसे 1 से. मी. भुजा वाले छोटे घनों में काटा गया है. छोटे घनों में से कितने घनों के केवल दो फलक रंगे हुए होंगे?
(a) 12 (b) 8 (c) 6 (d) 4

प्र.36. यदि 700 से 1000 तक सभी संख्याएं लिखी जाएं, तो ऐसी कितनी संख्याएं आती हैं जिनमें सैकड़े का अंक, दहाई के अंक से तथा दहाई का अंक, इकाई के अंक से बड़ा है?
(a) 61 (b) 64 (c) 85 (d) 91

प्र.37. यदि लेखनी < पेंसिल, पेंसिल < पुस्तक तथा पुस्तक > टोपी, तो निम्नलिखित में से कौन-सा एक सदैव सत्य है?
(a) लेखनी > टोपी (b) लेखनी < पुस्तक
(c) पेंसिल = टोपी (d) पेंसिल > टोपी

प्र.38. एक पुस्तक विक्रेता ने रु. x प्रति पुस्तक की दर से भूगोल की 'a' पुस्तकें बेंचीं, रु. (x + 2) प्रति पुस्तक की दर से इतिहास की 'a+2' पुस्तकें बेंचीं तथा रु. (x−2) प्रति पुस्तक की दर से गणित की 'a−2' पुस्तकें बेंचीं. उसकी कुल विक्री (रु. में) कितनी है?
(a) 3x+3a (b) 3ax+8 (c) 9ax (d) $x^2a^3$

प्र.39. किसी झोले में 15 लाल गेंदें और 20 काली गेंदें हैं. प्रत्येक गेंद पर 1 या 2 या 3 की संख्या लिखी है. लाल गेंदों के 20 प्रतिशत पर संख्या 1 तथा उनके 40 प्रतिशत पर संख्या 3 लिखी है. इसी प्रकार, काली गेंदों में 45% पर संख्या 2 तथा 30% पर संख्या 3 लिखी है. एक बालक यदृच्छया एक गेंद निकालता है. यह गेंद यदि लाल है और उस पर 3 की संख्या है अथवा यदि गेंद काली है और उस पर 1 या 2 की संख्या है, तो बालक जीत जाता है. उसके जीतने की प्रायिकता क्या है?
(a) 1/2 (b) 4/7 (c) 5/9 (d) 12/13

प्र.40. दो व्यक्ति A और B किसी वृत्तीय मार्ग पर दौड़ रहे हैं. प्रारंभ में B, A से आगे है तथा उनकी स्थितियां वृत्त के केंद्र पर $30^\circ$ का कोण बनाती है. जब A, उस बिन्दु पर पहुंचता है जो कि उसके प्रारम्भिक बिन्दु से व्यासतः सम्मुख है, तब वह B से मिलता है. A और B की चालों में क्या अनुपात है, यदि वे एकसमान चाल से दौड़ रहे हैं?
(a) 6:5 (b) 4:3 (c) 6:1 (d) 4:2

प्र.41. किसी परीक्षा में पास होने के लिए एक विद्यार्थी को 40 प्रतिशत अंक चाहिएं. मान लीजिए कि उसे 30 अंक मिलते हैं तथा वो 30 अंकों से अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो परीक्षा में अधिकतम अंक कितने हैं?
(a) 100 (b) 120 (c) 150 (d) 300

प्र.42. हॉकी खेलने के लिए 19 लड़के आए हैं. उनमें से 11 हॉकी की कमीज़ पहने हुए हैं और 14 हॉकी की पैंट पहने हुए हैं. एक भी लड़का ऐसा नहीं है जिसने कमीज़ और/या पैंट न पहनी हो. पूरी वर्दी पहने लड़कों की संख्या क्या है?
(a) 3 (b) 5 (c) 6 (d) 8

निम्नलिखित 6 (छः) प्रश्नांशों के लिए निर्देशः
नीचे दी गई जानकारी को पढ़िए और उसके पश्चात आने वाले छः प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए.

A, B, C और D छात्र हैं. वे चार विभिन्न शहरों-P, Q, R और S (अनिवार्यतः इसी क्रम में नहीं) में पढ़ रहे हैं. वे साइंस कॉलेज, आर्ट्स कॉलेज, कॉमर्स कॉलेज और इंजीनियरी कॉलेज (अनिवार्यतः इसी क्रम में नहीं) में पढ़ रहे हैं जो चार विभिन्न राज्यों-गुजरात, राजस्थान, असम और केरल (अनिवार्यतः इसी क्रम में नहीं) में स्थित हैं. यह भी दिया गया है कि-
(i) D असम में पढ़ रहा है
(ii) आर्ट्स कॉलेज शहर S में है, जो राजस्थान में स्थित है
(iii) A कॉमर्स कॉलेज में पढ़ रहा है
(iv) B शहर Q में पढ़ रहा है
(v) साइंस कॉलेज केरल में स्थित है

(क्रमशः)

(पृष्ठ 1 का शेष)

# सिविल सेवा साक्षात्कार के लिए तैयारी

साक्षात्कार के लिए केवल 275 अंक होते हैं. इसमें कोई संदेह नहीं कि मुख्य परीक्षा में आपका प्रदर्शन ही आपकी अंतिम सफलता के लिए महत्वपूर्ण होगा, लेकिन इससे साक्षात्कार के अंकों के महत्व को कम नहीं आंका जा सकता है. साक्षात्कार में प्राप्त अच्छे अंक न केवल आपको आईएएस, आईपीएस और आईएफएस जैसी शीर्ष नौकरियों को प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेंगे, बल्कि आप अपनी पसंद का कैडर भी चुन सकेंगे. इसके अलावा, यह आपको मुख्य परीक्षा में हुए अंकों के किसी भी नुकसान की भरपाई के लिए एक अंतिम अवसर भी प्रदान करता है. किसी कारण से यदि आपने मुख्य परीक्षा में बहुत अच्छे अंक प्राप्त नहीं किए हैं, तो आपके लिए साक्षात्कार अच्छे अंक प्राप्त करने का एक और मौका होता है जिसके जरिए आप कम अंकों के नुकसान की क्षतिपूर्ति कर सकते हैं.

यह बताना सही होगा कि संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा के सभी तीन चरणों में, साक्षात्कार सबसे अधिक अपेक्षित होने के साथ-साथ पूर्वानुमेय भी है. साक्षात्कार के मूल उद्देश्य के बारे में पूरी समझ न रखने वाले लोगों ने इसे अनावश्यक रूप से घबराने वाला बना दिया है. जबकि प्रारंभिक परीक्षा सबसे अप्रत्याशित, मुख्य परीक्षा अपेक्षाकृत अधिक प्रत्याशित और साक्षात्कार सबसे अधिक पूर्वानुमेय है. मैं इसे पूर्वानुमेय कहता हूं क्योंकि यह एक अपेक्षित पैटर्न पर होता है. इसमें आपके जीवन वृत्त, पृष्ठभूमि, पिछली नौकरी, शैक्षणिक उपलब्धियों आदि के लिए अप्रासंगिक विषयों पर सवाल नहीं पूछे जाएंगे.

यहां तक कि सामाजिक, आर्थिक, शासन विधि और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी पूर्वानुमानित के अनुरूप प्रश्न किए जाएंगे. इसलिए, आपसे जो पूछा जाएगा वह समस्या नहीं है, आप जो जवाब देंगे वह समस्या बन सकती है. सामान्य बोध के आधार पर उम्मीदवार साक्षात्कार के दौरान बड़ी संख्या में मुद्दों पर प्रश्न पूछने की उम्मीद कर सकता है. बेशक, कुछ अप्रत्याशित प्रश्न पूछे जा सकते हैं जो आपको आश्चर्यचकित कर सकते हैं लेकिन किसी भी साक्षात्कार में आप अपनी अपेक्षा के अनुरूप ही सभी सवाल पूछे जाने की उम्मीद तो नहीं कर सकते और वास्तव में इससे कोई फर्क भी नहीं पड़ता. यहां तक कि अगर आप ऐसे कई सवालों के जवाब नहीं जानते हैं, जिनकी आप उम्मीद नहीं करते थे, तो भी साक्षात्कार में अधिक अंक प्राप्त करने की आपकी संभावनाओं को तब कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा यदि आपने मजबूत पकड़ वाले अपने विषयों में अच्छा प्रदर्शन किया हो. यह याद रखना बेहद जरूरी है कि बोर्ड आपका उस बारे में परीक्षण करेगा जो आप जानते हैं न कि उस बारे में जो आप नहीं जानते हैं. यह आपके व्यक्तित्व का प्रदर्शन है जो प्रारंभिक और मुख्य परीक्षाओं में पहले ही परखे जा चुके ज्ञान और जानकारी के विनिमय से अधिक मायने रखता है.

यह बताता है कि कुछ उम्मीदवारों को क्यों लगता है कि उन्होंने सभी सवालों के जवाब दिए हैं लेकिन उन्हें औसत अंक मिले हैं, जबकि जो लोग महसूस करते हैं कि वे कई सवालों के जवाब नहीं दे पाए हैं उन्हें उनसे अधिक अंक प्राप्त होते हैं. बोर्ड आपको प्रश्न-उत्तर सत्र में बिल्कुल भी उलझा नहीं रहा होता बल्कि, आप आधा घंटे तक बोर्ड के साथ स्पष्ट बातचीत करते हैं, जिस दौरान आपको अपने विचारों, मूल्यों, चारित्रिक गुणों और एक सफल सिविल सेवक की अन्य विशेषताओं को दर्शाना होता है. बातचीत के दौरान इन गुणों का मूल्यांकन किया जाएगा. यही कारण है कि मैं हमेशा इस बात पर जोर देता हूं कि साक्षात्कार में आपके सच्चे, प्रामाणिक व्यक्तित्व का आंकलन किया जाता है. इस तरह, साक्षात्कार एक असाधारण क्षण नहीं है, लेकिन एक वास्तविक स्थिति है जहां आप विभिन्न पृष्ठभूमि के वरिष्ठ व्यक्तियों के साथ बातचीत करते हैं.

**साक्षात्कार सत्र के दौरान परीक्षण किए जाने वाले गुण:** संघ लोक सेवा आयोग ने अपनी आधिकारिक अधिसूचना में, परखे जाने वाले निम्नलिखित गुणों का उल्लेख किया है.

1. **मानसिक सतर्कता:** एक सतर्क दिमाग एक जिज्ञासु और अन्वेषणशील दिमाग है. उदाहरण के लिए, कोरोना महामारी की दूसरी लहर के बारे में आप कितने सतर्क हैं, इसका परीक्षण करने के लिए आपसे इसके नए वायरस, उसकी घातकता और टीकों की प्रभावकारिता आदि पर सवाल पूछे जा सकते हैं.
2. **आत्मसात करने की महत्वपूर्ण शक्ति:** इसका अर्थ है उपलब्ध जानकारी का संश्लेषण करना. फिर से कोरोना संकट के संदर्भ में पूछा जा सकता है कि आप इसकी दूसरी लहर को कैसे देखते हैं, पहली लहर से इसकी कैसे तुलना करते हैं और पिछली गलतियों से क्या सीख मिलती है.
3. **स्पष्ट और तार्किक अभिव्यक्ति:** यह तर्क और स्पष्टता के साथ वर्णन करने की आपकी क्षमता है.
4. **विचार संतुलन:** यह कोई कठोर फैसला लेने के बजाय इसके विभिन्न पहलुओं को संतुलित करके मुद्दों के बारे में निर्णय की आपकी विशेषता है.
5. **गहराई और रुचि की विविधता:** इसका मतलब है कि आपके सामने रखे गए मुद्दों में वास्तव में आपकी गहरी दिलचस्पी है. उदाहरण के लिए, भारतीय लोकतंत्र को हाल के समय में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षणों द्वारा खराब रैंकिंग में दिखाया गया है. इस पर आपके पास इसका व्यापक ज्ञान होना चाहिए यानी दुनिया भर के लोकतांत्रिक देशों में क्या हो रहा है, दूसरे, आपको यह समझने में गहरी रुचि होनी चाहिए कि 1947 के बाद भारतीय लोकतंत्र कैसे विकसित हुआ है, इसकी कमजोरियां तथा ताकत क्या रहीं और इसे फिर से मजबूत करने के उपाय.
6. **सामाजिक सामंजस्य और नेतृत्व की क्षमता:** सिविल सेवाओं में नेतृत्व की गुणवत्ता एक प्रमुख आवश्यकता है. इसका मतलब है कि आप शासन देने में नेतृत्व कैसे कर सकते हैं और सिविल सेवाएं प्रदान करते समय आप सामाजिक अपेक्षाओं पर किस प्रकार खरा उतर सकते हैं.
7. **बौद्धिक और नैतिक समग्रता:** बौद्धिक समग्रता से विश्वास, सत्यवादिता, ईमानदारी के मूल्यों का पता चलता है, जबकि हमेशा सही काम करने के लिए चरित्र, क्षमता, ज्ञान की नैतिक शुचिता का होना जरूरी है.

उपर्युक्त विशेषताओं को साक्षात्कार के दौरान एक-एक करके नहीं आंका जाएगा, बल्कि बातचीत में प्रस्तुत आपके दृष्टिकोण, मनोभाव, विश्लेषण से एक समग्र दृष्टिकोण लिया जाएगा.

यह बहुत स्पष्ट होना चाहिए कि साक्षात्कार प्रश्न-उत्तर प्रारूप में बिल्कुल भी नहीं लिया जाता है. यह एक संवादात्मक सत्र है जो स्वाभाविक और मुक्त भाव से आगे बढ़ता है. बोर्ड के सदस्य आपको सहज महसूस कराते हुए धीरे-धीरे जीवंत बातचीत में संलग्न करते हैं.

**आईएएस साक्षात्कार निम्न के बारे में नहीं है:**

- मात्र प्रश्न-उत्तर सत्र
- ज्ञान और सूचनाओं के पुलिंदे का परीक्षण
- कठिन प्रश्नों द्वारा आपको दबाने का प्रयास
- आपसे असाधारण अपेक्षाएं रखना

**आईएएस साक्षात्कार निम्न के बारे में है:**

- आपकी सत्यता, प्रामाणिकता का मूल्यांकन करना
- एक संवादात्मक, मैत्रीपूर्ण बातचीत
- महत्वपूर्ण मुद्दों पर आपकी राय और निर्णय को जानना
- आपके व्यक्तित्व की विशेषताओं के बारे में जानना

**यह सब कैसे शुरू होता है:** जब आप बोर्ड के सामने प्रस्तुत होते हैं, तो आप पाएंगे कि पांच सदस्य बैठे हैं जो आपका स्वागत करते हैं. बोर्ड के अध्यक्ष आपके विस्तृत आवेदन प्रपत्र से कुछ सामान्य प्रश्न पूछेंगे. कुछ मिनटों के बाद, वह किसी अन्य सदस्य से प्रश्न पूछने का अनुरोध करेंगे और इस तरीके से यह सिलसिला आगे बढ़ेगा. बोर्ड आपकी शिक्षा, रुचियों, उपलब्धियों, नौकरियों के बारे में यदि कोई हो तो और आप किस राज्य से आते हैं, इस बारे में जानकारी चाहता है. इस तरह के प्रश्नों के पूरा हो जाने के बाद, वे उन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो सुर्खियों में हैं. यह इससे शुरू हो सकता है जैसे कोविड संकट और उसके बाद भारत का स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचा, वैक्सीन कूटनीति आदि. इन सवालों के बाद अन्य क्षेत्रों और विषयों पर प्रश्न पूछे जाते हैं. अधिकतर प्रश्न केवल ज्ञात विषयों के बारे में होंगे. लगभग तीस मिनट में, वे सत्र का समापन करेंगे और आपको वापस जाने के लिए कहेंगे. आपके प्रदर्शन पर चर्चा करने के बाद, बोर्ड आपको दिए जाने वाले अंकों के बारे में आम सहमति पर पहुंचता है.

**साक्षात्कार की तैयारी:** आपका साक्षात्कार हालांकि आपके द्वारा अपने जीवन में अब तक हासिल की गई और सीखी गई बातों का परिणाम है, फिर भी, आप साक्षात्कार देने से कुछ दिन पहले निम्नलिखित पहलुओं पर विचार कर सकते हैं.

1. **शिष्टता और सभ्याचार:** शालीनता, विनम्रता, विनय, सकारात्मक भावभंगिमाएं, सदस्यों के साथ अच्छा दृष्टि संपर्क

2. **विस्तृत आवेदन प्रपत्र की जानकारी:** विस्तृत आवेदन प्रपत्र में आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी होती है, इसलिए इस पर आधारित प्रश्नों के बारे में बहुत सावधानी से तैयारी करना महत्वपूर्ण है.

3. **अपने राज्य की जानकारी:** अपने राज्य में सरकार की विकास योजनाओं के बारे में जानने के लिए उसकी वेबसाइट की सहायता लें. अपने राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण देखें. राज्य के प्रमुख ताजा मुद्दों को लिखें और राज्य के भूगोल, संस्कृति और इतिहास पर ध्यान दें.

4. **करंट अफेयर्स:** स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, समाज, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों, शासन जैसे शीर्षकों के तहत वर्तमान मुद्दों की एक सूची बनाएं और फिर इन पर अपनी राय तैयार करें.

**साक्षात्कार के लिए महत्वपूर्ण सलाह**

1. **बोर्ड के सामने अपने स्वाभाविक और सच्चे स्वरूप को प्रस्तुत करें:** असाधारण और अपने से अलग दिखने की कोशिश न करें. वास्तव में जैसे हैं वैसे ही स्वयं को प्रस्तुत करें. बोर्ड आपसे यही उम्मीद करता है.
2. **ईमानदार रहें:** कभी भी झांसा देने की कोशिश न करें. ईमानदारी सबसे अच्छी नीति है. यदि आप को किसी विषय की जानकारी नहीं है तो इसे ईमानदारी से स्वीकार करें.
3. **इतने सारे नकली इंटरव्यू बोर्ड से भ्रमित न हों:** सिविल सेवा साक्षात्कार का अनुभव या वास्तविक ज्ञान न रखने वाले लोग भ्रामक सलाह देते रहते हैं. आपको इन सुझावों पर ध्यान देना चाहिए.
4. **दर्पण के सामने अभ्यास करें:** अपने साक्षात्कार से ठीक पहले, किसी भी मुद्दे पर पांच मिनट तक दर्पण के सामने अपने विचार अभिव्यक्त करने का अभ्यास करें. इससे आपके उच्चारण, अभिव्यक्ति और वॉइस मॉड्यूलेशन में सुधार होगा.

**लेखक एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् और साक्षात्कार परामर्शदाता हैं. ई-मेल: sb_singh2003@yahoo.com**

व्यक्त विचार व्यक्तिगत हैं.

(चित्र: गूगल के सौजन्य से)

अब उपलब्ध है...




इकोनॉमिक सर्वे 2020-21 (अंग्रेजी संस्करण)
मूल्य -₹ 595/- (पूरा सेट वाल्यूम-1 और 2)

**भारत के आर्थिक विकास की गहन समीक्षा से युक्त इस पुस्तक में देश के औद्योगिक, कृषि, विनिर्माण इत्यादि सभी क्षेत्रों के विस्तृत सांख्यिकीय आंकड़े दिए गए हैं।**

आज ही नज़दीकी पुस्तक विक्रेता से खरीदें

**ऑर्डर के लिए संपर्क करें :**
फोन : 011-24365609
ई-मेल : businesswng@gmail.com
वेबसाइट : publicationsdivision.nic.in

प्रकाशन विभाग
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार
सूचना भवन, सी जी ओ कॉम्पलेक्स,
लोधी रोड, नई दिल्ली -110003

ट्विटर पर फॉलो करें @DPD_India

## रोज़गार समाचार


**अंबरीश बी. किशोर**
महा प्रबंधक (प्रभारी)/वरिष्ठ संपादक
**जयसिंह,** संपादक
**गौरव शर्मा,** संपादक (प्रसार)
**इकरा फैयाज़ खान**
संपादक (विज्ञापन)
**के. रामालिंगम,** उत्पादन अधिकारी
**गणेशी लाल**
तकनीकी सहायक (उत्पादन)
**पी. के. मंडल,** वरिष्ठ कलाकार

पता : रोज़गार समाचार
सातवां तल , सूचना भवन
सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड
नई दिल्ली-110003
प्रसार :
sec-circulation-moib@gov.in
विज्ञापन :
sec-advertise-moib@gov.in

संपादकीय : 24369443
विज्ञापन : 24369429/30
टेलीफैक्स : 24369430
प्रसार : 24365610
लेखा (विज्ञा.) : 24369419

# प्रधानमंत्री की 'परीक्षा पे चर्चा 2021' के प्रमुख अंश

परीक्षा पे चर्चा के चतुर्थ संस्करण के दौरान वर्चुअल आयोजन में प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को कई तरह के टिप्स और अमूल्य सुझाव दिए. प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध होने की बात कही है. अपने संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने अभिभावकों को भी नसीहत देते हुए कहा कि बच्चों पर अपने सपनों को थोपना नहीं चाहिए. अपने बच्चे के साथ उसकी जनरेशन की बातों में दिलचस्पी दिखानी चाहिए. अगर, आप उसके आनंद में शामिल होंगे, तो आप देखिएगा जनरेशन गैप कैसे खत्म हो जाएगा.




**प्रमुख टिप्स**

- 'परीक्षा पे चर्चा' सिर्फ परीक्षा की ही चर्चा नहीं है. बहुत कुछ बातें हो सकती हैं. एक हल्का-फुल्का माहौल बनाना है. एक नया आत्मविश्वास पैदा करना है.
- आपको डर एग्जाम का नहीं है. आपको डर किसी और का है, और वो क्या है? आपके आसपास एक माहौल बना दिया गया है, कि यही एग्जाम सब कुछ है, यही ज़िंदगी है.
- जब पढ़ाई की बात हो, तो कठिन जो है उसको पहले लीजिए, आपका mind fresh है, आप खुद fresh हैं, उसको अटेंड करने का प्रयास कीजिए, जब कठिन को अटेंड करेंगे तो सरल तो और भी आसान हो जाएगा.
- इतनी बड़ी विश्व व्यवस्था, इतना लंबा मानव इतिहास, इतनी तेज़ी से हो रहे परिवर्तन, बहुत सारे अवसर लेकर के आते हैं. हमें अपनी जिज्ञासा का दायरा बहुत बड़ा करने की आवश्यकता है, उसको विस्तार देने की आवश्यकता है. और इसलिए दसवीं क्लास में, बारहवीं क्लास में भी आप अपने आसपास के जीवन को Observe करना सीखिए. आपके आसपास इतने सारे प्रोफेशन हैं, Nature of Jobs हैं, और बदलते हुए Nature of Jobs हैं, खुद को train करिए, अपनी skill बढ़ाइए, और उसका लाभ उठाइए.
- वो बातें जिनसे आप पूरी तरह जुड़ गए हैं, मग्न हो गए हैं. वो बातें जो आपका हिस्सा बन गई हैं, आपके विचार प्रवाह का हिस्सा बन गई हैं. उन्हें आप कभी नहीं भूलते हैं. दूसरे शब्दों में कहूं तो ये memorized नहीं है, actually ये Internalised हैं. और Internalised करना, यही इसका एक अच्छा रास्ता है और इसलिए आपको याद करने पर जोर देने के बजाय, आपको उसे जीने की कोशिश करनी चाहिए, सहजता, सरलता, समग्रता के साथ.
- आपका मन अशांत रहेगा, चिंता में रहेगा, आप घबराए हुए रहेंगे तो इस बात की संभावना बहुत ज्यादा होगी कि जैसे ही आप Question Paper देखेंगे, कुछ देर के लिए सबकुछ भूल जाएंगे. इसका सबसे अच्छा उपाय यही है कि आपको अपनी सारी टेंशन परीक्षा हॉल के बाहर छोड़कर जाना चाहिए.
- कोरोना काल में अगर काफी कुछ खोया है, तो बहुत कुछ पाया भी है. कोरोना काल ने ये भी दिखाया है कि एक संयुक्त परिवार की ताकत क्या होती है, घर के बच्चों के जीवन निर्माण में उनका कितना रोल होता है.
- आपके जीवन की सफलता और विफलता का पैमाना सिर्फ यही एकमात्र नहीं हो सकता. आप जो जीवन में करेंगे, वो आपकी सफलता और असफलता को तय करेंगे. आप लोगों के प्रेशर, सोसाइटी के प्रेशर, माता-पिता के प्रेशर, इन सबसे बाहर निकलिए.
- आपको एक बड़े एग्जाम के लिए तैयार करना चाहता हूं. ये बड़ा एग्जाम है जिसमें हमें शत-प्रतिशत marks लेकर पास होना ही है. ये है - अपने भारत को आत्मनिर्भर बनाना. ये है - वोकल फॉर लोकल को जीवन मंत्र बनाना. हमारा देश आज़ादी के 75 साल के उपलक्ष्य में आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है. अमृत महोत्सव में हमारे स्वाधीनता सेनानियों के बारे में आप सब लोग जानें, आज़ादी की लड़ाई के बारे में जानें.

(स्रोत : पसूका)

---

रिक्ति सूचना संख्या 1-01/2021 प्र. एवं का.

## भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग
पुराना मिंटो रोड, जाकिर हुसैन कॉलेज के समीप
नई दिल्ली-110002

सत्यमेव जयते

TRAI

**विषय: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, मुख्यालय नई दिल्ली में प्रधान सलाहकार (वित्तीय एवं आर्थिक विश्लेषण) के पद को अन्यत्र सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रण के संबंध में-आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि का विस्तार.**

उक्त विषयक भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली के सम परिपत्र दिनांक 01 फरवरी 2021 एवं 10 मार्च 2021 के संदर्भ में, जिसके अंतर्गत भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अपने नई दिल्ली मुख्यालय में निम्नलिखित पद को अन्यत्र सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए हैं:-

| पद का नाम | वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन |
|---|---|
| प्रधान सलाहकार (वित्तीय एवं आर्थिक विश्लेषण) | सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के तहत वेतन मैट्रिक्स के वेतन लेवल-15 (पूर्व संशोधितः एचएजी रुपये 67000-वार्षिक वेतन वृद्धि @3%-79000) |

**2. प्रधान सलाहकार (वित्तीय एवं आर्थिक विश्लेषण) के पद हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि को 20 अप्रैल, 2021 तक बढ़ाया गया है.**

3. अन्य विवरण तथा आवेदन प्रपत्र, भादूविप्रा की वेबसाइट **www.trai.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है.

डीएवीपी 06202/11/0002/2122 रो.स. 3/51

---

**फा. सं. 35-1/2021-टीएस. III**
**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**

## उच्चतर शिक्षा विभाग

**08 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) प्रत्येक में आगामी रिक्तियों के लिए निदेशक की नियुक्ति**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी)-इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश), जयपुर (राजस्थान), जालंधर (पंजाब), कुरुक्षेत्र (हरियाणा), राउरकेला (ओडिशा), सूरत (गुजरात), तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु) और मिजोरम प्रत्येक में निदेशक के एक-एक पद हेतु आगामी रिक्तियों को नियमों के अधीन केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति के समकक्ष यथा स्वीकार्य रु. 11,250/- प्रतिमाह के विशेष भत्ते सहित रु. 2,10,000/- (निश्चित) के नियत वेतनमान पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

एनआईटी के निदेशक से अकादमिक के साथ-साथ प्रशासनिक प्रमुख होने के नाते यह अपेक्षा की जाती है कि उनकी नेतृत्व गुणों के साथ प्रमाणित प्रशासनिक, शिक्षण और अनुसंधान की पृष्ठभूमि (पीएच.डी. स्तर पर अनुसंधान मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण अनुभव सहित) हो. नियुक्ति, अनुबंध के आधार पर पांच वर्ष की अवधि के लिए या 70 वर्ष की आयु की प्राप्ति तक, जो भी पहले हो, की जाएगी.

पात्र/इच्छुक व्यक्ति **www.nitcouncil.org.in** पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. ऑनलाइन आवेदन विंडो **10.04.2021 से 10.05.2021 तक 12:00 बजे मध्यरात्रि तक** खोली जाएगी. दोनों तिथियां शामिल हैं.

यदि अंग्रेजी संस्करण और हिंदी संस्करण के बीच कोई असंगतता या अस्पष्टता है, तो अंग्रेजी संस्करण प्रबल होगा. अन्य आवश्यक जानकारी के साथ विस्तृत विज्ञापन वेबसाइट **http://education.gov.in** और **www.nitcouncil.org.in** पर दिए गए हैं.

डीएवीपी 21312/11/0001/2122 रो.स. 3/63

---

CONVERGENCE energy simplified

EESL **एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज़ लिमिटेड**
(विद्युत मंत्रालय, के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का एक संयुक्त उपक्रम)

# कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज़ लिमिटेड

(ईईएसएल की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी)

द्वितीय तल, एनएफएल भवन, कोर-III स्कोप काम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003

**संदर्भ सं.: ईईएसएल/मा.सं./0324/05**

## फ्रन्ट आफिस (संविदा)-प्रमुख की भर्ती

कन्वर्जेस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) एक नव स्थापित एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। ईईएसएल भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है। सीईएसएल स्वच्छ, वहनीय और विश्वसनीय ऊर्जा की प्रदायगी पर केन्द्रित है। कन्वर्जेस नवीकरणीय ऊर्जा, ई-वाहन और जलवायु परिवर्तन जैसे ऊर्जा समाधानों पर आधारित है। यह भारत में लघु बचत ग्रामीण समुदायों के लिए विकेन्द्रित सौर विकास अनुभव और बीतते समय के साथ बैटरी एनर्जी स्टोरेज के उपयोग पर निर्मित है, इसके माध्यम से गांवों में विद्युत कृषि पंपों, स्ट्रीट लाइटिंग, घरेलू लाइटिंग और भोजन पकाने के उपकरणों को नवीकरणीय ऊर्जा प्रदान की जाएगी। सीईएसएल बैटरी से चलने वाले वाहनों को भी सक्षम बनाने के लिए कार्य करेगी तथा इसकी मूल संरचना एवं डिजाइन व्यापार मॉडल से भारत में विद्युत वाहनों को आगे बढ़ाया जाएगा। बड़े पैमाने पर इन समाधानों के वाणिज्यीकरण को सक्षम बनाने के लिए कन्वर्जेस में ऐसे व्यापार मंडलों को अपनाया जाएगा जिनमें रियायती तथा वाणिज्यिक पूंजी, कार्बन वित्त और अनुदानों के मिश्रण को समुचित रुप से उपयोग किया जाएगा।

सीईएसएल में ऊर्जावान, प्रतिबद्ध पेशवरों की आवश्यकता है। इच्छुक उम्मीदवार केवल ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन को स्वीकार नहीं किया जायेगा और उसे तुरन्त खारिज कर दिया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **1 अप्रैल, 2021 से 21 अप्रैल, 2021 को रात्रि 10.00 बजे** तक है।

| पद | विवरण | आयु (दिनांक 1 अप्रैल 2021) | शैक्षणिक योग्यता | शैक्षणिक योग्यता पश्चात संबंधित अनुभव* | वेतन संरचना/सीटीसी |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रमुख-फ्रन्ट आफिस | पद-1 (संविदा) | 42 | लोक नीति में पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री | शैक्षणिक योग्यता पश्चात न्यूनतम 7 वर्षों का संबंधित अनुभव' (विवरण जैसे संबंधित अनुभव हमारी वेबसाइट पर विस्तृत रुप में विज्ञापन के तहत उल्लिखित है) | लगभग रु. 16 लाख रुपये प्रति वर्ष सीटीसी, प्रदर्शन संबंधी भुगतान, छुट्टीयां, लैपटॉप, डेटा कार्ड आदि को छोड़कर |

(*अध्यापन अनुभव को छोड़कर अनुभव)

विस्तृत विवरण के लिए हमारी वेबसाइट के मानव संसाधन अनुभाग (सीईएसएल अवसर) दिनांकः 01.04.2021 से देखें। **www.eeslindia.org** रो.स. 3/53

दिल्ली पोस्टल पंजीकरण संख्या डीएल-एसडब्ल्यू-05/4100/18-20 यू (सी) 107/18-20 पूर्व शुल्क के बिना डाक में डालने की अनुमति आरएनआई. 28729/1976 दिल्ली आरएमएस, दिल्ली-110006 17/19.4.2021 (₹ 12) प्रकाशन तिथि : 12.4.2021

श्रीनगर, लेह, कालिमपोंग, इम्फाल, दीमापुर, अगरतला, दुलियाजॉन, करीमगंज, छाबुआ, दीफू, डिब्रूगढ़, तेजपुर, हेल्लाकांडी, मरियानी, जोरहाट, शिलांग, डिगबोई, सिल्चर तथा पोर्टब्लेयर के लिए विमान सेवा 20 पैसे अतिरिक्त



# समाचार सारांश

## राष्ट्रीय

### प्रधानमंत्री ने किया टीका उत्सव मनाने का आह्वान



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 11 से 14 अप्रैल तक सामूहिक टीकाकरण कार्यक्रम और टीका उत्सव मनाया गया. 11 अप्रैल को ज्योतिबा फुले की और 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर की जयंती होती है. श्री मोदी ने युवाओं से आग्रह किया कि वे कोविड के टीके के लिये पंजीकरण में बुजुर्गों और अन्य जरूरतमंदों की मदद करें. प्रधानमंत्री कोविड से पैदा स्थिति पर 08 अप्रैल को मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये विचार-विमर्श कर रहे थे. उन्होंने कोविड-19 के बढ़ते मामलों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के लिये माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाने की जरूरत पर जोर दिया. इस बीच केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्ष वर्द्धन ने कोविड-19 पर मंत्री समूह की 24वीं बैठक में बताया कि देश में 15 हजार से ज्यादा समर्पित स्वास्थ्य सेवा सुविधाएं काम कर रही हैं. उन्होंने बताया कि देश भर में कोविड के मरीजों के लिये 18 लाख से ज्यादा बिस्तर मौजूद हैं.

### न्यायमूर्ति एनवी रमण होंगे भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश



उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश नूतलपति वेंकट रमण को भारत का अगला मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) नियुक्त किया गया है. वह 24 अप्रैल को 48वें सीजेआई का कार्यभार संभालेंगे. मौजूदा सीजेआई एसए बोबड़े उससे एक दिन पहले अपने पद से अवकाश ग्रहण करेंगे. न्यायमूर्ति रमण 26 अगस्त, 2022 को अवकाश ग्रहण करेंगे.

### देश में ट्रेन सेवाएं रोकने की योजना नहीं

रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सुनीत शर्मा ने कहा है कि देश में ट्रेन सेवाओं को रोकने या उनमें कटौती करने की कोई योजना नहीं है. श्री शर्मा ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि रेल मंत्रालय को महाराष्ट्र सरकार से राज्य में ट्रेनों की आवाजाही रोकने या उसमें कटौती करने का कोई अनुरोध नहीं मिला है. उन्होंने कहा कि यात्रियों की बड़ी संख्या को देखते हुए रेल मंत्रालय उनसे कोविड के संक्रमण से मुक्त होने का प्रमाणपत्र मांगने की स्थिति में नहीं है.

## अंतरराष्ट्रीय

### भारत ने जी 20 से कहा, टीकों का व्यापक वितरण सुनिश्चित करें



भारत ने जी 20 के सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि वे टीकों का न्यायसंगत और व्यापक वितरण सुनिश्चित करें. वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने जी 20 के वित्त मंत्रियों और केन्द्रीय बैंक के गवर्नरों की दूसरी बैठक में आभासी माध्यम से हिस्सा लेते हुए कहा कि भारत ने देश में तेजी से टीकाकरण का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम शुरू किया है. उन्होंने कहा कि खासतौर से मौजूदा विश्वस्तरीय महामारी के दौरान भारत टीकों और चिकित्सा उत्पादों के प्रमुख वैश्विक उत्पादक के रूप में उभरा है. उन्होंने बताया कि भारत में मौजूदा टीकाकरण अभियान में 8.7 करोड़ से ज्यादा नागरिकों को कोविड का टीका लगाया जा चुका है. देश ने अब तक 84 देशों को कोविड के टीके की 6.4 करोड़ से ज्यादा खुराकों की आपूर्ति की है जिनमें से एक करोड़ खुराकें अनुदान के रूप में दी गयी हैं.

### ईरान और अमरीका से अलग-अलग मिले बड़ी शक्तियों के राजनयिक

बड़ी शक्तियों के राजनयिकों ने 2015 के परमाणु समझौते से अमरीका और ईरान को फिर से जोड़ने की अपनी कोशिशों के तहत दोनों देशों के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग मुलाकातें की हैं. अमरीका और ईरान में से किसी को भी विएना में 06 अप्रैल को शुरू हुई बातचीत के जल्दी नतीजे तक पहुंचने की उम्मीद नहीं है. अमरीका से सीधे बातचीत करने से ईरान के इनकार के कारण यूरोपीय और अन्य राजनयिक मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं. 2015 के समझौते के तहत ईरान के अपने परमाणु कार्यक्रम पर अंकुश लगाने के बाद उसके खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध हटा दिये गये थे. अमरीका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने 03 साल पहले अपने देश को इस समझौते से अलग करते हुए ईरान पर अमरीकी प्रतिबंधों को फिर से लागू कर दिया था. इसके जवाब में ईरान ने भी समझौते में तय परमाणु सीमा का उल्लंघन किया. समझौते के अन्य पक्ष ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, जर्मनी और रूस 06 अप्रैल को दो विशेषज्ञ स्तरीय समूह बनाने पर सहमत हुए. इन समूहों का काम उन प्रतिबंधों की सूची तैयार करना है जिन्हें ईरान के परमाणु शर्तों का पालन करने की स्थिति में अमरीका हटा सकता है.

## अर्थव्यवस्था

### वित्त वर्ष 2021-22 के लिए आईएमएफ ने भारत के विकास अनुमान को बढ़ा कर 12.5 प्रतिशत किया

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी ताजा विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में 2021-22 के लिये भारत की विकास दर के अपने अनुमान को बढ़ाते हुए 12.5 प्रतिशत कर दिया है. यह इसी साल जनवरी में प्रकाशित उसकी पिछली रिपोर्ट के अनुमान से 01 प्रतिशत अधिक है. वॉशिंगटन स्थित इस अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान ने अनुमान लगाया है कि पिछले वित्त वर्ष में भारत के विकास में 08 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जायेगी. लेकिन 2022 में शुरू हो रहे अगले वित्त वर्ष के लिये उसने 6.9 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान जाहिर किया है. आईएमएफ ने कहा है कि मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की मुद्रास्फीति दर भी घट कर 4.9 प्रतिशत होगी.

### रेपो और रिवर्स रेपो दरों में परिवर्तन नहीं



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर 4 प्रतिशत और रिवर्स रेपो दर 3.35 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का सर्वसम्मति से फैसला किया है. आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने द्वैमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि विकास बरकरार रखने और अर्थव्यवस्था पर कोविड-19 के दुष्प्रभाव को खत्म करने के लिये जब तक जरूरी होगा, उदार रुख को जारी रखा जायेगा. समिति के फैसले के अनुसार साथ ही यह सुनिश्चित किया जायेगा कि महंगाई भी लक्ष्य के अंदर ही रहे.

### एटीएम से निकाली जा सकेगी कैश वॉलेट की रकम



विभिन्न कैश वॉलेट में रखी गयी रकम को जल्दी ही एटीएम और पीओएस टर्मिनलों के जरिये निकाला जा सकेगा. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद यह घोषणा की. आरबीआई ने मौजूदा समय में दिल्ली मेट्रो कार्ड, एमेजॉन पे, फोन पे, ओला मनी और मोबीक्विक समेत 35 पीपीआई को मंजूरी दे रखी है. इन वॉलेटों में रखी गयी रकम का इस्तेमाल ऑनलाइन लेन-देन करने के अलावा इसे दूसरे वॉलेट या बैंक खाते में भेजा जा सकता है. आरबीआई ने पूर्ण केवाईसी पीपीआई के लिये पारस्परिकता अनिवार्य बनाने का भी प्रस्ताव किया है. इसके अलावा आरबीआई ने इन वॉलेटों तथा क्रेडिट और प्रीपेड कार्डों को धन के हस्तांतरण के लिये आरटीजीएस और एनईएफटी के इस्तेमाल की इजाजत भी दी है.

## खेल

### इंडियन प्रीमियर लीग, 2021 शुरू

क्रिकेट में, 14वीं इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 09 अप्रैल को शुरू हो गयी. आईपीएल, 2021 का पहला मैच पिछली चैम्पियन मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर के बीच चेन्नै में खेला गया. लीग का फाइनल मैच 30 मई को अहमदाबाद में होगा. इस प्रतियोगिता के कार्यक्रम की घोषणा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 07 मार्च को की थी. लीग के मैच मुंबई, चेन्नै, दिल्ली, अहमदाबाद, कोलकाता और बेंगलूर में खेले जायेंगे. कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए फैसला किया गया है कि मैचों के दौरान स्टेडियम में दर्शक मौजूद नहीं होंगे.

### टोक्यो ओलंपिक में नौकायन में भारत ने स्थान बनाया




भारत के चार खिलाड़ियों ने इस साल के टोक्यो ओलंपिक में जगह बनाते हुए इतिहास कायम किया है. विष्णु सर्वनन तथा गणपति चेंगप्पा और वरुण ठक्कर की जोड़ी ने ओमान में जारी एशियाई क्वालिफायर्स के दौरान यह उपलब्धि हासिल की. इससे पहले नेत्रा कुमानन ओलंपिक के लिये क्वालिफाई करने वाली पहली भारतीय महिला नाविक बनीं. उन्होंने लेजर रेडियल स्पर्धा में चोटी पर रहते हुए यह कामयाबी प्राप्त की.

### दुबई पैरा-बैडमिंटन में 20 पदकों के साथ भारत चोटी पर



मौजूदा विश्व चैम्पियन प्रमोद भगत की दो सुनहरी कामयाबियों के साथ भारत ने तीसरे शेख हमदान बिन अल मकतूम दुबई पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल, 2021 में अपने अभियान का शानदार समापन किया. भारत के लिये दो अन्य स्वर्ण पदक कृष्णा नागर और प्रेम कुमार आले ने संयुक्त एसएच 6 और मिश्रित युगल डब्ल्यूएच 1-डब्ल्यूएच 2 में जीते. भारत कुल 20 पदकों (04 स्वर्ण, 06 रजत और 10 कांस्य) के साथ पदक तालिका में चोटी पर रहा. दूसरे नंबर की टीम फ्रांस को 04 स्वर्ण, 02 रजत और 02 कांस्य तथा तीसरे स्थान पर मलेशिया को 03 स्वर्ण, 01 रजत और 03 कांस्य पदक मिले.

(चित्र सौजन्य : गूगल)

प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के लिए, मोनीदीपा मुखर्जी महानिदेशक द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित और अमर उजाला लि., सी-21 और 22, सेक्टर-59, नोएडा-201301 में मुद्रित,
रोजगार समाचार (सूचना और प्रसारण मंत्रालय) सातवां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 द्वारा प्रकाशित, संपादकः जयसिंह